# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 30 अप्रैल 2024


## श्रद्धालुओं की संख्या 16 लाख के पार
# चार धाम यात्रा के लिए समय सीमा तय

**नई दिल्ली।** 10 मई से शुरू होने वाली चार धाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराने वाले भक्तों की संख्या 16 लाख से ज्यादा हो गई है।



बढ़ती संख्या को देखते हुए सरकार ने श्रद्धालुओं की अधिकतम सीमा तय कर दी है। अब चारों तीर्थ स्थानों पर प्रतिदिन तय सीमा के अनुसार ही श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। तय सीमा के मुताबिक यमुनोत्री के लिए 9 हजार, गंगोत्री के लिए 11 हजार, केदारनाथ के लिए 18 हजार और बद्रीनाथ के लिए 20 हजार श्रद्धालु प्रतिदिन रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे।






## पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने ताजा इंटरव्यू में कहा-4 जून के बाद यह साफ है कि मुझे अगले 100 दिन और 2047 तक क्या करना है?

# घर की बिजली और ट्रांसपोर्ट पर होने वाला खर्च घटाकर जीरो पर ले आएंगे

*पीएम मोदी ने कहा कि मनमोहन सिंह के कार्यकाल में हम 11वीं पॉजिशन पर थे। हम काफी कोशिश के बाद इसे 5वें पायदान पर लाए। अब हम और कोशिश करेंगे और देश को तीसरे पायदान पर लाएंगे।*

### नई सरकार का अगले 100 दिन का प्लान बताया

4 जून के बाद यह साफ है कि मुझे अगले 100 दिन और 2047 तक क्या करना है। 2047 तक विकसित भारत को लेकर मेरी सोच स्पष्ट है। यही वजह है कि मैं 2047 को 24 बाय 7 कहता हूं।

### यह मेरे लिए प्रार्थना का समय


पीएम ने कहा कि यह मेरे लिए प्रार्थना का समय है, क्योंकि मैं 140 करोड़ देवताओं की पूजा कर रहा हूं। मैं इसी भावना के साथ आगे बढ़ता हूं, जो मुझे आगे बढ़ाती है। इसीलिए मैं कभी नहीं थकता क्योंकि मैं भगवान के दर्शन करके घर लौटता हूं।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी कोशिश लोगों का बिजली और ट्रांसपोर्ट पर होने वाला खर्च घटाकर जीरो पर लाने की है। उन्होंने यह भी कहा कि तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने पर उनकी प्राथमिकता इंडिया को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना होगी। प्रधानमंत्री ने ये बातें एक ताजा इंटरव्यू में कहीं। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि हर घर की छत पर सोलर पैनल्स लगाए जाएं। इससे घरों को बिजली मिलेगी, जिससे इलेक्ट्रिसिटी पर आने वाला उनका खर्च घटकर शून्य पर आ जाएगा।

### भारत मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप हब भी बनेगा

दुनिया में इंडियन इकोनॉमी की स्थिति के बारे में बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मनमोहन सिंह के कार्यकाल में हम 11वें पॉजिशन पर थे। हम काफी कोशिश के बाद इसे 5वें पायदान पर लाए। अब हम और कोशिश करेंगे और देश को तीसरे पायदान पर लाएंगे। इसलिए हम हर सेक्टर में अपनी पॉलिसी जारी रखना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार अगले पांच साल में इंडिया को स्टार्टअप हब, मैन्युफैक्चरिंग हब और इनोवेशन हब बनाने की भी कोशिश करेगी।



#### पीएम मोदी ने तीन प्राथमिकताएं बताईं

पीएम मोदी ने कहा कि मैं तीन चीजें चाहता हूं। पहला, हर घर का बिजली पर होने वाला खर्च जीरो हो जाए। दूसरा, हम अतिरिक्त बिजली को बेचकर पैसे कमाएं। तीसरा, हम ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं, क्योंकि इलेक्ट्रिक व्हीकल का जमाना आएगा। उन्होंने कहा कि घर में रिन्यूएबल एनर्जी की सुविधा होने से आम आदमी पेट्रोल और डीजल पर पैसे खर्च करने की बजाए घर में स्कूटर और कार को चार्ज कर सकेगा। रिन्यूएबल एनर्जी के फायदों के बारे में बताते हुए पीएम ने कहा कि रिन्यूएबल एनर्जी और इलेक्ट्रिसिटी व्हीकल्स के इस्तेमाल से वातावरण स्वच्छ होगा। इससे पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स के आयात पर अरबों डॉलर की बचत होगी।

### मैं तो अपने लिए नहीं जीता

मोदी ने कहा कि मेरे लिए दो भगवान हैं- एक जो हमें दिखाई नहीं देता और दूसरा भगवान है जनता। मैं जनता को भगवान का रूप मानता हूं। मुझे ऊपर वाले पर भरोसा है, जिसने मुझे इस काम के लिए भेजा है और जनता ने मुझे आशीर्वाद दिया है। मैं इतना काम कैसे कर पाता हूं, मैं अपने लिए नहीं जीता हूं। मैं हमेशा इस बात का ध्यान रखता हूं कि मेरे पास जितना भी समय हो, मैं हर पल अपने देश के लिए काम करूं। यह मेरे लिए प्रार्थना का समय है, क्योंकि मैं 140 करोड़ देवताओं की पूजा कर रहा हूं। मैं इसी भावना के साथ आगे बढ़ता हूं, जो मुझे आगे बढ़ाती है। इसीलिए मैं कभी नहीं थकता क्योंकि मैं भगवान के दर्शन करके घर लौटता हूं।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### भाजपा नेता पर चाकुओं से हमला, गंभीर घायल

**जबलपुर।** शहर के भाजपा नेता मंगन सिद्दीकी पर जानलेवा हमला हुआ है। 3 लोगों ने उनपर चाकुओं से हमला किया है। गंभीर हालत में उन्हें निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सिद्धकी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष भी रह चुके हैं। नशे के कारोबारियों के खिलाफ भाजपा नेता मुहिम चला रहे थे।



### गर्मी से रामलला मंदिर में दो श्रद्धालुओं की मौत

**अयोध्या।** सोमवार को अयोध्या में भीषण गर्मी में रामलला का दर्शन करने आए दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। एक महिला दर्शन कर बाहर निकली और प्रसाद काउंटर के पास बेहोश होकर गिर गई। दूसरा श्रद्धालु जयपुर से आया था, जिनकी मौत भी गिरकर बेहोश होने से हुई।



## नाम वापसी के अंतिम दिन : देश में सूरत के बाद इंदौर में फूटा एक और 'सियासी बम'

# जहां 'दम' वहां 'बम'



### कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम ने अचानक वापस ले लिया 'नामांकन'

*नाम वापसी के अंतिम दिन सोमवार को इंदौर में बड़ा राजनीतिक धमाका हो गया। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने अचानक कलेक्टर कार्यालय जाकर अपना नामांकन फार्म वापस ले लिया। बाद में वे भाजपा में भी शामिल हो गए।*

### 'ऑपरेशन सूरत-2' फेल, नहीं वापस हुए सभी नामांकन

### नामांकन वापसी पर भाजपा कांग्रेस के बीच हुई झड़प

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

नाम वापसी के अंतिम दिन सोमवार को इंदौर में बड़ा राजनीतिक धमाका हो गया। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अक्षय बम ने अचानक कलेक्टर कार्यालय जाकर अपना नामांकन फार्म वापस ले लिया। उन्होंने भाजपा में शामिल होने की घोषणा भी कर दी। बम के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विधायक रमेश मैंदोला। योजना इंदौर में 'आपरेशन सूरत-2' सफल करने की थी। इसके तहत कांग्रेस के ▸▸ शेष पेज 4 पर

**विजयवर्गीय मैंदोला के साथ पहुंचे कलेक्टर कार्यालय, बाद में बम भाजपा में शामिल**



#### देर रात इंदौर पहुंचकर सीएम ने अक्षय बम को लगाया गले

इंदौर घटनाक्रम के कारण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम में कुछ परिवर्तन हुआ। पहले वे झारखंड से सीधे भोपाल आने वाले थे लेकिन वे देर रात इंदौर पहुंचे। यहां भाजपा कार्यालय में अक्षय कांति बम को गले लगाया। इसके साथ ही पार्षद शिवम यादव और विनीता मौर्य का स्वागत भी किया। नामांकन वापसी के बाद कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि इंदौर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अक्षय कांति बम का भाजपा में स्वागत है।

### उधर, जीतू पटवारी का आरोप...

#### अक्षय के खिलाफ धारा बढ़ाई, धमकाया गया

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि अक्षय कांति बम पर तीन दिन पहले एक पुराने मामले में 307 की धारा बढ़वाई गई। उन्हें रात भर डराया, धमकाया गया और अलग-अलग प्रकार की यातना दी गई। इसके बाद उन्हें साथ ले जाकर नामांकन फॉर्म वापस निकलवा लिया गया। पटवारी ने कहा, 'इंदौरवासियों, ये मैसेज है ▸▸ शेष पेज 4 पर



**भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में धक्का-मुक्की:** एक समय ऐसा भी आया जब इंदौर कलेक्टर कार्यालय में नाम वापसी को लेकर कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। कलेक्टर कार्यालय में मौजूद दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने आपस में धक्का-मुक्की की। दरअसल, इस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी बनाए गए अक्षय कांति ▸▸ शेष पेज 4 पर

## शाह के फर्जी वीडियो केस में पहली कार्रवाई

# असम से 1 गिरफ्तार, दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना सीएम को किया 'तलब'

गृह मंत्रालय ने शिकायत में लिखा था कि यह पाया गया है कि फेसबुक और ट्विटर के उपयोगकर्ताओं द्वारा कुछ छेड़छाड़ किए गए वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं।



### फर्जी वीडियो के प्रसार के संबंध में एफआईआर दर्ज

नोटिस पर बोले रेवंत-हम डरने वाले नही, ये चुनाव जीतने के लिए नया पैंतरा

एजेंसी ▸▸ गुवाहाटी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के फेक वीडियो मामले में गृह मंत्रालय की शिकायत के बाद दिल्ली पुलिस ने जहां तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को नोटिस भेजा तो वहीं असम पुलिस भी एक्शन में है। इस सिलसिले में अब असम से रीतम सिंह नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इस बात की जानकारी ▸▸ शेष पेज 4 पर

### वीडियो के सोर्स का लगाया जा रहा पता

*दिल्ली पुलिस ने एक्स और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को पत्र लिखकर इस फर्जी वीडियो के स्रोत के बारे में जानकारी मांगी है, जिसे ऑनलाइन शेयर किया गया था। पुलिस की स्पेशल सेल ने गृह मंत्रालय के अधीन भारतीय साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर की शिकायत के बाद शाह के छेड़छाड़ किए गए वीडियो के मामले में एफआईआर दर्ज की थी। स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस यूनिट ने अब वीडियो के स्रोत और इसे फैलाने वालों की पहचान करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से संपर्क किया है। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के डीसी सिंकू शरण सिंह की शिकायत में कहा गया कि छेड़छाड़ किया गया वीडियो समुदायों के बीच वैमनस्य पैदा करने के इरादे से प्रसारित किए जा रहा। शाह के मूल बयानों को विकृत करने के लिए वीडियो में हेरफेर किया गया है।*

## सर्वे को रोकने के लिए लगी सभी आपत्तियां खारिज

# भोजशाला में सर्वे के लिए एएसआई को मिला और आठ सप्ताह का समय

### एएसआई को पांच जुलाई तक का समय दिया गया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

हाईकोर्ट ने सोमवार को धार के भोजशाला में सर्वे की समय सीमा बढ़ाने की मांग को मान लिया है। एएसआई को हाईकोर्ट ने सर्वे के लिए आठ सप्ताह का समय और दिया है। अब एएसआई सर्वे के बाद विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सकेगा। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों के तर्क सुने और फिर एएसआई को सर्वे के लिए 5 जुलाई तक का समय दिया। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से सोमवार को हुई सुनवाई ▸▸ शेष पेज 4 पर

### अब जीपीआर मशीन का होगा इस्तेमाल

एएसआई के मुताबिक सर्वे में अब जीपीआर मशीन इस्तेमाल किया जाएगा। इस मशीन के लिए नेशनल ज्योग्राफिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट आफ इंडिया (एनजीआरआई) से संपर्क किया है। वहां से अनुमति मिलते ही मशीन से सर्वे शुरू हो जाएगा। यह अत्यंत धीमी प्रक्रिया है। इसलिए उसने आठ सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा है।

## मसाला संकट : सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग ने भारतीय ब्रांड एवरेस्ट और एमडीएच पर मसालों में कीटनाशक होने के चलते कार्रवाई की थी

### अमेरिका ने एमडीएच और एवरेस्ट के मसालों पर एक्शन लेते हुए एक तिहाई शिपमेंट को खारिज कर दिया

# मसालों में टायफॉइड वाले बैक्टीरिया के चलते यूएस ने रोकी एंट्री, एक तिहाई शिपमेंट खारिज, एफडीए डेटा से 'खुलासा'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

असली मसाले सच-सच, एमडीएच-एमडीएच! महाशियान दी हट्टी यानी एमडीएच की टैगलाइन भले ही असली मसाले बेचने की बात कहती हो, लेकिन फिलहाल ऐसा लग रहा है कि सच जैसा कुछ है नहीं। हाल ही में सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग ने भारतीय ब्रांड एवरेस्ट और एमडीएच पर मसालों में कीटनाशक होने के चलते कार्रवाई की थी। और अब ऐसा लगता है कि मसाला संकट बढ़ता जा रहा है। अब यूनाइटेड स्टेट्स द्वारा भी एमडीएच मसालों ▸▸ शेष पेज 4 पर

### टायफॉइड वाला बैक्टीरिया है साल्मोनेला



साल्मोनेला बैक्टीरिया मिश्रण वाले खाद्य पदार्थ पेट में गंभीर संक्रमण का कारण बन सकते हैं जो ठीक से न पकाए जाने पर पाचन तंत्र को प्रभावित करता है। गौर करने वाली बात है कि साल्मोनेला एक बैक्टीरिया है जिससे टायफॉइड जैसी बीमारी होती है। टायफॉइड में बीमार शख्स के पाचन तंत्र और ब्लड स्ट्रीम में साल्मोनेला बैक्टीरिया घुस जाते हैं। साल्मोनेला बैक्टीरिया जानवरों जैसे अंडा, बीफ, कच्चे मुर्गों और फल-सब्जियों के साथ-साथ मनुष्यों के आंतों में भी पाया जाता है। यह एक ऐसा बैक्टीरिया है जो अगर शरीर में घुस जाए तो डायरिया और बुखार जैसी दिक्कतें हो सकती हैं।

### एंट्री रोक देने के बाद शिपमेंट का क्या होगा? अभी साफ नहीं

*आपको बता दें कि एफडीए के नियमों के मुताबिक अगर किसी शिपमेंट की एंट्री यूएस में रोक दी जाती है तो इंपोर्टर को या तो इसे नष्ट करना पड़ता है या फिर यूएस से बाहर एक्सपोर्ट करना पड़ता है। एफडीए ने इस बारे में कोई डेटा नहीं दिया है कि एंट्री रोक देने के बाद शिपमेंट का क्या होता है। एवरेस्ट और एमडीएच के अलावा, एमटीआर फूड प्राइवेट लिमिटेड और अहमदाबाद के रामदेव फूड प्राइवेट लिमिटेड के भी* ▸▸ शेष पेज 4 पर

# मंदिरों में लगे कूलर-पंखे, भगवान के भोग में भी बदलाव

## गर्मी बढ़ते ही भगवान को ठंडक देने के जतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गर्मी बढ़ने के साथ ही मंदिरों में प्रभु का भोग बदल गया है। भगवान के भोग में ठंडी चीजों का उपयोग होने लगा है। इसके अलावा उनके उठने और सोने के समय भी परिवर्तन कर दिया गया है। मंदिरों में भगवान को ठंडक देने के लिए कूलर, पंखे लगाए जा रहे हैं। भगवान के भारी और रेशमी वस्त्र भी हटा दिए गए हैं। श्रीजी मंदिर लखेरापुरा के पं. श्रीकांत शर्मा ने बताया कि बैशाख और जेष्ठ के महीने में गर्मी अत्यधिक पड़ती है। इसलिए विशेष उपाय किए जा रहे हैं। मंदिर में खस के बंगले में भगवान को विराजमान किया जा रहा है, साथ ही खस के ही पर्दे लगाए गए है। रोजाना पानी और इत्र का छिड़काव किया जा रहा है और फव्वारे चलाए जा रहे हैं, ताकि शीतलता बनी रही। भगवान को इन दिनों शीतल वस्तुओं का भोग लगाया जा रहा है।





### ठंडे दूध का लगाया जा रहा भोग

माता मंदिर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में शाम छह बजे मंदिर के पट खोले जाते हैं। मंदिर की पुजारी राधा लखेरा ने बताया कि ठाकुर जी के लिए ठंडक के लिए कूलर रखा गया है। वहीं शयन से पहले ठाकुर जी को ठंडे दूध का भोग लगाया जाता है। इस समय ठाकुर जी को सफेद और हल्के रंग के वस्त्र पहनाए जा रहे हैं।

### चौबदारपुरा के बांके बिहारी मंदिर में वस्त्र-श्रृंगार बदले

शहर के चौबदारपुरा तलैया स्थित बांके बिहारी मंदिर में गर्मी के चलते भगवान की पोशाक से लेकर श्रृंगार तक में बदलाव किया है। भगवान को कॉटन के वस्त्र पहनाए गए हैं और शीतलता के लिए पंखे की व्यवस्था की गई है। मंदिर के पंडित रामनारायण आचार्य ने बताया कि भगवान सत्तू का भोग लगाते हैं। इसके बाद रोजाना शीतल पेय कभी नींबू पानी, कभी लस्सी, मठा, आम का पना सहित शीतल पेय पदार्थों का भोग लगाते हैं।

### राधावल्लभ मंदिर में रोजाना किया जा रहा चंदन का लेपन

इब्राहिमपुरा स्थित राधावल्लभ मंदिर में भी गर्मी से बचाव के लिए तरह तरह के उपाए किए जा रहे हैं। मंदिर के पं. भूपेश आचार्य ने बताया कि गर्भगृह में ठंडक के लिए कूलर लगाया गया है। इसके साथ ही भगवान को रोजाना चंदन का लेप लगाया जा रहा है। ठंडक प्रदान करने वाले वस्त्र और श्रृंगार किया जा रहा है। शहजानाबाद के दुर्गा मंदिर में भी माता जी के लिए कूलर की व्यवस्था की गई है। वहीं टीलाजमालपुरा में शीतला माता मंदिर में शिवलिंग के लिए 24 घंटे शीतलता के लिए जल भरे घड़े की व्यवस्था की गई है।

## खबर संक्षेप

### कुनबी समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन 19 को

**भोपाल।** अखिल भारतीय क्षत्रिय लोणारी समाज संगठन ने समाज के चहुंमुखी विकास एवं सामाजिक प्रथाओं और परंपराओं में समयानुसार बदलाव की आवश्यकता पर चिंतन एवं गहन विचार-विमर्श के लिए आगामी 19 मई को सुबह 10 बजे से अवधुपरी भेल के होटल रीगल ग्रांड में आयोजित किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु राने ने बताया कि अधिवेशन उन्होंने बताया कि अधिवेशन में देश भर से समाज के लोग अपने विचार रखेंगे। राने के मुताबिक अधिवेशन में राष्ट्रीय संगोष्ठी के माध्यम से देश

### क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में प्रतियोगिताएं शुरू



**भोपाल।** राजधानी स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में विद्यार्थी परिषद 2023-24 के तहत सोमवार से 3 मई तक आयोजित विभिन्न गतिविधियों की शुरुआत की है। इसके तहत पहले दिन साहित्यिक गतिविधि में पात्र अभिनय, वाद-विवाद, निबंध लेखन, काव्य लेखन एवं लघु कथा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह सभी गतिविधियां हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, मराठी और गुजराती भाषा में आयोजित की गईं। मुख्य

### प्रोफेसर आनंद निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**भोपाल।** राजधानी में प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ की वार्षिक साधारण



सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ ने नियुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रोफेसर नीरज अग्निहोत्री द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन की कार्यवाही शुरू की है। रविवार को आयोजित इस बैठक में प्रान्तीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ के वर्तमान महासचिव प्रोफेसर आनंद शर्मा को सर्व सम्मति से प्रान्तीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ का निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।

### एमपीयूडीसी के विजय गुप्ता सम्मानित



**भोपाल।** इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रमुख अभियंता दीपक रत्नावत सम्मिलित हुए। इस अवसर पर श्री रत्नावत ने एमपीयूडीसी द्वारा क्रियांवित की जा रही जल प्रदाय परियोजनाओं से जुडे सफल अभ्यासों को साझा किया। इंस्टीट्यूट द्वारा कार्यक्षेत्र में विशेष उपलब्धियों के लिए उप परियोजना संचालक तकनीकी श्री विजय कुमार गुप्ता को सम्मानित किया

## लेटलतीफी और लापरवाही पर माशिमं की सख्त नजर

# री-टोटलिंग में गलती तो 20 रुपए हर अंक पर अर्थदंड, मूल्यांकन अधिकारियों पर भी जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

» *री-टोटलिंग का कार्य मूल्यांकन केंद्रों पर तीन सदस्यीय कमेटी करेगी*

» *री-टोटलिंग के लिए शुल्क 200 व उत्तर पुस्तिका की छायाप्रति का शुल्क 250 रुपए रहेगा।*

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद अब री-टोटलिंग और उत्तर पुस्तिका की छायाप्रति के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऐसे में इस कार्य में लेटलतीफी और लापरवाही पर माशिमं सख्त नजर आ रहा है। अब रीटोटलिंग कार्य एवं उत्तर पुस्तिका की छायाप्रति भेजने में विलंब के लिए मूल्यांकन अधिकारी व सहायक मूल्यांकन अधिकारी को सम्मलित रूप से 50 रुपए प्रतिदिन के अनुसार जुर्माना देना होगा।

वहीं त्रुटिपूर्ण रीटोटलिंग के लिए संबंधित शिक्षक से बीस रुपए प्रति अंक वसूले जाएंगे। त्रुटिपूर्ण उत्तर पुस्तिका की छायाप्रति भेजने पर मूल्यांकन केंद्र अधिकारी व कार्य में संलग्न सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों को सम्मलित रुपए 500 रुपए प्रति प्रकरण जुर्माना लगाया जाएगा। बताया जा रहा है कि बारहवीं परीक्षा के गणित, जीव विज्ञान संकायत के परीक्षार्थियों की रीटोटलिंग का कार्य प्राथमिकता से किया जाएगा। रीटोटलिंग का कार्य मूल्यांकन केंद्रों पर तीन सदस्यीय कमेटी करेगी। इसमें वरिष्ठ सहायक मूल्यांकन अधिकारी व संबंधित विषय के दो शिक्षक शामिल होंगे।

### यह है स्थिति

माशिमं की दसवीं की परीक्षा में लगभग 9,72,322 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। दसवीं का परिणाम 58.1 फीसदी रहा है। दसवीं में कुल 358,640 विद्यार्थी फेल हुए है। 1,15,839



को सप्लीमेंट्री मिली है, जबकि बारहवीं परीक्षा में कुल 7,35,556 परीक्षार्थी शामिल हुए। बारहवीं में 64.49 फीसदी विद्यार्थी पास हुए। 2,02,142 विद्यार्थी फेल हुए और 1,04,745 को सप्लीमेंट्री मिली है। परीक्षा परिणाम जारी होने के पंद्रह दिन के अंदर एमपी आनलाइन के माध्यम से आवेदन किए जा सकते हैं। पंद्रह दिन के अंदर आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को रीटोटलिंग व कॉपियां देने की सुविधा मिलेगी। माशिमं ने कहा है कि उत्तर पुस्तिका लेने वाले विद्यार्थियों के लिए रीटोटलिंग करवाना अनिवार्य होगी। रीटोटलिंग के लिए शुल्क 200 रुपए व उत्तर पुस्तिका की छायाप्रति का शुल्क 250 रुपए रहेगा।

### 'रुक जाना नहीं' के लिए 5 तक आवेदन

**भोपाल।** एमपी बोर्ड की 10वीं 12वीं की परीक्षाओं के रिजल्ट जारी होने के बाद अब रुक जाना नहीं योजना के अंतर्गत आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यार्थी 5 मई तक फेल हुए विषयों के लिए आवेदन कर सकते हैं। 12वीं की परीक्षा 20 मई से 7 जुलाई तक और 10वीं की परीक्षाएं 21 से 31 मई तक होंगी। इससे पूर्व 10 से 18 मई तक निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर प्रशिक्षण की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा में पेपर एमपी बोर्ड के कोर्स के अनुसार ही होंगे। विद्यार्थी मई की परीक्षा में भी पास नहीं होते हैं, तो उन्हें दिसंबर में दूसरा मौका दिया जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के इसकी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं।

### नेट की पात्रता परीक्षा से अब पीएचडी में प्रवेश के लिए एलिजिबिलिटी

**भोपाल।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नेट का आयोजन 16 जून को किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई है। यूजीसी नेट 2024 की परीक्षा स्कीम में बदलाव किया गया है। अब तक केवल नेट परीक्षा से जूनियर रिसर्च फैलोशिप और सहायक प्रोफेसर की पात्रता का निर्धारण होता था। इस बार पीएचडी में प्रवेश के लिए एलिजिबिलिटी भी नेट की पात्रता परीक्षा से होगी। जेआरएफ व लेक्चररशिप के साथ ही पीएचडी में प्रवेश के लिए भी संयुक्त रूप से परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा साल में दो बार होगी। पहला सेशन जून में और दूसरा दिसंबर में होगा। जिन परीक्षार्थियों के 10 मई तक रजिस्ट्रेशन हो सकेंगे। वे 12 मई तक फीस जमा कर सकते हैं। सामान्य, अनारक्षित कैटेगरी के लिए आवेदन शुल्क 1150 रुपए, ईडब्ल्यूएस व ओबीसी के लिए 600 रुपए और एससी एसटी के लिए 325 रुपए शुल्क रखा है।

## पेंटर बनकर इलाके में करते थे रैकी

# शातिर लुटेरे गिरफ्तार, दो वाहन चोरी, एक नकबजनी सहित 11 मोबाइल लूट का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



अयोध्या नगर पुलिस ने दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की दो बाइक, एक नकबजनी समेत 11 मोबाइल लूट की वारदात का खुलासा किया है। आरोपी पेंटर बनकर इलाके में घूमते थे और लोगों से बातचीत करते थे। इस दौरान सूने मकानों की रैकी कर वारदात को अंजाम देते थे।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि क्वीन मेरी स्कूल के सामने मैदान में दो संदिग्ध खड़े हैं और उनके पास बिना नंबर की यमाहा बाइक समेत सफेद रंग की एक्टिवा है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दबिश दी तो आरोपियों ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस ने दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में अपना नाम सुमित जाटव पिता नर्मदा प्रसाद जाटव (20) 100 क्वार्टर, पिपलानी और दूसरे ने निखिल शर्मा पिता दिनेश शर्मा (26) राम लीला मैदान, पिपलानी बताया। निखिल शर्मा से उसके पास रखे मोबाइल के बारे में पूछताछ की तो वह मोबाइल का बिल नहीं दिखा सका। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि 10-15 दिन पहले मिनाल गेट नंबर दो के पास से सिटी बस में बैठे यात्री की जेब से चुराने की बात स्वीकारी। संदेही के दोस्त सुमित जाटव तलाशी लेने पर उसके पास भी मोबाइल मिला। उक्त मोबाइल आरोपी ने अयोध्यानगर चौराहा के पास से चुराने की बात स्वीकारी।

### » बाइक और एक्टिवा भी चोरी की

आरोपियों से बाइक और एक्टिवा के बारे में पूछताछ की गई तो पता चला कि उक्त वाहन भी चोरी के हैं। स्कूटी की डिग्गी की तलाशी लेने पर एक्टिवा की डिग्गी में मोबाइल मिले। आरोपियों ने बताया कि इंदौर से तीन मोबाइल तथा भोपाल की अलग-अलग जगह से 8 मोबाइल चोरी किए गए और छीने भी गए हैं। आरोपियों ने डेढ़ महीने पहले पूजा कान्वेंट स्कूल के पीछे अयोध्यानगर में एक नकबजनी की बात भी स्वीकारी है।

## निगम आयुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण

# रेट लिस्ट, केयर टेकर न होने एवं गंदगी मिलने पर सुलभ जनसुविधा केंद्र पर 10 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और बेहतर व्यवस्था करने और कचरा, मलबा तत्काल उठवाने के निर्देश दिए। साथ ही विवेकानन्द पार्क कोटरा के पास स्थित सुलभ जनसुविधा केन्द्र में रेट लिस्ट न लगी होने व केयर टेकर गायब रहने के साथ गंदगी पाए जाने पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।

इस दौरान उन्होंने नया बसेरा मैदान से कचरा उठवाकर बेहतर साफ-सफाई कराने, सामुदायिक शौचालय के आसपास सफाई कराने, कोटरा, नेहरू नगर, कोलार तिराहा, 10 नंबर मार्केट, बिट्टन मार्केट, चार इमली सहित अन्य क्षेत्रों में बेहतर साफ-सफाई कराने और कचरा, भवन निर्माण सामग्री आदि उठवाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने सोमवार को नया बसेरा, कोटरा, विवेकानन्द पार्क, नेहरू नगर, कोलार तिराहा, 10 नंबर मार्केट, अरेरा कालोनी, वंदे मातरम चौराहा, बिट्टन मार्केट, चार इमली चौराहा आदि क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त ने नेहरू नगर चौराहा पर मंदिर के पास सड़क पर पड़ी निर्माण सामग्री उठवाने, कोलार तिराहा क्षेत्र में नाला सफाई के दौरान निकले मलमे आदि को तुरंत उठवाकर साफ-सफाई कराने, 10 नंबर मार्केट, वंदे मातरम चौराहा रोड से कचरा, मलमा उठवाने और बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

# गैंगस्टर और उसके गुर्गों ने दो युवकों पर किया चाकू से जानलेवा हमला

**भोपाल।** श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र स्थित किलोल पार्क के पास चाय की दुकान के सामने रविवार गैंगस्टर मुन्ना उर्फ मजिस्ट्रेट ने अपने साथियों के साथ मिलकर दो युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में चाकू लगने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हुए है। एक युवक के सिर पर दो दर्जन से अधिक टांके आए हैं। वारदात की वजह रंजिश बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार बरखेड़ी जहांगीराबाद निवासी अकबर खान पुत्र रईस खान (24) मछली का कारोबार करता है। रविवार 28 अप्रैल की रात वह अपने दोस्त आजम के साथ चाय पीने किलोल पार्क गया था। वहां बदमाश मुन्ना उर्फ मजिस्ट्रेट अपने साथियों फैजल, मंसूर व दो अन्य युवकों के साथ पहुंच गया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए अकबर को घेरकर पीटना शुरू कर किया।

उसके दोस्त आजम ने बचाव करने का प्रयास किया तो मुन्ना ने उसके सिर पर चाकू से वार कर दिए। हमले में बुरी तरह घायल हुए आजम के सिर में दो दर्जन से अधिक टांके लगे हैं। वह हमले के दौरान बेहोश हो गया था। पुलिस ने इस मामले में नुकीली वस्तु से वार करने व साधारण मारपीट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि मुन्ना मजिस्ट्रेट ने बदला लेने की नीयत से हमला किया है। पिछले साल बरखेड़ी पंप हाउस के पास अकबर, आजम व उसके साथियों ने मुन्ना के बड़े भाई यासीन के सिर पर चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। बेरहमी से उसकी पिटाई की थी। इसी का बदला लेने के लिए उक्त वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी मुन्ना मजिस्ट्रेट कुख्यात गांजा तस्कर रईस उर्फ रेडियो का बेटा है।

## पुलिस ने कजलीखेड़ा में की कार्रवाई

# खेत में गाड़ रखे थे शराब से भरे कुप्पे साढ़े तीन लाख की अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोलार रोड स्थित कजलीखेड़ा में सोमवार को आबकारी विभाग की टीम ने कार्रवाई की। यहां पर शराब के अवैध कारोबार की सूचना मिली थी। जब अफसर मौके पर पहुंचे तो अवैध शराब का जखीरा मिला। कारोबारियों ने खेत में शराब से भरे कुप्पे गाड़ रखे थे। वहीं, भट्टी पर शराब बनाई जा रही थी।

आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि कार्रवाई के लिए सात टीमें बनाई गई थीं। सबसे पहले कजलीखेड़ा को चारों ओर से घेर लिया। फिर शराब तलाशी गई। यहां पर मैदान और खेतों में छुपा कर रखे गए कुप्पों में करीब 3200 किलो ग्राम महुआ लाहन और 315 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब मिली। जमीन में गड़े कुप्पों को ढूंढने में दो से तीन घंटे लग गए। कुछ जगहों पर भट्टी जल रही थी और शराब बनाई जा रही थी। जब्त शराब की कीमत 3 लाख 67 हजार रुपए है। दो महिलाओं को पकड़ा गया है। उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किए हैं।



### कबाड़े की दुकान से मिली अवैध शराब

लोकसभा चुनाव को देखते हुए टीमें लगातार कार्रवाई कर रही है। अब तक करीब पौने दो करोड़ रुपए की अवैध शराब और नगद राशि जब्त की गई है। शनिवार देर रात में भी आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब जब्त की। रविवार को भी दुर्गानगर में कबाड़े की दुकान पर कार्रवाई की गई।

### 28 अप्रैल तक 257 करोड़ से अधिक मूल्य की सामग्रियां जब्त

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों की ओर से लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि 16 मार्च से 28 अप्रैल तक 21 करोड़ 15 लाख रुपए नगद राशि सहित 257 करोड़ 95 लाख रुपए मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गई हैं। राजन ने बताया है कि 28 अप्रैल तक 25 लाख 56 हजार लीटर से अधिक मदिरा जब्त की गई है, जिसका मूल्य 37 करोड़ 65 लाख रुपए है। इसी तरह 23 करोड़ 6 हजार रुपए मूल्य के 17 हजार 127 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स और 14 करोड़ 11 लाख रुपए मूल्य की 2 हजार 328 किलोग्राम से अधिक कीमती धातुएं भी जब्त की गई हैं। साथ ही 161 करोड़ 98 लाख रुपए मूल्य की अन्य सामग्रियां भी जब्त की गई हैं। शाजापुर जिले में 23 मार्च को 8856 लीटर शराब सहित एक ट्रक जब्त किया गया। इसमें से शराब का मूल्य 96 लाख तथा ट्रक की कीमत 20 लाख रुपए है।

## सैनिक देश की रक्षा और आपकी सेवा के लिए 365 दिन खड़ा होता है: सुखाड़िया

# अभाविप भोपाल ने किया आरकेडीएफ विवि में लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने लोकसभा चुनाव में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। सोमवार को एबीवीपी भोपाल महानगर के आरकेडीएफ इकाई द्वारा भारतीय लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें मुख्य रूप से क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखाड़िया उपस्थित रहे। सुखाड़िया ने युवाओं से शत प्रतिशत मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करने वाला सैनिक आपके लिए यह नहीं सोचता कि एक दिन में आपकी रक्षा नहीं करुंगा तो क्या होगा? वो आपकी सेवा करने और देश की सुरक्षा के लिए 365 दिन खड़ा है। आपको तो बस देश के लिए एक दिन का उत्तरदायित्व निभाना है। उन्होंने लोकतंत्र के महायज्ञ में अपनी आहुति देने और युवाओं को एक वोट की शक्ति के संबंध में बताया। उन्हें अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को राष्ट्रभक्ति का भी संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

# स्लोगन प्रतियोगिता प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि आज

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत 'प्रत्येक वोट जरूरी है' विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। स्पर्धा में शामिल होने के लिए प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तारीख 30 अप्रैल है। राजन ने बताया स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। स्पर्धा में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है।

## खाद्य अपशिष्ट और गोबर से रोज बनेगी 5 किलो बायोगैस

# मैनिट में हरित पहल: हॉस्टल नंबर 8 में लगाया बायोगैस डाइजेस्टर, पर्यावरण का होगा संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी (मैनिट) के ऊर्जा केंद्र ने हॉस्टल नंबर 8 में बायोगैस डाइजेस्टर को स्थापित किया है। इसकी स्थापना से पर्यावरण अनुकूलता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है।

मैनिट के निदेशक डॉ. केके शुक्ला के मार्गदर्शन में यह पहल की गई है। डॉ. प्रशांत बरेदार (विभागाध्यक्ष-ऊर्जा केंद्र) और डॉ. गौरव द्विवेदी (सहायक प्रोफेसर ऊर्जा केंद्र), डॉ. टिकेंद्र नाथ वर्मा (हॉस्टल वार्डन) के मार्गदर्शन में परियोजना को साकार किया गया है। राजकुमार दीक्षित (तकनीकी सहायक) एवं रिसर्च स्कॉलर राहुल कुमार और उनकी टीम ने सावधानीपूर्वक स्थापना की योजना बनाई और उसे क्रियान्वित किया।



### ऐसे किया गया निर्माण

सबसे पहले जमीनी स्तर पर 10 गुणा 15 माप का आधार बनाया गया। इसमें रसोई 30 फीट की दूरी पर स्थित थी। स्वच्छता बढ़ाने और ईंधन संरक्षण के लिए डिजाइन किया गया। बायोगैस डाइजेस्टर 4 क्यूबिक मीटर की क्षमता रखता है। यह खाद्य अपशिष्ट और गोबर से प्रतिदिन 5 किलो तक बायोगैस का उत्पादन करने की क्षमता रखता है। प्रोफेसर प्रशांत बारेदार ने पर्यावरणीय चेतना को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन पर अंकुश लगाने में इससे काफी मदद मिलेगी। डॉ. गौरव द्विवेदी और डॉ. टिकेंद्र नाथ वर्मा ने बायोगैस डाइजेस्टर की लागत-प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला। मासिक खर्चों को काफी कम करने की इसकी क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक छात्रावास की मेस में आमतौर पर प्रति दिन 60 किलोग्राम गैस की खपत होती है, जो करीब 5 लाख रुपए प्रति माह है। हालांकि, बायोगैस डाइजेस्टर की स्थापना के माध्यम से हम पर्याप्त बचत कर सकते हैं। टीम का लक्ष्य लागत कम करना और अन्य संस्थानों और छात्रावासों तक इस तकनीक की पहुंच बढ़ाना जारी रखना है। बायोगैस डाइजेस्टर के कार्यान्वयन को अतिरिक्त छात्रावासों और पूरे मैनिट परिसर में विस्तारित करने का है, जिससे संस्थान के स्थिरता प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा।

भोपाल
मंगलवार, 30 अप्रैल 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष-07
वर्ष : 11, अंक : 36
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 39
न्यून. 25

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 सिंधू-लक्ष्य और प्रणय समेत सात बैडमिंटन...

विचार पेज
06 अब विकास मॉडल में सुधार जरूरी




# मोदी के नाम, काम और मोदी की गारंटी, उससे भरोसा है कि जीतेंगे छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से डॉ. हिमांशु द्विवेदी का चुनावी संवाद

inh न्यूज विशेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दस साल के कार्यकाल में जो काम किए हैं, मोदी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। उसी के साथ हमारी सरकार ने सौ दिनों में जिस तरह से मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम किया, उससे भरोसा है कि प्रदेश की जनता इस बार भाजपा को 11 की 11 सीटों पर आशीर्वाद देकर जीत दिलाने का काम करेगी। हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से चुनावी संवाद में हुई बातचीत के अंश प्रस्तुत हैं।



### ये भी बोले साय

सामने वाले को कमजोर नहीं मान रहे हैं। लोग जब मोदी जी और भाजपा के पक्ष में विश्वास दिखाते हैं तो सारा तनाव और थकान मिट जाती है

कांग्रेस की बड़ी दुर्गति है, कांग्रेस ने जनता का विश्वास खोया है। सरकार में आने से पहले कांग्रेस ने जो 36 वादे किए थे, वो पूरे ही नहीं किए

### उनसे सीधी बात

**सवाल:** लोकसभा चुनाव में क्या लग रहा है?

**जवाब:** वातावरण बहुत अच्छा दिख रहा है, मोदी जी की लोकप्रियता लगातार बढ़ी है। उनको तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की बात है, सभी लोग उत्साहित हैं। हम अभी तक 45 से ज्यादा विधानसभाओं में चुनावी सभाएं कर चुके हैं। मोदी जी के दस साल के कामों का असर जनता में है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने सौ दिनों में मोदी की गारंटी को पूरा करने का भी काम किया है, इसका भी असर दिख रहा है। दूसरे चरण के चुनाव में भी अच्छा मतदान हुआ है। भाजपा के प्रति अच्छा रूझान लोगों का है।

**सवाल:** पहली बार है जब मुख्यमंत्री के तौर पर चुनाव लड़वा रहे हैं, कितने दबाव में हैं आप?

**जवाब:** हमारे लिए पहला अवसर है, मुख्यमंत्री के नाते चुनाव प्रचार करना है। 11 लोकसभा हैं, 90 विधानसभा हैं, लोगों का रूझान भाजपा और मोदी जी के पक्ष में है। लोगों से मिलकर अच्छा लग रहा है। तनाव थोड़ा तो रहता है, चुनाव को चुनाव की दृष्टि से ले रहे हैं। सामने वाले को कमजोर नहीं मान रहे हैं। लोग जब मोदी जी और भाजपा के पक्ष में विश्वास दिखाते हैं तो सारा तनाव और थकान मिट जाती है।

**सवाल:** बड़े लक्ष्य ले लिए हैं, चार सौ पार, छत्तीसगढ़ में सभी 11 सीटें जीतने का?

**जवाब:** देखिए 2014 में अकेले भाजपा को 282 सीटें मिली थीं। 2019 में जनता ने मोदी जी के काम को देखते हुए 303 सीटें भाजपा को दी थीं। जनता मोदी जी के दस साल के कामों को देख रही है। मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 को समाप्त किया है। पार्टी का लक्ष्य है अकेले भाजपा 370 से ज्यादा सीट जीतने और एनडीए 400 पार करेगी। जहां तक छत्तीसगढ़ का सवाल है हमें भरोसा ⏩ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस विधायक रावत थामेंगे भाजपा का दामन



**भोपाल।** कांग्रेस के सीनियर नेता और श्योपुर जिले की विजयपुर सीट से 6 बार के कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत मंगलवार को भाजपा की सदस्यता लेंगे। सीएम डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के समक्ष वे भाजपा की सदस्यता लेंगे। हालांकि, रावत ने इस मामले में अब तक चुप्पी साधी हुई है।

### अब 18 जून को होगी यूजीसी नेट परीक्षा



**नई दिल्ली।** यूजीसी नेट जून 2024 की एग्जाम डेट बदल गई है। यह फैसला लोक सेवा आयोग की प्रीलिम्स से डेट टकराने के चलते लिया गया। अब यह परीक्षा 18 जून को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। यह जानकारी यूजीसी प्रमुख जगदेश कुमार ने दी है।

### जेईई एडवांस के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित जेईई मेन की परीक्षा में क्वालीफाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए जेईई एडवांस के आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विद्यार्थी आगामी सात मई तक जेईई एडवांस के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए एनटीए की वेबसाइट पर प्रारूप जारी किया गया है। 26 मई को परीक्षा होगी।

*मुख्यमंत्री यादव सोमवार को अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी का नामांकन दाखिल कराने सुल्तानपुर पहुंचे, यदुवंशियों का आह्वान किया*

# श्रीकृष्ण ने धर्म की 'स्थापना' के लिए पूरा जीवन कुर्बान किया.. आज पुनः वही समय



सुल्तानपुर के गौरीगंज में तपती दोपहरी में भी बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता जनसभा में पहुंचे। रोड-शो के दौरान भारी जनसैलाब उमड़ा।

"सीएम ने कहा कि मैं उस पार्टी से आता हूं, जो सबका साथ, सबका विकास सिर्फ कहती नहीं है, बल्कि करके भी दिखाती है, इसका प्रमाण मैं खुद हूं

- कांग्रेस जबरदस्ती प्रत्याशियों को ला लाकर परेशान
- राम मंदिर के मुद्दे पर भी कांग्रेस ने हिंदुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को केंद्रीय मंत्री व अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी का नामांकन दाखिल कराने उत्तरप्रदेश के सुल्तानपुर पहुंचे थे।

उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में यहां यदुवंशी रहते हैं। मैं सभी यदुवंशियों से कहना चाहता हूं आप सब भाग्यशाली हो, 5 हजार साल पहले भगवान श्री कृष्ण ने धर्म की स्थापना के लिए पूरा जीवन कुर्बान किया। आज हमारे सामने पुनः वही समय आ गया है। डॉ. यादव ने कहा कि मैं उस पार्टी से आता हूं, जो सबका साथ, सबका ⏩ शेष पेज 4 पर



### मथुरा वाले कृष्ण कन्हैया ने क्या बिगाड़ा है?

मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव की बेला में बहन स्मृति ईरानी 56 इंच के सीने वाले मोदी जी के साथ खड़ी हैं। पर अब जिम्मेदारी आप सभी की है कि प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन करते हुए बहन स्मृति पर अपना विश्वास जताएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जबरदस्ती प्रत्याशियों को ला लाकर परेशान है। कोई प्रत्याशी उनके साथ नहीं आ रहा है। उन्होंने कृष्ण जन्म भूमि लोक का निर्माण कराने ⏩ शेष पेज 4 पर

विपक्ष पर जमकर हमलावर हुए सीएम

### कांग्रेस के युवराज अनाप-शनाप बोल रहे

डॉ. यादव ने विपक्ष पर हमलावर होते हुए कहा कि यहां के कई झंडाबरदारों ने कहा, वो कौन हैं? हम तो पहचानते नहीं। आप क्यों पहचानोगे, आप अपने घर वालों के अलावा किसी को वैसे भी पहचानते नहीं हैं। यहां का कोई और बच्चा बड़े पदों पर क्यों नहीं जा सकता। पर यह बनाने का दम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में ही ⏩ शेष पेज 4 पर

### बहन स्मृति ईरानी का भी सूर्य तिलक हुआ

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी के दिन ठीक 12 बजे भगवान राम का 500 साल बाद सूर्य तिलक हुआ है और आज भाजपा की प्रत्याशी हमारी बहन स्मृति ईरानी का भी सूर्य तिलक हुआ है। मध्यान्ह के समय में चमकते हुए सूर्य देवता आशीर्वाद दे रहे हैं कि भारतवासी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ⏩ शेष पेज 4 पर

एस्ट्राजेनेका कोविड वैक्सीन से साइड इफेक्ट्स

# शरीर में खून के थक्के जमने से ब्रेन स्ट्रोक, कार्डियक अरेस्ट की आशंका

कंपनी का यूके हाईकोर्ट में पहली बार कबूलनामा, टीटीएस सिंड्रोम जैसे दुष्प्रभाव हो सकते हैं




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका कोविड वैक्सीन को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। इसे बनाने वाली एस्ट्राजेनेका ने यूके हाईकोर्ट में दिए गए अपने अदालती दस्तावेजों में पहली बार माना है कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन से थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) ⏩ शेष पेज 4 पर

### वैक्सीन को लेकर दायर हुआ था मुकदमा

बता दें कि एस्ट्राजेनेका कंपनी को क्लास-एक्शन मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है। इस मुकदमे को जेमी स्कॉट नाम के शख्स ने ने दायर किया, जो अप्रैल 2021 में यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड के साथ मिलकर बनाई गई एस्ट्राजेनेका वैक्सीन लेने के बाद ब्रेन डैमेज का शिकार हुए थे। इसके अलावा कई अन्य परिवारों ने भी अदालत में इसको लेकर शिकायत की थी कि वैक्सीन लेने के बाद उन्हें इसके साइड इफेक्ट्स का सामना करना पड़ा। अब ये परिवार इसको लेकर वैक्सीन को लेकर हुई परेशानियों को लेकर मुआवजे की मांग सेफ्टी इश्यूज के चलते एस्ट्राजेनेका-ऑक्सफोर्ड वैक्सीन ⏩ शेष पेज 4 पर

## दिव्य फार्मेसी के 15 प्रोडक्ट्स का लाइसेंस रद्द

**देहरादून।** पतंजलि की दिव्य फार्मेसी कंपनी को बड़ा झटका लगा है। कंपनी के 15 प्रोडक्ट्स पर राज्य की लाइसेंस ऑथोरिटी ने बैन लगा दिया है। इसमें दिव्य फार्मेसी की खांसी की दवा से लेकर कई तरह की टैबलेट शामिल हैं। दिव्य फार्मेसी की दवाओं पर भ्रामक विज्ञापन मामले में बैन लगाया गया है। दरअसल, आयुर्वेदिक उत्पादों के भ्रामक प्रचार के मामले में सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद उत्तराखंड सरकार ने पतंजलि पर एक बड़ी कार्रवाई की है। राज्य सरकार की ओर से कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से पतंजलि के 14 उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। ⏩ शेष पेज 4 पर

11 दिसंबर 23 को इस संबंध में दायर याचिकाएं की गई थीं निरस्त

## क्या सुप्रीम कोर्ट फिर से करेगा 370 पर सुनवाई? 1 मई को हो जाएगा तय

इसे लेकर कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई है




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अनुच्छेद-370 को निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को चुनौती देने वाली पुनर्विचार याचिका पर 1 मई को विचार किया जाएगा। उस दिन शीर्ष अदालत यह तय करेगा कि इस मामले की दोबारा सुनवाई की जाए या नहीं? सुप्रीम कोर्ट ने 11 दिसंबर 2023 को जम्मू-कश्मीर में ⏩ शेष पेज 4 पर

सीएम विष्णुदेव साय ने शोक व्यक्त किया

## पिकअप व मिनी ट्रक की भिड़ंत से 9 की मौत, 23 घायल हो गए

गंभीर रूप से घायल चार लोगों का रायपुर एम्स में इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के कठिया गांव में पेट्रोल पंप के पास बीती रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक पिकअप और मिनी ट्रक की जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में पांच महिलाओं और तीन बच्चों सहित 9 की मौत हुई है। जबकि गाड़ी में सवार अन्य 23 लोग घायल हो गए है। घायलों को बेमेतरा जिला अस्पताल, ⏩ शेष पेज 4 पर

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में कांग्रेस झोंकेगी ताकत

## भिंड में आज राहुल की जनसभा 2 मई को प्रियंका मुरैना आएंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे चरण के लिए मतदान होना है।

इसके लिए राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं का प्रदेश में जमावड़ा लगना जारी है। इसी क्रम में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी फूलसिंह बरैया के समर्थन में भिंड में रैली करेंगे। यह मौजूदा चुनाव में राहुल गांधी का मप्र का दूसरा दौरा है। इससे पहले राहुल गांधी पहले चरण की सीट पर प्रचार के लिए आठ ⏩ शेष पेज 4 पर



### प्रफुल्ल पटेल की दादागीरी टाइट कर देंगे

राहुल गांधी ने दमन-दीव के प्रशासक प्रफुल्ल खोड़ा पटेल जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने प्रफुल्ल पटेल को यहां राजा बनाकर बैठा दिया है। प्रफुल्ल के मन में जो आता है, वे करते हैं और जनता को परेशान करते हैं, लेकिन ऐसा सिर्फ आपके ⏩ शेष पेज 4 पर

रेप पीड़ित परिवार की पहचान उजागर करने का आरोप

## पीसीसी अध्यक्ष पटवारी, विधायक विक्रांत भूरिया पर एफआईआर दर्ज

महिला ने जोबट पुलिस थाने में आवेदन देकर दोनों नेताओं की शिकायत की थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अलीराजपुर

मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और झाबुआ से कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इन पर अलीराजपुर के जोबट थाना क्षेत्र में गैंगरेप पीड़ित परिवार की पहचान उजागर करने का आरोप है। एक महिला ने जोबट पुलिस थाने में आवेदन देकर दोनों नेताओं की शिकायत की है। जोबट थाना टीआई सोनू शितोले ने बताया कि पुलिस ने धारा 228ए, भादवि, 23 पाक्सो एक्ट और 74 जेजे एक्ट में दोनों नेताओं के खिलाफ केस दर्ज किया है। गौर हो कि



शुक्रवार को जोबट थाना क्षेत्र के एक गांव में 11 साल की एक आदिवासी बच्ची से गैंगरेप की वारदात हुई थी। रविवार को जीतू पटवारी और विक्रांत भूरिया पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे थे। दोनों ⏩ शेष पेज 4 पर

ग्राम पंचायत डभौरा, अकौरिया, मगडौर, गेदुरहा, कोटा, पनवार एवं लटियार के मानदेय कर्मियों का संविलियन कर नियमित कर दिया गया था। उक्त अधिकारियों ने मिली-भगत के बाद नियम विरूद्ध नियुक्ति की थी

रीवा के डभौरा नगर पंचायत में 49 कर्मचारियों की नियुक्ति का मामला

## संयुक्त संचालक, दो सीएमओ समेत 12 कर्मचारी निलंबित, जांच के बाद सरकार की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य सरकार ने रीवा जिले के डभौरा नवगठित नगर परिषद में 49 पंचायत कर्मियों का नियम विरूद्ध संविलियन करने में मामले में रीवा संभाग के संयुक्त संचालक आरपी सोनी, चाकघाट के सीएमओ संजय सिंह व गुढ़ के सीएमओ केएन सिंह समेत 12 अधिकारियों व कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।



इस मामले में ग्राम पंचायत डभौरा, अकौरिया, मगडौर, गेदुरहा, कोटा, पनवार एवं लटियार के मानदेय कर्मियों का संविलियन कर नियमित कर दिया गया था। उक्त अधिकारियों ने बड़ी मिली-भगत के बाद नियम विरूद्ध नियुक्ति की थी।

नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई ने बताया कि डभौरा नगर परिषद में नियम विरूद्ध ⏩ शेष पेज 4 पर

### इनका हुआ निलंबन

राज्य शासन ने रीवा संभाग में पदस्थ संयुक्त संचालक आरपी सोनी, नगर परिषद चाकघाट के तत्कालीन सीएमओ संजय सिंह और गुढ़ नगर परिषद के सीएमओ केएन सिंह, डभौरा के सहायक ग्रेड एक मुनेंद्र कुमार पांडे, सहायक राजस्व निरीक्षक सतीश कुमार कुमार द्विवेदी, स्वच्छता ⏩ शेष पेज 4 पर




# दलबदलू देवाशीष ने बिगाड़ा फूल सिंह का गणित, कड़े मुकाबले में फंसी संध्या




- हर रोज बनते-बिगड़ते दिख रहे चुनावी समीकरण
- भिंड में किसी दल के पक्ष में एकतरफा
- कांग्रेस को हो सकता है ज्यादा नुकसान
- भाजपा-कांग्रेस में जोरदार टक्कर, बहुजन समाज पार्टी का प्रचार भी हुआ तेज

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

चंबल-ग्वालियर अंचल की मुरैना सीट की तरह भिंड में भी कांग्रेस के बागी ने चुनावी समीकरण प्रभावित कर दिए हैं। मुरैना में कांग्रेस के रमेश गर्ग बसपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं तो भिंड से कांग्रेस के टिकट पर पिछला लोकसभा चुनाव लड़ चुके देवाशीष जरारिया ने बागी होकर बसपा के हाथी की सवारी की है। दलबदलू देवाशीष के बसपा का प्रत्याशी घोषित होने से पहले तक भिंड का चुनाव कांग्रेस के पक्ष में जाता दिख रहा था।

पहली वजह भाजपा सांसद संध्या राय से लोग नाराज थे और दूसरा वे मुरैना से हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस प्रत्याशी फूल सिंह बरैया भिंड जिले से हैं। अचानक देवाशीष के बसपा के टिकट पर उतरने से कांग्रेस का गणित गड़बड़ाया है। माना जा रहा है कि देवाशीष कांग्रेस का ज्यादा नुकसान करेंगे। बसपा ने प्रचार तेज भी किया है, हालांकि तब भी मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही माना जा रहा है। भाजपा की संख्या कड़े मुकाबले में फंसी दिख रही हैं।

### खास बातें

- देवाशीष ने कांग्रेस के टिकट पर लड़ा था लोकसभा चुनाव
- बसपा के चुनाव प्रचार तेज करने के बावजूद भी मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच का ही बना हुआ है


फूल सिंह बरैया


संध्या राय


देवाशीष जरारिया

### हार के बाद भी सक्रिय रहे थे बागी देवाशीष

कांग्रेस छोड़कर बसपा से चुनाव लड़ रहे देवाशीष लोकसभा का पिछला चुनाव बड़े अंतर लगभग दो लाख वोटों से हारे थे। लेकिन हार कर वे घर नहीं बैठे थे। क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहे। वे पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह के नजदीक हैं। लेकिन इस बार पार्टी ने उनका टिकट काट दिया तो उन्होंने बगावत कर दी। गोविंद सिंह ने भी अपनी पहली प्रतिक्रिया में टिकट वितरण पर नाराजगी व्यक्त की थी। कांग्रेस में लगातार काम करने के कारण वे चुनाव में इस पार्टी को ही नुकसान पहुंचाएंगे। लोगों से बातचीत में भी वे वोट काटने वाले बताए जा रहे हैं। वे मुकाबले में नहीं रहेंगे लेकिन नुकसान कांग्रेस का करेंगे। इसलिए भी क्योंकि वे भी भिंड जिले से हैं, जहां से कांग्रेस प्रत्याशी बरैया हैं।

### विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग स्थिति

दो जिलों भिंड और दतिया की विधानसभा सीटों को मिला कर बने इस लोकसभा क्षेत्र में कहीं भाजपा मजबूत दिखती है तो कहीं कांग्रेस। दतिया जिले की तीन सीटों में भांडेर से फूल सिंह खुद विधायक हैं इसलिए यहां कांग्रेस बढ़त में दिखती है। दतिया में कांग्रेस ने नरोत्तम मिश्रा जैसे दिग्गज को हराया था, इसलिए यहां भी पार्टी कमजोर नहीं है। सेवढ़ा में मुकाबला बराबरी का बताया जाता है। भिंड जिले की पांच विधानसभा सीटों में से तीन भाजपा और दो कांग्रेस के पास हैं। लेकिन कांग्रेस के फूल सिंह और बसपा के देवाशीष यहां के रहने वाले हैं। भाजपा के अपने तीन विधायक हैं ही। ऐसी स्थिति में तीनों दलों को इस जिले में अच्छे वोट मिल सकते हैं पर मुकाबला भाजपा-कांग्रेस के बीच ही होना तय है।

### कई नेता सक्रिय, कई का रुख साफ नहीं

भिंड लोकसभा सीट में कड़ी टक्कर के बीच कांग्रेस- भाजपा नेताओं की सक्रियता को लेकर भी चर्चा चलने लगी है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह पहले प्रत्याशी चयन को लेकर नाराज थे लेकिन अब सक्रिय नजर आ रहे हैं। बरैया की नैया की जवाबदारी उनके कंधों पर ही है। चौधरी राकेश सिंह भी प्रचार में जुटे दिखते हैं। अटेर से जीते हेमंत कटारे भिंड की बजाय बाहर ज्यादा दिखाई पड़ते हैं। दूसरी तरफ भाजपा से बसपा मे गए डॉ. रामलखन सिंह वापस भाजपा मे आ गए हैं। भाजपा से बागी होकर बसपा से विधानसभा चुनाव लड़े रसाल सिंह ने भी बसपा छोड़ दी है।

### क्षत्रिय खफा, ब्राह्मण वैश्य समर्थन में

भिंड क्षेत्र के जातीय समीकरणों से पता चलता है कि यहां दलित, पिछड़े, क्षत्रिय, ब्राह्मण और वैश्य वर्ग के मतदाताओं का बोलबाला है। दलित का ज्यादा हिस्सा कांग्रेस और बसपा के साथ दिखाई पड़ता है। क्षत्रिय भाजपा से नाराज हैं। ब्राह्मण और वैश्य के साथ पिछड़े वर्ग की ज्यादा जातियां भाजपा के साथ दिखाई पड़ती हैं। कांग्रेस के फूल सिंह बरैया पहले बसपा के प्रदेश प्रमुख हुआ करते थे। उन्होंने अपना अलग दल बनाकर भी दलितों के बीच ज्यादा काम किया है। हालांकि उनके कई बयान विवादास्पद रहे हैं। इसकी वजह से ब्राह्मण समाज बरैया को पसंद नहीं करता।

## चाय पे चर्चा

⏩ एमपी नगर जोन वन स्थित चाय विला पर चाय की चुस्कियों के बीच राजधानी के लोगों के बीच चला चुनावी चर्चाओं का दौर

# कांग्रेस को फिलहाल करना पड़ रहा संघर्ष, प्रदेश में मोदी लहर हो रही हावी

पिछले पैंतीस साल से भाजपा के कब्जे की लोकसभा सीट जीतना आसान तो नहीं है, लेकिन इन सालों में कांग्रेस ने लगातार संघर्ष किया है। इस बार कांग्रेस ने अरुण श्रीवास्तव को टिकट दिया है। उम्मीद है कि लोकसभा क्षेत्र का मतदाता बदलाव करेगा। हालांकि वर्तमान में मोदी लहर चल रही है, ऐसे में कुछ नहीं होने वाला, भाजपा के आलोक शर्मा को रिकार्ड जीत मिलने के पूरे आसार हैं। इस तरह की बातचीत चाय की दुकानों पर चर्चा के दौरान सुनी जा रही हैं। सोमवार को एमपी नगर जोन वन स्थित चाय विला पर चाय की चुस्कियां लेने वाले



राहुल कटारे, सुमित यादव और कोपल सिंह के बीच चुनावी चर्चा सुनी गई। यहां चाय पी रहे राहुल ने भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों को सही बताया, वहीं कोपल ने कहा कि भाजपा का उम्मीदवार इस बार भी रिकार्ड मतों से जीतेगा। पास ही खड़े सुमित यादव ने कहा कि लंबे समय से भोपाल सीट से भाजपा के उम्मीदवार को जीत मिली है, ऐसे में बदलाव होना चाहिए। अगर एक ही पार्टी के उम्मीदवार को लगातार जीत मिलेगी, तो इसका सीधा असर शहर के विकास पर पड़ेगा। इस बार मतदाताओं को चाहिए कि वह उम्मीदवार का बदलाव करें।

## जो हो न सका...

# अपनी पहचान को तरस रहा मिंटो हाल से विस्थापित एशिया का सबसे बड़ा मछली घर




मिंटो हाल से भदभदा रोड पर दस साल पहले विस्थापित किए गए एशिया के सबसे बड़े मछली घर को अभी तक स्वयं का भवन नसीब नहीं हो पाया है। अब लोग भूलते जा रहे हैं कि भोपाल में भी कभी मछली घर हुआ करता था। जबकि इस भवन को बनाने के लिए 50 करोड़ की धनराशि तत्कालीन मंत्री परिषद की बैठक में मंजूर हुई थी। वर्ष 2015 में राज्य सरकार द्वारा मिंटो हाल के करीब 4 दशकों से संचालित होते रहे मछली घर को भदभदा रोड स्थित मत्स्य विभाग के संचालनालय में शिफ्ट किया था। इसके बाद ही मछलीघर भवन बनाने के लिए बाकायदा 50 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की थी। इसके लिए विश्व के कई देशों से नया भवन बनाने के लिए डिजाइन मांगी गई थी। साथ ही पिछले तीन सांसदों ने इस मछली घर को विश्व स्तरीय बनाने के लिए कई घोषणाएं कीं। ताकि देश के सभी क्षेत्रों से यहां पर पर्यटक भ्रमण करने आ सकें। इसके लिए बाकायदा ऐपको द्वारा डिजाइन तैयार की गई थी। यह डिजाइन भी सभी देशों के मछली घरों का अवलोकन करने के बाद तैयार हुई थी। यह डिजाइन कई साल से मंत्रालय में पड़ी है, जिसे अभी तक स्वीकृति ही नहीं मिल पाई है। इधर, कैबिनेट का निर्णय होने के बाद अधिकारियों का दावा था कि अधिकतम 18 माह की अवधि में यह भवन तैयार होगा। क्योंकि यह निर्णय होते ही बाकायदा मत्स्य संचालनालय के बाजू में 4 एकड़ जमीन भी आरक्षित कर ली गई थी। उसके बाद भी अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया है। लोगों को उम्मीद है कि अब यह भवन भी उसी श्रेणी में आ गया, जिसको लेकर लोग कहते हैं कि जो हो न सका।

### मिंटो हाल में था एशिया का सबसे बड़ा मछली घर

मिंटो हाल में एशिया का सबसे बड़ा मछली घर था। यहां की डिजाइन का अवलोकन करके ही जम्मू कश्मीर, हिमाचल यहां तक कि श्रीलंका की सरकारों ने भी अपने यहां पर मछली घरों के निर्माण करवाए हैं। बेल्जियम गिलास से सुसज्जित इस मछली घर के विस्थापन होने के बाद से इसका पूरा पर्यटन उद्योग एक प्रकार से बंद हो गया। अधिकारियों के अनुसार भद्भदा रोड पर संचालनालय की बिल्डिंग में मछली घर शिफ्ट हुआ है तब से पर्यटन उद्योग आधा रह गया है। सिर्फ एक गैलरी में एक्वेरियम रखे हुए हैं और उन पर भी मछलियों के नाम तक नहीं चिपकाए गए हैं, ऐसे में यहां आने वाले सैलानी कैसे जान सकेंगे कि कौन सी मछली किस प्रजाति की है। जबकि विभिन्न देशों और प्रदेशों की अनेक प्रजातियों की मछलियां मिंटो हाल के एक्वेरियम में रहा करती थीं। जगह की कमी होने के कारण यहां पर सैलानियों का रुझान लगातार घटा है।

## बुजुर्ग मतदाता की बात...

# बुजुर्गों के लिए अब घर बैठे मतदान की सहूलियत भी अच्छी बात है...


सुखदेव अग्रवाल
उम्र-74 वर्ष
महामाया चौक, रायसेन

चुनावी चर्चाओं के बीच युवाओं में जहां जोश है, वहीं बुजुर्ग मतदाताओं के चेहरे भी खिले दिख रहे हैं। इसका प्रमुख कारण बुजुर्ग मतदाताओं को घर बैठे वोट करने की सुविधा है। चुनाव के लिए वोटिंग की प्रक्रिया में बदलाव तो हुआ है। पहले पर्ची से वोट डालते थे, अब लोग मशीन से वोटिंग करते हैं। अब बुजुर्गों को घर बैठे मतदान करने की जो सहूलियत मिली है, वह बहुत अच्छी है। इससे मतदान केंद्र पर खड़े होने या लाइन में लगकर वोट करने की आवश्यकता नहीं होने से बुजुर्गों को आराम मिलेगा। इससे वोट देने वाले ऐसे बुजुर्गों की संख्या भी बढ़ेगी। मेरे ख्याल से यह अच्छी बात है। इससे सभी बुजुर्ग मतदाताओं को लाभ मिलेगा।

## फर्स्ट टाइम वोटर

### मप्र में रोजगार के अवसर कम नौकरी मिलती है तो वेतन कम

मप्र में बेरोजगारी की मुद्दा प्रमुख रूप से रहेगा। यहां पर युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है।



यदि कहीं कोई नौकरी मिलती है तो सैलरी कम होती है। इसके चलते यहां से युवा दूसके राज्यों में जाना पड़ता है। अगर हमें संसाधन मिलें तो हम यहां से कहीं नहीं जाए। लोकतंत्र में एक समझदार का वोट और एक कम समझदार का वोट बराबर होता है, समाज में राजनीतिक सोच समझ रखने वाले लोगों की बहुत कमी है। ऐसे में मैं सोच समझकर वोट करूंगी। मैं स्वयं मतदान करने जाऊंगी, साथ ही दूसरे को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करूंगी।

**मुस्कान साहू** युवा मतदाता

### पहले पिछले बार के मेनिफेस्टो का अध्ययन करूंगी, फिर डालूंगी वोट

मैं पहली बार वोट करूंगी। इसके लिए बेहद उत्साहित हूं। मैं किसी राजनीतिक दल से नहीं जुड़ी और वोट करने के



पहले मैं एक बार दोनों ही पार्टियों का मेनिफेस्टो जरूर देखूंगी। इसमें इस बात का अध्ययन करूंगी कि पिछले बार के मेनिफेस्टो में जो बातें कही गई थीं, वह पूरी हुई या नहीं, ऐसे नेता को चुनना पसंद करूंगी जो मेरे जैसे युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने को लेकर अच्छी योजना लागू करे। बहुत से राजनीतिक दल जाति और धर्म की राजनीति कर रहे हैं । लेकिन मैं इसे सही नहीं मानती, हालांकि कई लोग इससे प्रभावित हो जाते है। मैं लोकतंत्र के इस महापर्व में मैं मतदान अवश्य करूंगी। साथ ही दूसरों को भी प्रेरित करूंगी।

**प्रतीक्षा प्रजापति**, युवा मतदाता

### केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज मांधाता और राजपुर में करेंगे जनसभा



**भोपाल।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 30 अप्रैल को खण्डवा एवं बड़वानी जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान राजनाथ सिंह जनसभाओं को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्रीराजनाथ सिंह दोपहर 12:50 बजे खण्डवा जिले के मांधाता विधानसभा के पुनासा में पार्टी प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद सिंह दोपहर 2:20 बजे खरगौन लोकसभा के बड़वानी जिले के राजपुर विधानसभा के ग्राम टिकरी में जनसभा को संबोधित करेंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जौरा, अम्बाह और मुरैना में कार्यकर्ता सम्मेलन ऑको किया संबोधित

# कांग्रेस ने हमेशा सेना का अपमान कर मुरैना की जनता का अपमान किया : विष्णुदत्त

## प्रदेश महासचिव, पूर्व विधायक के बेटे समेत सैकड़ों भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को मुरैना लोकसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के समर्थन में जौरा, अम्बाह और मुरैना में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और कांग्रेस नेताओं ने हमेशा सेना का अपमान कर मुरैना की जनता का अपमान किया है। मुरैना के हजारों सपूत



सरहदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शर्मा ने कहा कि मुरैना के कई जवानों ने भी देश की सीमाओं पर अपना बलिदान दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीपावली पर हमेशा जवानों का हौसला बढ़ाने सीमाओं पर जाकर त्योहार मनाकर उनका मान-सम्मान बढ़ाते हैं, लेकिन राहुल गांधी और दिग्विजय सिंह ने हमेशा सेना के शौर्य पर सवाल उठाया है। आज भारत में आतंकवादी आने से डरते हैं और नया भारत अब घर में घुसकर मारता है, क्योंकि अब देश में भाजपा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी को ऐतिहासिक बहुमत से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है, ताकि भारत में विकास की रफ्तार कम नहीं हो और और 2047 तक भारत को विश्वगुरु बनाने का संकल्प पूरा हो सके।

सहित सैकड़ों लोग भाजपा में शामिलः भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान प्रदेश कांग्रेस के महासचिव रविन्द्र सिंह सिकरवार, पूर्व विधायक के बेटे और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भानू प्रताप सिंह चिंटू, अभय प्रताप सिंह सिकरवार, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष पार्वती जाटव, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, क्षत्रिय महासभा के युवा अध्यक्ष दिलीप सिंह सिकरवार सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

### लोकसभा का यह चुनाव धर्म और अधर्म के बीच का हैः तोमर

*कार्यकर्ता सम्मेलन में मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी से राम मंदिर निर्माण में हमेशा से रोड़े अटकाए हैं। लोकसभा का यह चुनाव धर्म और अधर्म के बीच का है। तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कारण आज अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा संभव हो पाई। कांग्रेस पहले कहती थी राम मंदिर बनाएंगे, लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। भाजपा ने कांग्रेस को तारीख भी बताई और राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में आने का निमंत्रण भी दिया गया, लेकिन कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए उसे ठुकरा दिया।*



### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुरैना में भरवाए आयुष्मान योजना के फार्म

*भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार शाम मुरैना के वार्ड-45 स्थित न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 88 वर्षीय भूरे सिंह तोमर के निवास पर पहुंचकर आयुष्मान लाभ विस्तार अभियान के तहत आयुष्मान भारत योजना का फॉर्म भरवाया।*

रांची के हरमू स्थित भाजपा मीडिया सेंटर पहुंचे मुख्यमंत्री

# कांग्रेस ने हिंदुओं की भावनाओं के साथ कुठाराघात किया: डॉ.यादव




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को रांची (झारखंड) के हरमू स्थित भाजपा के मीडिया सेंटर में पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा हिन्दुओं के साथ भेदभाव किया और उनका अपमान किया। कांग्रेस ने हिन्दुओं की भावनाओं के साथ कुठाराघात किया है। कांग्रेस भावनाएं नहीं समझती, वह तो भावनाओं के साथ खिलवाड़ करती है। कांग्रेस ने मुस्लिम तुष्टीकरण की नीति पर काम किया है और हिन्दुओं को दूसरे चश्मे से देखा है। प्रधानमंत्री मोदी परिवारवाद की राजनीति के खिलाफ लड़ रहे हैं। सीएम ने कहा, कांग्रेस ने आजादी के बाद से 70 साल तक शासन किया, लेकिन वह 70 सालों में देश की समस्याओं को खत्म नहीं कर पाई। पीएम मोदी ने 70 साल की समस्याओं को 10 साल में सुलझाया है।

### सीएम आज विदिशा मुरैना में सभा, भोपाल में करेंगे रोड-शो

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को विदिशा, मुरैना व भोपाल में चुनाव प्रचार करेंगे। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा मुरैना, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चैहान विदिशा, लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह भोपाल, सह प्रभारी सतीश उपाध्याय भोपाल, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अशोकनगर व गुना, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ग्वालियर, मंत्री प्रहलाद पटेल अशोकनगर, वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा रायसेन के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 10.35 बजे विदिशा लोकसभा के रायसेन में जनसभा, दोपहर 12 बजे मुरैना के विजयपुर में जनसभा, दोपहर 2.20 बजे श्योपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। सीएम दोपहर 3.30 बजे बैरसिया में आयोजित रोड-शो में शामिल होंगे।

### चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया

इसके पूर्व प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भगवान बिरसा की प्रतिमा देकर, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी बजरंगी यादव ने चांदी का मुकुट एवं बांसुरी भेंटकर सम्मान किया।

पूर्व सीएम ने मंदिर में दर्शन-पूजन कर शुरू की जन-आशीर्वाद यात्रा

# कांग्रेस का नेतृत्व बचकाना, न दिशा न दृष्टिः शिवराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को विदिशा लोकसभा की सांची विधानसभा में जन-आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री ने दुर्गा माता मंदिर में दर्शन-पूजन किए। चौहान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, कांग्रेस अपनी गलत नीतियों के कारण, गलत फैसलों के कारण और ऐसा नेतृत्व जो बचकाना है, जिनमें न दिशा है न दृष्टि है, उसके कारण जनता पूरी तरह से निराश हो गई। अब इंदौर से कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम, जिनको टिकट मिला था, वो ही भाजपा में



शामिल हो गए हैं। किसी पार्टी की इतनी दुर्गति की कोई कल्पना कर सकता था, लेकिन लोग मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हैं और विश्वास है कि, देश का विकास और जनता का कल्याण होगा तो केवल भारतीय जनता पार्टी ही करेगी।

### कोई बहन गरीब नहीं रहेगी

पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि, मैंने बचपन में देखा था कि, बेटा-बेटी में भेदभाव किया जाता था, बहनों के दुख-दर्द देखकर मन में पीड़ा होती थी। इसलिए मुख्यमंत्री बनते ही सबसे पहले लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू की। अब तक मध्यप्रदेश में 15 लाख बहनें लखपति दीदी बन चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि, 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाना है। कोई बहन गरीब नहीं रहेगी। चौहान ने कहा कि, विदिशा लोकसभा क्षेत्र में अब यहां विकास को और आगे बढ़ाना है। हम सब मिलकर विदिशा को आदर्श लोकसभा बनाएंगे। चौहान ने कहा कि, मोदी के नेतृत्व में एक गौरवशाली, वैभवशाली, शक्तिशाली, सम्पन्न और समृध्द भारत का निर्माण हो रहा है। भारत को घपले-घोटालों का देश कहा जाता था, लेकिन 2014 के बाद से पूरी दुनिया में भारत का डंका बजा है।

भाजपा ने निर्वाचन अधिकारी से की शिकायत

# गृहमंत्री शाह के कूटरचित वीडियो पर लगाई जाए रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक लिखित शिकायत प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को की गई है, जिसमें देश के गृह मंत्री अमित शाह के एक कूटरचित वीडियो को बनाने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई किए जाने तथा कूटरचित वीडियो पर रोक लगाने की मांग की गई है। भाजपा के न्यायिक एवं निर्वाचन विभाग के प्रभारी मनोज द्विवेदी, सह प्रभारी अशोक विश्वकर्मा एवं विधि प्रकोष्ठ के निमिष अरजरिया द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को की गई शिकायत में कहा गया है कि देश के गृह मंत्री अमित शाह का एक कूटरचित वीडियो वी-6 नामक तेलुगु समाचार चैनल पर प्रसारित किया जा रहा है, जिसमें गृह मंत्री को एससी, एसटी एवं ओबीसी के आरक्षण के बारे में टिप्पणी करते हुए दिखाया गया है। वास्तव में शाह ने ऐसा कभी नहीं कहा।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 30 अप्रैल 2024





**यहां 42 डिग्री के ऊपर पारा**

*खंडवा, खरगौन, दमोह, खजुराहो, रीवा, सतना में पारा 42 डिग्री या इससे अधिक रहा है। सर्वाधिक अधिकतम पारा रीवा में 42.4 डिग्री रहा। भोपाल में 41, जबलपुर, मंडला, सीधी, नरसिंहपुर, टीकमगढ़, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, शिवपुरी आदि जिलों में पारा 41 से 42 डिग्री के बीच रहा है। इससे प्रदेशभर में गर्मी का असर बढ़ गया है।*

*आधा दर्जन से ज्यादा जिलों में 42 डिग्री पर गर्मी के तेवर, आज एक से दो डिग्री और होगी वृद्धि*

## भोपाल सहित प्रदेशभर में 41 डिग्री के करीब पारा सात वा आठ मई को छाएंगे बादल, पड़ेंगी बौछारें

*मई के पहले सप्ताह में लू नहीं चलेगी, 20 मई के बाद गर्मी चरम पर, पारा तोड़ेगा रिकॉर्ड*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में गर्मी के तेवर तीखे हो रहे हैं। सोमवार को भोपाल सहित ज्यादातर जिलों में दिन का तापमान औसतन एक डिग्री बढ़कर 40 डिग्री के ऊपर पहुंच गया।

जबकि आधा दर्जन जिलों में पारा 42 डिग्री के पार रहा। हालांकि, मई के पहले सप्ताह के अंत में मौसम में फिर बदलाव होने से भोपाल सहित कई जिलों में बादल, बौछारों का दौर चलेगा। इससे मई के पहले सप्ताह में लू का प्रकोप नहीं होगा। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार तक सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और पांढुर्णा जिलों में कहीं कहीं बादल, तेज हवा के साथ गरज चमक की स्थिति बन सकती है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार मौसम साफ होने के साथ ही धूप में तेजी बढ़ेगी, इससे तापमान में अभी लगातार वृद्धि होगी। दो दिन में पारा एक से 2 डिग्री तक और बढ़ेगा।

**मई के पहले सप्ताह में फिर बदलेगा मौसम**

श्री शुक्ला के अनुसार मई के पहले सप्ताह में मौसम फिर बदलेगा। 4 मई को एक पश्चिमी विक्षोभ आएगा। इससे प्रदेश में 7 से 8 मई के आसपास बादल, तेज हवा और कहीं-कहीं बारिश भी होगी। भोपाल में भी बादल और बौछारों की उम्मीद है। वर्तमान में विदर्भ से लेकर मराठवाड़ा और कर्नाटक तक हवा में बदलाव जारी है। इससे प्रदेश में गर्मी का असर ब रहा है। यह क्रम अभी तीन से चार दिन जारी रहेगा।

**सप्ताह में घटता बढ़ता रहेगा पारा**

शुक्ला के अनुसार मई के पहले सप्ताह में मौसम बदलने से तापमान में घट बढ़ होगी। इससे 8 मई तक लू चलने की उम्मीद नहीं है। इसके बाद गर्मी में तेजी से इजाफा होगी। 20 मई के बाद लू और गर्मी चरम पर पहुंचेगी।

---

### जिन्हें शिफ्ट किया व अन्य लोग आ रहे हैं टूटे मकान देखने

## भदभदा बस्ती हटाई, नहीं हटाया मलबा, फिर होने लगा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एनजीटी के आदेश पर निगम प्रशासन ने पहली सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए जिस भदभदा बस्ती को हटाया था, वहां टूटे मकानों का मलबा पड़ा हुआ है। वहीं टूटे खंडहर मकान में कुछ लोग रह भी रहे हैं। साथ ही 40 साल से चल रही थोक सब्जी की नीलामी भी रोजाना हो रही है। जिला प्रशासन व नगर निगम द्वारा इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे यह बस्ती दोबारा अस्तित्व में आ सकती है।

जिला प्रशासन व नगर निगम ने एनजीटी के आदेश के पालन की सिर्फ खानापूर्ति कर बस्ती को अवैध रूप से दोबारा बसाने का रास्ता खोल दिया है। भदभदा बांध के पास बड़े तालाब के किनारे की इस बस्ती का दायरा लगातार बढ़ रहा था। बस्ती लगातार बढ़ती गई तो नए बने पुल का एक हिस्सा कब्जे में हो जाएगा। इसी कारण एनजीटी के आदेश से पुरानी भदभदा बस्ती में रहने वाले 386 मकानों को यहां से हटाया गया था।




**प्रशासन ने ध्यान हटाया, फिर बसने लगी बस्ती**

प्रशासन ने उनको मदद के रूप में एक.एक लाख के चेक और शिफ्टिंग की व्यवस्था की थी। इसके बाद एक माह तक अवैध रूप से कब्जे करने वालों पर ध्यान दिया गया, लेकिन अब इस बस्ती से मलबा हटाने की जगह बस्ती को पूरी तरह से लावारिस हालत में छोड़ दिया गया। यही कारण है कि बस्ती फिर बसने लगी है। इस बस्ती में दोबारा रहने आए अनबर ने बताया कि उनका मकान तोड़ा नहीं गया था। उन्हें पूरी तरह से मुआवजा भी नहीं मिला। इसलिए वापस आ गए। जबकि थोक सब्जी की नीलामी कर रहे अशरफ का कहना है कि सब्जी की नीलामी सिर्फ उन्हीं दिन रुकी थी, बस्ती से लोगों को शिफ्ट किया जा रहा था। सब्जी की नीलामी कभी नहीं रुकी और न ही इसे रोकने के लिए कोई आदेश है।

**दोबारा कार्रवाई करवाएंगे**

एनजीटी आदेश के बाद कोई भी व्यक्ति दोबारा कब्जा नहीं करता, जब तक उसे राजनीतिक संरक्षण न मिले। इसको लेकर दोबारा केस दायर कर दोषियों पर कार्रवाई करवाएंगे।

**सुभाष सी पांडे,**
पर्यावरणविद

---

*एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ ने बढ़ाई सुरक्षा, चैकिंग के बाद फर्जी अफवाह होने पर दर्ज कराया प्रकरण*

## एयरपोर्ट पर बम रखने की धमकी भरा मेल गांधीनगर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित राजा भोज विमानतल पर सोमवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ई मेल आईडी पर एयरपोर्ट पर बम रखने की सूचना मिली। एयरपोर्ट की ई मेल आईडी पर मिली इस धमकी के बाद सीआईएसएफ की टीम ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई।

सीआईएसएफ की टीम ने एयरपोर्ट का निरीक्षण किया था। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को और भी बढ़ा दिया गया। पुलिस ने बताया कि उक्त मेल केवल भोपाल एयरपोर्ट पर ही नहीं आया है।



इसके अलावा कुछ अन्य एयरपोर्ट भी इसी तरह की धमकी भरा मेल भेजा गया था।

पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह करीब 9 बजे के आसपास एयरपोर्ट अथॉरिटी की मेल आईडी पर एक मेल आया है। मेल करने वाले ने अंग्रेजी में लिखा था कि एयरपोर्ट पर तीन बम रखे गए हैं और कुछ देर में वह ब्लास्ट हो जाएंगे। इस मेल को भोपाल के अलावा अन्य कुछ एयरपोर्ट पर भी टैग किया गया था।

एयरपोर्ट अथॉरिटी के मुख्य सुरक्षा अधिकारी विशाल कुमार शर्मा ने शिकायत गांधीनगर पुलिस को दी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आईडी फेक लग रही है। उसका आईपी एड्रेस ट्रेस करने के लिए सायबर क्राइम ब्रांच पुलिस की मदद ली जा रही है।

---

**आरटीओ कार्यालय के हाल**

## वाहन पोर्टल सर्वर धीमा होने से पंजीयन, फिटनेस का काम घंटों तक अटके

**भोपाल।** भोपाल आरटीओ कार्यालय में पिछले कुछ माह से परिवहन विभाग के ऑनलाइन कार्य राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के पोर्टल परिवहन सारथी और वाहन-चार पोर्टल से हो रहे हैं। एनआईसी के जरिए काम रफ्तार नहीं पकड़ पा रहे हैं। आए दिन सर्वर डाउन होने की शिकायत सामने आ रही है। सोमवार को भी सुबह आरटीओ के खुलने के साथ ही सर्वर धीमा होने की शिकायत देखने को मिली। इसके चलते वाहनों की फिटनेस अटक रही है। वाहनों के पंजीयन कराने में डीलर से लेकर वाहन मालिकों के परेशान होना पड़ रहा है। हालांकि बाद में सर्वर आ गया। इसके बाद सुचारू रूप से काम शुरू हो सका। लेकिन इसके पहले घंटों तक आवेदकों को परेशान होना पड़ा।

---

## हाउसिंग फॉर ऑल वाले पीएम आवासों को सितंबर माह तक सौंप दिए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- नगर निगम आयुक्त ने राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में बन रहे पीएम आवासों का किया निरीक्षण

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने हाउसिंग फॉर ऑल के तहत बाग मुगालिया में नॉन स्लम ईडब्ल्यूएस आवासों व 12 नंबर आवासीय परियोजना के एमआईजी आवासों सहित अन्य कार्यों का अवलोकन किया। 12 नंबर आवासीय परियोजना के तहत एमआईजी आवासों के एम 1, एम 2, एम 3 ब्लॉकों के फिनिशिंग सहित संपूर्ण कार्य 15 जुलाई, 15 अगस्त एवं 15 सितम्बर तक हर हाल में पूर्ण कर आधिपत्य सौंपने के उन्होंने निर्देश दिए। साथ ही आवासों व आसपास की बेहतर साफ-सफाई कराने, विद्युत ट्रांसफार्मर एवं विद्युत संबंधी अन्य कार्यों को 30 जून तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए।



**निगम आयुक्त के निर्देश कार्य शीघ्र पूर्ण करें**

निगम आयुक्त ने बाग मुगालिया ईडब्ल्यूएस आवासों की बेहतर ढंग से फिनिशिंग एवं रिपेयरिंग वर्क श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर शीघ्रता से पूर्ण करने तथा सम्पवेल निर्माण का कार्य भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त निधि सिंह, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

---

**राजधानी में पैक मसालों के खिलाफ अभियान**

## किचन किंग, फिश करी सहित 14 मसालों के लिए गए नमूने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एफएसएसएआई के निर्देश के बाद राजधानी में पैक मसालों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया गया है। खासतौर से एमडीएच और एवरेस्ट कंपनी के मसालों की जांच की जा रही है। दूसरे दिन सोमवार को भी खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने फिश करी, पानी पूरी, चाट मसाले, गरम मसाला, चिकन-मटन मसाला सहित अन्य के सैंपल लिए। सभी सैंपलों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच के बाद ही मिलावट का खुलासा होगा।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अमले ने सोमवार को एमडीएच और एवरेस्ट मसाला के होलसेल कारोबारियों के यहां दबिश दी। इस दौरान एमडीएच और एवरेस्ट मसालों के साथ ही पतांजली कंपनी के मसाले का भी सैंपल लिया गया।

**सैंपलों में मिलावट की जांच होगी**

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मिक्स मसाले, सांभर मसाले, चिकन और मटन मसाला, फिश करी सहित अन्य के 14 सैंपल लिए हैं। इन सभी सैंपलों को केमिकल के मिलावट की अशंका के चलते लिया गया है। एफएसएसएआई द्वारा चिंहित लैब में इन मसालों को जांच के लिए भेजा जा रहा है। जांच के बाद ही साफ हो सकेगा कि इनमें खतरनाक केमिकल की मिलावट है कि नहीं। इसके पहले रविवार को अमले ने आधा दर्जन सैंपल लिए थे।

---

**अमले ने 20 अप्रैल को रेस्टोरेंट से जब्त की थी विदेशी शराब**

## एक दिन पुराने लाइसेंस पर पिला रहे थे शराब, गुमास्ता और फूड लाइसेंस रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- अनाधिकृत रूप से शराब परोसी जा रही थी

एमपी नगर स्थित एटमॉस्फियर रेस्टोरेंट को अवैध रूप से ग्राहकों को शराब पिलाना भारी पड़ गया है। वह भी एक दिन पुराने लाइसेंस (एफएल-5) पर। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सोमवार को श्रम विभाग को इस रेस्टोरेंट का गुमास्ता और खाद्य सुरक्ष प्रशासन को इसका फूड लाइसेंस निरस्त करने के आदेश जारी किए हैं। सहायक आबकारी आयुक्त दीपक रायचुरा के मुताबिक, आबकारी अमले ने एटमॉस्फियर रेस्टोरेंट पर 20 अप्रैल को छापा मारा था। यहां पर ग्राहकों को अनाधिकृत रूप से शराब परोसी जा रही थी।

अमले ने यहां से 5.82 लीटर विदेशी शराब और 9.75 लीटर बीयर जब्त की थी। संचालक सुनील भोजवानी और दो ग्राहक विकास और गीतेश मेघानी पर प्रकरण दर्ज किए थे। कारण बताओ नोटिस दिया था। भोजवानी ने बताया था कि वह एक दिन के लाइसेंस के आधार पर लोगों को शराब पिलाता था, आचार संहिता के कारण लाइसेंस जारी नहीं हुआ था।

**एक सप्ताह पहले भी ऐसा ही मामला आया था**

इससे एक सप्ताह पहले भी इस रेस्टोरेंट के तत्कालीन मैनेजर संतोष द्विवेदी पर भी इसी तरह के मामले में प्रकरण दर्ज किया गया था, जिसमें उसपर सीजेएम कोर्ट द्वारा एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया था। और अगली बार से अवैध शराब न पिलाने की चेतावनी भी दी गई थी। दोबारा इस तरह का कृत्य करने पर कलेक्टर ने सोमवार को रेस्टोरेंट संचालक भोजवानी के खिलाफ कार्रवाई की।

---

*पंजीयन विभाग ने संपदा साफ्टवेयर में खोली रेरा की विंडो*

## अब रजिस्ट्री कराने से पहले ही सामने आ जाएगा कॉलोनी की परमिशन का रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अब कोई भी व्यक्ति फ्लैट, डुप्लेक्स और प्लॉट की रजिस्ट्री कराने से पहले उस प्रोजेक्ट या बिल्डिंग से जुड़ी अहम जानकारी हासिल कर सकेगा। इसके लिए पंजीयन विभाग ने रेरा की साइट को लिंक कर दिया है। ऐसे में कोई भी प्रापर्टी खरीदने के पहले यह पता लगाया जा सकता है कि इस प्रोजेक्ट की वर्तमान स्थिति क्या है। इसके लिए क्या-क्या अनुमति ली गई हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि लोग बिल्डरों के झांसे में नहीं फंसेंगे। पंजीयन विभाग के संपदा टू साफ्टवेयर में नई व्यवस्था की गई है।

फर्जीवाड़ा रोकने के लिए विभाग ने अपनी साइट पर दो नई विंडो खोली हैं।

एक में बिल्डर का रेरा में रजिस्ट्रेशन है या नहीं, उसके पास टाउन एंड कंट्री प्लानिंग का एप्रूवल है या नहीं। बिल्डिंग परमिशन, जमीन का मालिक कौन है, डेवलपमेंट टीम में कौन-कौन शामिल है, खसरे की जानकारी, प्लॉट का ले-आउट ऐरिया क्या है, प्रोजेक्ट का स्टेटस और यहां तक की उसे बनाने वाले इंजीनियर का सर्टिफिकेट है या नहीं। इसकी जानकारी दी गई है। अगर किसी बिल्डर का नाम इस सूची में नहीं है तो उसे रेरा रजिस्ट्रेशन से बाहर माना जाएगा। दूसरी विंडो में कृषि भूमि के नामांतरण संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है कि जमीन किसके नाम पर है।




**ऐसे मिलेगी खरीदारों को जानकारी**

रजिस्ट्री में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए अब तक सिर्फ भू सम्पदा की लिंक के माध्यम से ये पता लगा सकते थे कि जमीन का मालिक कौन है। अब ये सुविधा जनता के लिए खोल दी है। इसके लिए पंजीयन विभाग की वेबसाइट एमपीआईजीआर पर जाकर ये जानकारी देखकर फ्लेट, प्लॉट, डुप्लेक्स में फर्जीवाड़े से बचा जा सकता है। ये सुविधा प्रदेश भर के सभी जिलो के लिए ओपन की गई है। इसमें सभी जिले में रेरा से रजिस्टर्ड बिल्डरों का रिकॉर्ड, खसरे की कॉपी और नामांतरण से जुड़े भू संम्पदा संबंधि दस्तावेज अपलोड किए गए हैं।

---

**समर सीजनः मुंबई, पुणे, गोवा रूट की ट्रेनों में एक महीने की वेटिंग, तत्काल टिकट भी 4 से 5 दिन में क्लीयर**

*बस संचालक 20 से 30 फीसदी अधिक किराया वसूल रहे, रेलवे चला रहा स्पेशल ट्रेन इनका भी किराया अधिक*

## 45 दिन के इस समर वोकेशन में भोपाल से 31 लाख लोग बाहर घूमने जाएंगे, यह आंकड़ा कोरोना के कुछ वर्षों के मुकाबले तीन गुना अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित मप्र के अधिकांश स्कूलों समर वोकेशन शुरू हो गए हैं। बचे स्कूलों में एक मई से शुरू होने जा रहे हैं। इसके साथ ही घूमने के लिए बाहर जाने वालों का सिलसिला भी शुरू हो चुका है।

अनुमान है कि 1 मई से 15 जून तक शहर के दोनों स्टेशन से करीब 31 लाख यात्री जाना-आना करेंगे। इनमें पास के शहरों से यहां आकर जाने वाले भी शामिल हैं। यह आंकड़ा कोरोना काल के कुछ सालों के मुकाबले तीन गुना अधिक है। 2020 से 2023 तक कोरोना के मामले सामने आते रहे हैं। पर अब देश व विदेशों में कोरोना खत्म हो गया है। इसके चलते भोपाल सहित मप्र से लोगों ने घूमने का मन मनाया है तो 10 मई से चार धाम की भी यात्रा शुरू हो रही है। इससे ट्रेनों,बसों व फ्लाइटों में वेटिंग लिस्ट अधिक देखने को मिल रही है।

समर सीजन में ट्रेनों भी भीड़ भाड़ व टिकट कंफर्म नहीं होने के चलते बड़ी संख्या में लोग बसों में सफर करना पसंद करते हैं। इसको देखते हुए कई रूटों पर बस संचालकों ने किराया बढ़ा दिया है। इसके चलते बसों में सफर करने पर यात्रियों को दो से तीन गुणा तक अधिक किराया देना होगा।

**10 मई से चार धाम यात्रा हो रही शुरू**




**इन रूटों की ट्रेनों में अधिक वेटिंग**

जिन रूट पर एक महीने से ज्यादा की वेटिंग हैं, उनमें भोपाल से गोरखपुर, अयोध्या, चंडीगढ़, पटना, लखनऊ, गोवा, बेंगलुरु, बनारस, मुंबई, पुणे प्रमुख हैं। इन रूटों की ट्रेनों में तत्काल टिकट भी 4 से 5 दिन में मिल रहे हैं, क्योंकि एक ट्रेन में 150 से 200 का ही कोटा है। हालांकि रेलवे की ओर से भोपाल रेल मंडल से 12 से 15 के करीब स्पेशल ट्रेनें गुजरेगी।

**स्पेशल ट्रेनों में 15 से 30 फीसदी तक अधिक किराया**

रेलवे की ओर से इस साल यात्रियों की सुविधा के तहत करीब 9111 फेरों के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इनमें करीब 28 से अधिक स्पेशल ट्रेनें गुजरेंगी, जो तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों से गुजरेंगी, जिससे इन राज्यों में जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। लेकिन इन स्पेशल ट्रेनों का 15 से 30 फीसदी किराया अधिक होने से यात्रियों को खासी समस्या का सामना करना पड़ेगा।

**फैक्ट फाइल**

- अभी हर दिन भोपाल से 135 से 142 के करीब ट्रेनें गुजरती हैं। वहीं इस समर सीजन में इनकी संख्या 145 से 155 के करीब रहेगी।
- अभी औसतन 45 से 55 हजार यात्री प्रतिदिन सफर करते हैं, लेकिन समर सीजन में 70 हजार यात्री प्रतिदिन आना-जाना करेंगे। इस हिसाब से इस साल 45 दिन में 31 लाख लोग यात्रा करेंगे।

**समर सीजन में लिया जा रहा है ये किराया**

**भोपाल से पुणे (लग्जरी, स्लीपर कैटेगरी)**

- अभी का किराया 1400 से 1,800 रुपए तक।
- समर सीजन के दौरान अधिकतम 2100-2300 तक किया गया है।

**भोपाल से जयपुर**

- अभी किराया 1200 से 1,520 रुपए तक।
- समर सीजन में 2,500-2810 तक।

**भोपाल से अहमदाबाद**

- अभी का किराया 1000 से 1850 रुपए तक।
- समर सीजन में अधिकतम किराया 2500-3,500 तक।

---

## कोच्चुवेली-नई दिल्ली के मध्य स्पेशल ट्रेन

**भोपाल।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मकाल में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने 06071/06072 कोच्चुवेली-नई दिल्ली-कोच्चुवेली के मध्य स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह भोपाल मंडल के इटारसी, भोपाल, बीना स्टेशन पर रुकेगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक सौरभ कटारिया ने बताया कि ट्रेन 31 मई तक प्रत्येक शुक्रवार को कोच्चुवेली से 14.15 बजे प्रस्थान कर, रविवार को 4.55 बजे इटारसी, 6.45 बजे भोपाल, 8.45 बजे बीना और अन्य स्टेशनों से होते 19.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 06072 एक्सप्रेस ट्रेन 3 जून तक प्रत्येक सोमवार को नई दिल्ली स्टेशन से 5.10 बजे प्रस्थान कर, 13.35 बजे बीना , 15.25 बजे भोपाल 17.10 बजे इटारसी अन्य स्टेशनों से होते तीसरे दिन बुधवार को 07.10 बजे कोच्चुवेली स्टेशन पहुंचेगी।

## जैकेट का शेष

### जहां 'दम'...

अक्षय के साथ सभी प्रत्याशियों के नामांकन वापस कराए जाना थे। इसके लिए खुद कैलाश विजयवर्गीय अपनी टीम के साथ अंतिम समय अपरान्ह 3 बजे तक मोर्चे पर डटे रहे, लेकिन ऑपरेशन पूरा नहीं हो सका। अक्षय बम सहित 9 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन वापस ले लिए। इसके बाद भी भाजपा के शंकर लालवानी सहित 14 उम्मीदवार मैदान में शेष हैं। अब इनके बीच चुनाव होगा। हालांकि दो प्रत्याशियों धर्मेंद्र झाला और दिलीप ठक्कर ने कहा है कि उन्होंने नामांकन वापस नहीं लिए हैं, फिर भी उनका नाम नामांकन वापस लेने वालों की सूची में शामिल हैं। बता दें, सूरत में कांग्रेस सहित सभी प्रत्याशियों के या तो नामांकन निरस्त हो गए थे, यह नामांकन वापस ले लिए गए थे। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध विजयी घोषित कर दिए गए थे।

कांग्रेस अध्यक्षों को दे देना चाहिए इस्तीफाः अक्षय बम द्वारा नामांकन वापस लेने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मैंने पहले ही कहा था, मध्यप्रदेश पूरा मोदी मय हुआ है, पूरे देश में प्रचंड आंधी चल रही है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जिस नगर में रहते हों, उस जिले का प्रत्याशी यदि अपनी लोकसभा की टिकट लौटा रहा है तो इसका मतलब है कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष को अपना इस्तीफा दे देना चाहिए।

### अक्षय के खिलाफ...

कि आपको वोट के अधिकार का इस्तेमाल नहीं करना है। मैं प्रार्थना करता हूं कि आपको अगर लोकतंत्र में विश्वास है तो इस तानाशाही के खिलाफ खड़ा होना पड़ेगा।

### भाजपा-कांग्रेस...

बम के नामांकन वापस लेने के बाद भाजपा निर्विरोध निर्वाचन कराने की कोशिश में थी। इसे देखते हुए बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता भी कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंच गए। कांग्रेस नेताओं ने आशंका जताई कि अधिकारी गड़बड़ी कर सकते हैं।

### असम से 1 गिरफ्तार...

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने अपने एक्स हैंडल पर दी है। दिल्ली पुलिस के अनुसार विशेष सेल ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर आरक्षण के मुद्दों के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण के एक फर्जी वीडियो के प्रसार के संबंध में एक एफआईआर दर्ज की है। गृह मंत्रालय ने शिकायत में लिखा था कि यह पाया गया है कि फेसबुक और ट्विटर के उपयोगकर्ताओं द्वारा कुछ छेड़छाड़ किए गए वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं। केस दर्ज होने के बाद अब स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस यूनिट ने जांच शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस ने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर करने के लिए तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को एक मई को जांच में शामिल होने के लिए समन भेजा है। पुलिस ने तेलंगाना सीएम को समन के साथ-साथ यह भी कहा है जिस फोन से उन्होंने गृह मंत्री के वीडियो को शेयर किया था, वो भी साथ लेकर आएं। इस फेक वीडियो में अमित शाह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ों के लिए आरक्षण कोटा खत्म करने की वकालत करते नजर आ रहे हैं। इधर, नोटिस पर सीएम रेवंत ने कहा कि हम डरने वाले नही हैं, ये चुनाव जीतने के लिए भाजपा का नया पैंतरा है।

### मसालों में टायफॉइड...

पर कार्रवाई का मामला सामने आया है। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) से मिली जानकारी से खुलासा हुआ है कि अमेरिका ने अब तक एमडीएच एक्सपोर्ट का करीब एक तिहाई हिस्सा खारिज कर दिया। जबकि अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच इनकार की दर 15 फीसदी थी। संयुक्त राज्य अमेरिका के सीमा शुल्क अधिकारियों ने पिछले छह महीनों में साल्मोनेला मिले होने के चलते महाशियान दी हट्टी (एमडीएच) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्यात किए गए सभी मसाला शिपमेंट में से 31 प्रतिशत को अस्वीकार कर दिया। इसके अलावा डेटा से खुलासा हुआ है कि अक्टूबर 2020 से अब तक साल्मोनेला मिश्रण के चलते एमडीएच के सभी एक्सपोर्ट खारिज किए थे। अक्टूबर 2023 के बाद से खारिज किए गए शिपमेंट की दर 15 प्रतिशत से बढ़कर दोगुना हो गई है।

### एंट्री रोक देने के ...

*उन शिपमेंट को खारिज किया गया है जिनमें मसाले, फ्लेवर्स और साल्ट थे। इनमें से आधे शिपमेंट में साल्मोनीला मिलावट के चलते रोका गया। दोनों ही कंपनियों की तरफ से इस बारे में कोई बयान नहीं आया है।*

### भोजशाला में सर्वे...

में सीनियर एडवोकेट विष्णुशंकर जैन (नई दिल्ली) और विनय जोशी ने हाईकोर्ट में तर्क रखे। एएसआई का कहना है कि वर्तमान ढांचे को सुरक्षित रखते हुए सर्वे करने में अधिक समय लग रहा है। इसलिए, हमने अतिरिक्त समय मांगा है। अभी एएसआई की टीम वहां लगातार सर्वे कर रही है। सर्वे के दौरान दोनों पक्ष के लोग मौजूद रहते हैं। साथ ही एएसआई टीम को सर्वे में कई अहम सबूत मिले हैं। इन्हीं सबूतों के आधार पर यह तय होगा कि भोजशाला मंदिर है या मस्जिद। सर्वे पूरा होने के बाद एएसआई की टीम चार जुलाई को फाइनल रिपोर्ट कोर्ट में सौंपेगी।

## पेज 1 का शेष

### उनसे सीधी बात...

है कि यहां भी भाजपा सभी सीटें जीतेगी। पिछले विधानसभा चुनाव में सरकार से आऊट होने के बाद 11 में से 9 सीटें जीती थीं, इस बार पूरी सीटें जीतेंगे। हमारी सरकार ने तीन माह में जो काम किया है, इसी के साथ कांग्रेस में जिस तरह का बिखराव है, उससे भरोसा है कि जनता भाजपा को सभी सीटों पर आशीर्वाद देगी।

**सवालः**कांग्रेस ने बड़े-बड़े दिग्गज मैदान में उतारे हैं, भाजपा ने अपने सासंदों की टिकट काट दी, क्या कहते हैं?

**जवाबः** कांग्रेस की बड़ी दुर्गति है, कांग्रेस ने जनता का विश्वास खोया है। सरकार में आने से पहले कांग्रेस ने जो 36 वादे किए थे, वो पूरे ही नहीं किए। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। लोकसभा के चुनाव में प्रत्याशी नहीं मिल रहे थे, इसलिए इन नेताओं को मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस में इस समय बहुत ज्यादा बिखराव है, कुछ ही समय में 25 हजार से ज्यादा कांग्रेसी भाजपा में आए हैं।

**सवालः**पुराने कार्यकर्ता सवाल नहीं करते हैं कि क्यों कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल किया जा रहा है?

**जवाबः** हमारे कार्यकर्ता ऐसे नहीं हैं। जो प्रवेश कर रहे हैं, उनसे हमारे कार्यकर्ता घुल मिल जाते हैं। जो आ रहे हैं, वो देश की सेवा करने और मोदी जी के कामों से प्रभावित होकर ही आ रहे हैं। आने वाले समय में इनका भी काम दिखेगा।

**सवालः**राजनांदगांव से भूपेश बघेल के मैदान में रहने से कितनी परेशानी हुई?

**जवाबः** कोई परेशानी नहीं हुई है। हम तो कहते हैं कि कांग्रेस ने भूपेश बघेल को मैदान में उतारकर हमारे युद्ध को और आसान कर दिया। भूपेश बघेल से अपने पांच साल के कार्यकाल में जनता का भरोसा खोने का ही काम किया है। उन्होंने पूरे छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बनाने के साथ भ्रष्टाचार का भी गढ़ बनाने का काम किया। घोटाले भी लगातार हुए हैं। इसकी वजह से कई अधिकारी भी जेल में हैं। अपराध का सरगना अगर आज राजनांदगांव से चुनाव मैदान में है तो इससे हमें चुनाव में आसानी ही हुई है।

**सवालः**भूपेश बघेल दुर्ग और रायपुर से क्यों नहीं लड़े, आपको क्या लगता है?

**जवाबः** उनको अपना गृह नगर सुरक्षित नहीं लगा होगा। भाजपा के सांसद विजय बघेल पिछला चुनाव चार लाख से ज्यादा मतों से जीते थे, इसलिए उनको हार का खतरा रहा होगा। इस बार भी विजय बघेल रिकार्ड मतों से जीतेंगे।

**सवालः**भूपेश बघेल का भविष्य क्या लगता है?

**जवाबः** पूरे देश में जिस तरह के कांग्रेस पार्टी जनता का विश्वास खो चुकी है। भूपेश बघेल ने जिस तरह से छत्तीसगढ़ की जनता के साथ अपने शासनकाल में धोखा किया है, उससे इनका भविष्य अच्छा नहीं लगता है।

**सवालः**बस्तर की सीट पिछली बार हार गए थे, इस बार क्या लग रहा है?

**जवाबः** इस बार विश्वास है बस्तर की सीट हम जीत रहे हैं। दीपक बैज को कांग्रेस ने तो टिकट देने की भी हिम्मत नहीं की है। दीपक बैज को विधानसभा में हमारे एक छोटे कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष ने हरा दिया था।

**सवालः**जब सब कुछ अच्छा चल रहा है तो फिर इतने दौरे करने की जरूरत क्यों है?

**जवाबः** वातावरण भाजपा के पक्ष में है, यह बात ठीक है, पर विपक्ष को कभी कमजोर मानकर नहीं चलना चाहिए। हम लोग को विश्वास है लेकिन अतिविश्वास में नहीं है। जहां तक कोरबा की बात है यहां से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय हमारी प्रत्याशी हैं। इनको बड़ा अनुभव है। सामने कांग्रेस की प्रत्याशी ज्योतना महंत हैं, पांच साल सांसद रही हैं, इन पर निष्क्रियता का आरोप है। इस बार कोरबा का चुनाव हमारे लिए आसान है।

**सवालः**आपकी सरकार के कामों से चुनाव में कितनी मदद मिलेगी?

**जवाबः** मोदी जी का आशीर्वाद तो है ही, लेकिन हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के जो वादे चाहे वो प्रधानमंत्री आवास की बात हो, किसानों को दो साल बोनस देने की बात हो, किसानों से 31 सौ रुपए में 21 क्विंटल धान खरीदी की बात हो, महतारी वंदन योजना में विवाहित महिलाओं को दो माह की किश्त दे चुके हैं। पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच की बात हो। हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने का जो काम किया है। इसका लाभ भी लोकसभा चुनाव में मिलेगा।
।

**सवालः**आपको सरल और सहज कहा जाता है, सवाल यह कि साय की सरकार सरलता से चल रही है या अफसरों से चल रही है?

**जवाबः** स्वभाव से हम जरूर विनम्र है लेकिन जहां जनहित और प्रदेश की बात आएगी तो कठोर से कठोर निर्णय लेने में भी परहेज नहीं होगा।

**सवालः**साय अधिकारियों के मुताबिक काम कर रहे हैं या अधिकारी आपके मुताबिक काम कर रहे हैं?

**जवाबः** हमारे अनुसार अधिकारी काम कर रहे हैं। हमको भी 30 साल का अनुभव है, चार बार सांसद रहे हैं, दो बार विधायक रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं। मोदी जी के शासन में राज्यमंत्री के रूप में भी कम कर चुके हैं। हमको लंबा अनुभव है। हम अपने हिसाब से जनहित में जो अच्छा लगता है, काम करते हैं।

**सवालः**भूपेश बघेल और विष्णुदेव साय के काम को लेकर अधिकारी क्या अंतर बताते हैं?

**जवाबः** भाजपा और कांग्रेस के कामकाज के तरीके में बहुत अंतर है। उनकी जैसी संस्कृति हम लोग नहीं ला सकते हैं। जनहित में कठोर निर्णय लेने की भी क्षमता हम लोगों में है।

**सवालः**आप कहते हैं काम सांय-सांय हो रहा है, भूपेश बघेल कहते हैं सट्टा सांय-सांय चल रहा है?

**जवाबः** कांग्रेस के लोग झूठ बोलने में बहुत माहिर हैं। आज महादेव सट्टा एप का आरोप किस पर है, किस पर एफआईआर है। आज भूपेश बघेल पर 508 करोड़ रुपए लेने का आरोप है।

**सवालः**जिंदगी कितनी बदल गई मुख्यमंत्री बनने के बाद आपकी?

**जवाबः** हम तीस साल से विधायक और सांसद के रूप में काम कर रहे हैं। उस समय कार्यक्षेत्र छोटा रहने के कारण क्षेत्र के लोगों के बीच रहते थे, अब मुख्यमंत्री होने के नाते पूरे प्रदेश के लोगों के बीच रहते हैं। एक आदत हो गई है लोगों के बीच में रहने की। परिवार के लोगों से अब मिलना-जुलना कम हो गया है।

### श्रीकृष्ण ने धर्म की ...

विकास सिर्फ कहती नहीं है, बल्कि करके भी दिखाती है। इसका प्रमाण मैं खुद हूं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुल्तानपुर के गौरीगंज में आयोजित जनसभा व रोड-शो को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री यहां से सीधे झारखंड पहुंचे। उन्होंने चतरा लोकसभा क्षेत्र में जनसभा कर लोगों से अपील की। उधर, सोमवार सुबह से ही सुल्तानपुर के गौरीगंज में तपती दोपहरी में भी बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता जनसभा में पहुंचे। रोड-शो के दौरान भारी जनसैलाब उमड़ा। डॉ.यादव ने कांग्रेस व उनके नेताओं को जमकर लताड़ लगाई। उन्होंने कहा कि भगवान राम और कृष्ण की धरती पर उत्तरप्रदेश में, मेरे पूर्ववर्ती आजमगढ़ से बिहार होते हुए मप्र पहुंचे थे। सुल्तानपुर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सुल्तानपुर मेरी ससुराल है, इस नाते मेरा दोहरा रिश्ता है। दामाद होने के नाते अपने ससुराल में आकर मुझे आनंद के साथ आपके अपनत्व का भी अहसास हो रहा है।

### कांग्रेस के युवराज ...

है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास यह कहने की नहीं, करने की बात है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके युवराज अनाप-शनाप कुछ भी बोल रहे हैं। इससे समूचे भारत के लोगों में नाराजगी है।

### मथुरा वाले कृष्ण ...

के सिलसिले में कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम और उज्जैन में बाबा महाकाल के महालोक का आनंद आ गया तो हमारे मथुरा वाले कृष्ण कन्हैया ने क्या बिगाड़ा है..? भगवान श्री कृष्ण भी आप और हमारे साथ मुस्कुराएंगे।

### बहन स्मृति ईरानी...

आगे बढ़े। भारत को शक्तिशाली बनाने और सनातन धर्म की जय-जयकार करते हुए, दुनिया में मानवता की पुनर्स्थापना और भारत का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए निश्चित रूप से भाजपा का जीतना जरूरी है।

**कांग्रेस ने हमेशा से हिंदुओं का मजाक उड़ायाः** यादव ने झारखंड के चतरा में आयोजित जनसभा के बाद प्रेस कांफ्रेंस को भी संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस व उसकी नीतियों की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से हिंदुओं का मजाक उड़ाती है। राम मंदिर के मुद्दे पर भी हिंदुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया। कांग्रेस हिंदुओं की भावनाओं के बारे में जरा सा भी नहीं सोचती। आज मोदी जी के कारण पूरे विश्व में भारत की धाक पहुंची है। झारखंड राज्य बनाने में अटल जी की ही भूमिका थी। मेरे जैसे कई लोगों को प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री से लेकर अन्य पदों पर बिठाया। पर परिवारवाद की राजनीति करने वाली पार्टियों को यह सब नहीं सुहा रहा है।

### शरीर में खून के...

जैसे दुर्लभ साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। बता दें एस्ट्राजेनेका वैक्सीन को कई देशों में कोविशील्ड और वैक्सजेवरिया ब्रांड नामों के तहत बेचा गया था। कोविशील्ड भारत में भी लगाई गई थी। सीरम कंपनी से इसका करार था। टीटीएस शरीर में खून के में खून के थक्के जमने की वजह बनती है। बॉडी में ब्लड क्लॉट बनने के चलते व्यक्ति को ब्रेन स्ट्रोक, कार्डियक अरेस्ट होने की आशंकाएं बढ़ जाती है। इसके अलावा यह सिंड्रोम बॉडी में प्लेटलेट्स गिरने का एक कारण भी बन सकती है।

### वैक्सीन को लेकर...

कर रहे हैं। अब यूके में नहीं दी जाती है। अब जब फार्मास्युटिकल कंपनी ने इस वैक्सीन से होने वाले दुर्लभ साइड इफेक्ट्स को स्वीकार कर लिया है तो इससे प्रभावित होने वाले व्यक्ति और परिवार के लोग वैक्सीन से होने वाले साइड इफेक्ट्स के लिए उचित मुआवजे की भी मांग कर रहे हैं। हालांकि, वैक्सीन से होने वाले साइड इफेक्ट्स को स्वीकार करने के बाद भी कंपनी इसे होने वाले बीमारियों या बुरे प्रभावों के दावों को विरोध कर रही है।

### दिव्य फार्मेसी के...

यह जानकारी उत्तराखंड सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में सोमवार शाम हलफनामा दायर कर दी गई है। दिव्य फार्मेसी बाबा रामदेव के पतंजलि प्रोडक्ट्स का निर्माण करती है। 29 अप्रैल को राज्य के लाइसेंस ऑथोरिटी ने बाबा रामदेव की फर्म को खांसी, ब्लड प्रेशर, शुगर, लिवर, गोइटर और आई ड्राप के लिए इस्तेमाल की जाने वाली 15 दवाओं के उत्पादन को रोकने का निर्देश दिया है।

### क्या सुप्रीम कोर्ट फिर ...

अनुच्छेद-370 को निरस्त किए जाने के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया था। अपने फैसले में प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने अनुच्छेद 370 को हटाने के केंद्र के फैसले को वैध ठहराते हुए कहा था कि यह अस्थाई प्रावधान था और राष्ट्रपति के पास इसे हटाने का पूरा अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा जल्द से जल्द बहाल करने तथा निर्वाचन आयोग को 30 सितंबर 2024 तक राज्य में विधानसभा चुनाव कराने के भी निर्देश दिए थे। डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की इस संविधान पीठ में जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस सूर्यकांत शामिल थे। सीजेआई चंद्रचूड़ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि इस मामले में तीन अलग-अलग फैसले लिखे गए, लेकिन सभी जज एक निष्कर्ष पर सहमत थे।

### पिकअप व मिनी ट्रक,...

सिमगा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और कुछ गंभीरव घायलों को राजधानी के एम्स में रेफर किया गया है। हादसे को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मृतकों के परिवार के प्रति गहरा शोक व्यक्त किया है। पुलिस के मुताबिक, हादसा रविवार देर रात बेमेतरा जिले के कठिया गांव के पास हुई। बेमेतरा जिला के ग्राम पथर्रा के लोग नामकरण संस्कार के लिए ग्राम तिरैया गए हुए थे। सभी पारिवारिक समारोह में भाग लेने के बाद घर पतर्रा गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पिकअप सड़क किनारे खड़े मिनी ट्रक से टकरा गया। इस हादसे में पांच महिलाओं और तीन बच्चों समेत 9 लोगों की मौत हो गई। वहीं 23 घायलों को दो अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को रायपुर एम्स में रेफर किया गया है।

### भिंड में आज राहुल ...

अप्रैल को मंडला और शहडोल में रैली करने आए थे। वहीं, 21 अप्रैल को राहुल सतना आने वाले थे, लेकिन स्वास्थ्य खराब होने के चलते उनकी जगह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आए और जनसभा को संबोधित किया था। 2 मई को प्रियंका गांधी का मुरैना में रोड शो होना है।

**6 मई को झाबुआ और 7 को बड़वानी दौराः** राहुल गांधी 6 मई को झाबुआ और 7 मई को बड़वानी दौरे पर रहेंगे। बता दें, झाबुआ और बड़वानी सीटों पर चौथे चरण में मतदान होगा। प्रदेश में चौथे चरण में 13 मई को 8 सीटों पर मतदान होगा। प्रदेश में अब तीसरे और चौथे चरण में 17 सीटों पर मतदान होना है।

### प्रफुल्ल पटेल की ...

साथ नहीं हो रहा, ये पूरे देश में हो रहा है। हमारी सरकार बनते ही, प्रफुल्ल पटेल को हम यहां से दो मिनट में हटाएंगे फिर हां जो भी भ्रष्टाचार किए हैं, घर तोड़े हैं, उनकी सारी दादागीरी टाइट कर देंगे।

### पीसीसी अध्यक्ष पटवारी,...

नेताओं के साथ बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। दोनों नेताओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी पीड़ित परिवार के फोटो शेयर किए थे।

### संयुक्त संचालक, दो...

नियुक्ति करने को लेकर शिकायत हुई थी। उक्त शिकायत के आधार पर अपर संचालक नगरीय प्रशासन की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच दल गठित कर जांच कर रिपोर्ट तलब की गई थी। जांच दल ने इसी 18 अप्रैल को अपनी विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजी थी। इस रिपोर्ट के आधार पर 12 अधिकारियों व कर्मचारियों की संलिप्तता पाई गई। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में संयुक्त संचालक समेत अन्य अधिकारियों ने 49 कर्मचारियों की नियम विरूद्ध नियुक्ति कर दी थी। इसमें लाखों रुपए के लेनदेन आदि की शिकायत भी हुई थी। अभी उसकी जांच चल रही है। नियम विरूद्ध नियुक्त से राज्य शासन को करीब दो करोड़ रुपए से अधिक की क्षति भी हुई है।

### इनका हुआ...

उप निरीक्षक अंकुश सिंह बघेल, लेखापाल एमएल साकेत, ग्राम पंचायत उसकी की सचिव सुशीला दीक्षित, घूमन के सचिव रामराज सेन, जनपद पंचायत जवा में संबद्ध कामता कोल, दिनेश पांडे, ग्राम पंचायत कंचनपुर में पदस्थ परशुराम तिवारी को निलंबित किया गया है। बताते हैं कि इन अधिकारियों व कर्मचारियों ने मामले का भंडाफोड़ होने के बाद अलग अलग स्थानों पर नियुक्ति ले ली थी। शासन ने पंचायत में पदस्थ कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई कर आदेश जारी करने के लिए सीईओ जिला पंचायत रीवा को निर्देश दिया गया है।

**संयुक्त संचालक ने अपने पुत्र को भी बना दिया था अधिकारीः**

आदेश के अनुसार संयुक्त संचालक आरपी सोनी ने अपने पुत्र आशीष सोनी को भी डभौरा में नियुक्ति दे दी थी। पहले उसे ग्राम पंचायत लटियार में नियुक्त करवाया, इसके बाद डभौरा में संविलियन कर पदस्थ कर दिया था। इसीतरह अन्य कर्मचारियों ने भी अधिकारियों के साथ सांठ गांठ करके नियुक्ति दे दी थी। इस मामले में कई अन्य तरह की अनियमितता का भी खुलासा हुआ है।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

**आवश्यकता**

सुनहरा मौका वनविभाग ने निकाली सीधी पक्की भर्ती परमानेंट बेसेस पर (10000 पदो पर) पद - वनरक्षक, क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी-25670+35850/- आवेदन - 10+12th पास लड़के लड़किया आवेदन हेतु- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो,मार्कसीट व्हाट्सएप /कॉल करे - 9046968782
R- 30/04 to 03/05

सिक्योरिटी कंपनी को भारी मात्रा में अनुभवी गार्ड, लेडी गार्ड एवं सुपरवाइजर की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन दी जावेगी। तुरंत संपर्क करे। 9630490364, 9993771317
B- 04/04 to 03/05/24

कोमोरी ऑफसेट ऑपरेटर - कोमोरी लिथ्रोन -426,प्रिंटिंग मशीन हेतु कर्मचारियों की अति शीघ्र आवश्यकता है। ऑपरेटर, फिडर मैन, कटिंग मैन, हेल्पर संपर्क - 7566100099- हिन्दुजा ऑफसेट, रायपुर(छत्तीसगढ़)
R- 14/04 to 13/05/24

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम MEHDI HUSAIN SAIFY था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर MEHDI HUSAIN SAIFEE हो गया है। अतः अब मुझे मेरे इसी नए नाम MEHDI HUSAIN SAIFEE S/O FAKHRUDDIN से ही जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : 2, Jawahar Marg, Ward no. 19, Gali no. 07, Barwani (M.P.) - 451551

मैं MUBARIK KHATRI (पिता) सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि कि पूर्व में मेरी पुत्री का नाम MUNJIRA था। जो कि उसके पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरी पुत्री का नाम परिवर्तित होकर MUNJIRA KHATRI हो गया है। अतः भविष्य में अब मेरी पुत्री को उसके नए नाम MUNJIRA KHATRI D/O MUBARIK KHATRI से ही जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : Gogawan, Khargone (M.P.) - 451335

सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि कि पूर्व में मेरा नाम MUBARIK था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर MUBARIK KHATRI हो गया है। अतः भविष्य में अब मुझे मेरे इसी नए नाम MUBARIK KHATRI S/O MEHMUD JI KHATRI से ही जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : Gogawan, Khargone (M.P.) - 451335

सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि कि पूर्व में मेरा नाम MEHMUD JI था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर MEHMUD JI KHATRI हो गया है। अतः भविष्य में अब मुझे मेरे इसी नए नाम MEHMUD JI KHATRI S/O FAZAL JI KHATRI से ही जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : Gogawan, Khargone (M.P.) - 451335

सर्वसाधारण को सूचित करती हूं कि कि पूर्व में मेरा नाम RAJIYA था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर RAJIYA KHATRI हो गया है। अतः भविष्य में अब मुझे मेरे इसी नए नाम RAJIYA KHATRI W/O MUBARIK KHATRI से ही जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : Gogawan, Khargone (M.P.) - 451335

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ायें। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवायें। लाभ नहीं तो पैसे वापिस। 08116592844
R-26/03 to 12/05/24 not on 17/4

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कब्जियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

कृत्रिम अंग (पैर)
कैलिपर, एवं शारिरिक सहायक उपकरण बनायें जाते है।
संपर्क करें- मो.9826350154,6266402502
अजंता रिहैबिलिटेशन सेंटर 5/4 संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर न्यू मार्केट के पास भोपाल (म.प्र.)

हरिभूमि रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आम सूचना/कोर्ट नोटिस

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समावार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यवस्थापक

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2022 से लागू

## राशिफल

**मेष** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** – आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** – रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** – रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।


## शब्द पहेली - 5497



**बाएँ से दाए-**
1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

**शब्द पहेली -5496 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5508

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5507 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

चिंतन

# स्मार्टफोन की 'लत' से युवाओं को बचाना जरूरी

तो क्या स्मार्टफोन ने दुनिया भर में चिंतित पीढ़ी पैदा कर दी है? सामाजिक मनोवैज्ञानिक जोनाथन हैडट ने अपनी नई शोधपरक किताब 'द एनक्सियस जेनरेशन' में कहा है कि इस बात के पर्याप्त सुबूत हैं कि स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग मानसिक स्वास्थ्य संकट पैदा कर रहा है। स्मार्टफोन के खतरे एक किताब का विषय जरूर है, लेकिन इसके दुष्प्रभाव व्यापक व विश्वव्यापी हैं। अब यह साबित हो चुका है कि स्मार्टफोन सभी उम्र के लोगों को बीमार बना रहा है। स्मार्टफोन का अत्यधिक इस्तेमाल आंखों की रोशनी छिन रहा है, शारीरिक गतिविधि कम कर रहा है, मानसिक विकार पैदा कर रहा है और अब करीब दो दशक में ही इसने एक चिंतित पीढ़ी पैदा कर दी है। स्मार्टफोन के सबसे अधिक शिकार किशोर हो रहे हैं। बच्चों व किशोरों तक स्मार्टफोन पहुंच को सीमित करने के लिए आज व्यक्तिगत, सामूहिक और विधायी कार्रवाई की आवश्यकता आन पड़ी है। दुनिया के साथ साथ भारत को भी जागने की जरूरत है। टेक सेवी होना प्रगतिशीलता की निशानी है, लेकिन टेक एडिक्ट होना मानसिक बीमारी है। स्मार्टफोन की लत के चलते मानसिक विकार के मामले बढ़ रहे हैं, हालांकि किसी भी स्मार्टफोन एडिक्ट को कभी नहीं आभास होता है कि उसको इसकी लत है, वे खुद को सामान्य मानकर चल रहे होते हैं। जो बच्चे स्मार्टफोन के साथ बड़े हुए हैं वे परेशानी में हैं। नए शोध के मुताबिक 2010 से 2015 की अवधि 'रीवायरिंग' की है, यह वह समय था जब किशोरों का तंत्रिका तंत्र स्मार्टफोन के व्यापक दैनिक उपयोग के कारण चिंता और अवसाद से ग्रस्त हो गया था। जेन ज़ेड (जेड पीढ़ी) स्मार्टफोन के अत्यधिक उपयोग के चलते बड़ी मानसिक महामारी से पीड़ित हैं। खुद को नुकसान पहुंचाना, आत्महत्या दर, मानसिक विकारों और मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल में भर्ती होने पर उपलब्ध आंकड़े खतरे के संकेत देते हैं। स्मार्टफोन की लत एक समाजव्यापी महामारी का रूप ले रही है। आज दुनिया पहले से ही अनियंत्रित ग्लोबल वार्मिंग, प्रणालीगत अन्याय, असुरक्षित कार्य भविष्य, भूराजनीतिक तनाव, अखाद्य खाद्यान्न के उत्पन्न विकार, युद्धगत भय, डर का व्यापार आदि का सामना कर रही है, ऐसे में स्मार्टफोन की लत से पैदा हो रही चिंतित पीढ़ी दुनिया को और कंप्लिकेटेड बना रही है। विश्व की सरकारों को नई पीढ़ी को बचाने के लिए इस दिशा में काम करना चाहिए। चूंकि स्मार्टफोन की दुनिया नित नए आविष्कारों से बदल रही है। एआई के बाद मेटावर्स के रूप में वर्चुअल तकनीक आ रही है, इससे स्मार्टफोन का एडिक्शन और बढ़ेगा। स्मार्टफ़ोन ने समस्याएं 2010 के आसपास शुरू कीं, जब वे सोशल मीडिया, हाई-स्पीड इंटरनेट, एक बैकवर्ड-फेसिंग कैमरा (सेल्फी को प्रोत्साहित करने वाला), नशे की लत वाले गेम, अश्लील साहित्य और मुफ्त ऐप्स के साथ जुड़ गईं। इस जहरीले तकनीकी मिश्रण ने स्मार्टफोन को बच्चों के जीवन पर कब्ज़ा करने की अनुमति दी। स्मार्टफोन के चलते किशोरों व युवाओं में नींद की कमी, ध्यान विखंडन, एडिक्शन, भावनात्मक अस्थिरता, इग्नोरेंस, एकाकीपन, क्रोध, चिड़चिड़ापन, मानसिक प्रदूषण, शारीरिक विकार, अंगूठे और कलाई की कमजोरी आदि पैदा हो रहे हैं। आज 51 फीसदी से अधिक लोग नोमोफोबिया (सेल फोन अलगाव चिंता) से पीड़ित हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) स्मार्टफोन की लत के खतरे के प्रति चेता चुका है। अब जागने की जरूरत है।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# अब विकास मॉडल में सुधार जरूरी

निश्चित रूप से भारत को विकसित देश बनाने के लिए वर्तमान विकास मॉडल में सुधार करना होगा। विकास मॉडल में समृद्ध भारत के साथ समावेशी भारत की तस्वीर को हरदम सामने रखना होगा। जहाँ देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ाते रहना होगा, वहीं ही रोजगार वृद्धि व आम आदमी के सशक्तिकरण के अधिक प्रयास करने होंगे। यद्यपि पिछले 10 वर्षों में बहुआयामी गरीबों में बड़ी कमी आई है। अब बकाया 15 करोड़ से अधिक गरीबों को नई मुस्कुराहट देने का जोरदार अभियान आगे बढ़ाना होगा। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि देश के आम आदमी के कमजोर जीवन स्तर को अच्छे जीवन स्तर में बदला जाए।

इन दिनों पूरे देश में ही नहीं, पूरी दुनिया में अर्थ विशेषज्ञ एकमत से टिप्पणी कर रहे हैं कि यदि भारत अपने विकास मॉडल में तेज विकास के साथ समावेशी विकास तथा रोजगार एवं साझी समृद्धि की रणनीति पर तेजी से आगे बढ़ेगा तो भारत वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने के सपने को साकार कर सकेगा। इस समय दुनिया में कोई 40 ही देश विकसित हैं, जिनमें प्रमुख रूप से विकसित यूरोपीय देश हैं। भारत इस समय विकासशील देश है। अब भारत के विकसित राष्ट्र बनने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होने की संभावनाओं के कई आधार हैं। भारत दुनिया में वैश्विक सुस्ती की चुनौतियों के बीच आर्थिक विकास की डगर पर लगातार तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 26 अप्रैल को प्रकाशित वैश्विक परामर्श एजेंसी डेलॉयट इंडिया की नई रिपोर्ट के तहत वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.6 से 7.8 प्रतिशत कर दिया है। कहा गया है कि भारत में मध्यम आय वर्ग के लोगों की संख्या में तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 2 साल से वृद्धि के मजबूत आंकड़ों ने अर्थव्यवस्था को कोविड के पहले के स्तर में आने में मदद की है। बुनियादी ढांचे पर सरकार के व्यय में तेजी से निवेश को समर्थन मिला है। इससे भारत को वृद्धि की रफ्तार तेज रखने में मदद मिली है। निसंदेह यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब कुछ दिन पहले ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मजबूत घरेलू मांग और कामकाज करने वाली आबादी को देखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। विश्व बैंक ने भी वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान 6.4% से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है।

निश्चित रूप से विकसित भारत बनने के लिए भारत की मुठ्ठियों में कई महत्वपूर्ण संभावनाएँ हैं। भारत में पिछले वर्ष 2023 में आयोजित जी-20 के शानदार सफल आयोजन से भारत के पास विकास के नए सूत्र आए हैं। भारत के पास पिछले 10 वर्षों की शानदार विरासत है। यह भारत का ऐसा समय है जब हमारी आर्थिक वृद्धि लगातार बढ़ रही है। भारत में स्थिति मैन्युफैक्चरिंग, निवेश और निर्यात के मद्देनजर उपयुक्त हैं। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान से देश तेजी से आगे बढ़ा है। वैश्विक स्तर पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट के रुझान के बीच भारत दुनिया के सर्वाधिक एफडीआई प्राप्त करने वाले प्रमुख देशों में शामिल है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेजी से बढ़ा है। वैश्विक सुस्ती के बीच भारत का शेयर बाजार नई ऊँचाइयों पर है। पिछले एक दशक में हुए रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म देश के विकास के लिए गेमचेंजर रहे हैं। भारत में अहम आर्थिक सुधार हुए और इन सुधारों में जन धन, आधार और मोबाइल आधारित सब्सिडी सुधार (जेएएम), वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता (आईबीसी) प्रमुख हैं।

निसंदेह इस समय भारत के पास टिकाऊ विकास के



अभूतपूर्व अवसर हैं। वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत दी जा रही है। भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ का स्थाई सदस्य देश बनाने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस का समर्थन रेखांकित हो रहा है और भारत वैश्विक मंच पर बड़ी भूमिका के लिए तैयार है। भारत के तेजी से बढ़े कृषि क्षेत्र से दुनिया की उम्मीदें बढ़ गई हैं। तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार के कारण भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) बढ़ रहे हैं। प्रवासी भारतीयों के द्वारा लगातार भारत की ओर अधिक रेमिटेंस भेजा जा रहा है।

इस समय वैज्ञानिकों के द्वारा अंतरिक्ष, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, ऊर्जा तथा नए तकनीकी विकास के कारण आर्थिक विकास को गति मिल रही है चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के मद्देनजर भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में उभरकर सामने आया है। अब भारत में लॉजिस्टिक लागत में कमी आने लगी है। इतना ही नहीं भारत दुनिया के 85 देशों को हथियार व सैन्य सामग्रियों का निर्यात भी कर रहा है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि सरकार के द्वारा विगत 10 वर्षों में किए गए आर्थिक और वित्तीय सुधारों के साथ-साथ कठोर प्रशासनिक निर्णयों से देश में आर्थिक विकास की रफ्तार बढ़ी है। इसके साथ-साथ दुनिया में मजबूत लोकतंत्र और स्थिर सरकार के रूप में भारत की पहचान, स्टार्टअप का दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ना, भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के लिए बढ़ते हुए नए दौर के कौशल निर्माण कार्यक्रम, बड़े पैमाने पर पूंजीगत खर्च, गैरजरूरी आयात में कटौती, खेलों के क्षेत्र में भारत की लंबी छलांगों से लाभांवित होती भारतीय अर्थव्यवस्था और बाहरी झटकों से उबरने की क्षमता देश के टिकाऊ विकास की बुनियाद बन गई हैं।

निश्चित रूप से भारत को विकसित देश बनाने के लिए वर्तमान विकास मॉडल में सुधार करना होगा। विकास मॉडल में समृद्ध भारत के साथ समावेशी भारत की तस्वीर को हरदम सामने रखना होगा। जहाँ देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ाते रहना होगा, वहीं ही रोजगार वृद्धि व आम आदमी के सशक्तिकरण के अधिक प्रयास करने होंगे। यद्यपि पिछले 10 वर्षों में बहुआयामी गरीबों में बड़ी कमी आई है। अब बकाया 15 करोड़ से अधिक गरीबों को नई मुस्कुराहट देने का जोरदार अभियान आगे बढ़ाना होगा। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि देश के आम आदमी के कमजोर जीवन स्तर को अच्छे जीवन स्तर में बदला जाए। देश में 19 करोड़ से अधिक महिलाओं को पेड वर्कफोर्स में शामिल करने की रणनीति को अमलीजामा पहनाना होगा। हमें विकास के लिए चीन की कम कौशल वाले विनिर्माण की नीति को अपनाने की बजाय हमारे शक्तिशाली सर्विस सेक्टर के जरिए विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए आगे बढ़ना होगा। कई अहम सुधारों को वैधानिक बनाते हुए उनका तेजी से क्रियान्वयन करना होगा। कृषि, श्रमिक, भूमि भ्रष्टाचार के उन्मूलन और अन्य सुधारों की डगर पर तेजी से बढना होगा। यद्यपि केंद्र सरकार 29 श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में तब्दील करने की महत्वाकांक्षी योजना को आकार देने में सफल रही है, लेकिन ये अब तक लागू नहीं हुई है। अब एक ऐसे समय में जब कई देशों की कंपनियाँ चीन से बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार स्थानांतरित करते हुए दिखाई दे रही हैं तब हम अच्छे श्रम कानूनों से इसका लाभ उठा सकते हैं। देश के तेज विकास के लिए उभरते क्षेत्रों में शोध एवं विकास क्षेत्र में जरूरी निवेश पर्याप्त नहीं है। शोध एवं विकास के क्षेत्र में भारत का प्रति व्यक्ति व्यय दुनिया में विभिन्न तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कम है।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

सियासत
बाल मुकुन्द ओझा



# फिर बोतल से बाहर आया आरक्षण का 'जिन्न'

आरक्षण के पक्ष और विपक्ष में सियासी बयानबाजी से देश एक बार फिर सुलगने लगा है। जैसे ही चुनाव आते हैं आरक्षण को लेकर नेताओं के स्वर तेज हो जाते हैं। देश भर में चल रहे चुनावी माहौल के बीच भाजपा और कांग्रेस में आरक्षण को लेकर बयानबाजियां चल रही हैं। वोटों की फसल काटने का यह दुधारू और भोथरा हथियार बन गया है। आरक्षण की गंगा में नहाने के लिए सभी लोग प्रयासरत है। लोकसभा चुनाव के दो चरण बीत चुके हैं, लेकिन इसी बीच आरक्षण का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आ गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा आरक्षण खत्म करना चाहती है तो भाजपा ने उन पर झूठ बोलने का आरोप लगाते कहा कि कांग्रेस ने दलितों और ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे दिया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने भी संविधान प्रदत आरक्षण का समर्थन किया है। संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि संगठन भेदभाव व्याप्त रहने तक आरक्षण लागू रखने की वकालत करता है। मोदी के 400 पार के नारे के जवाब में विपक्ष ने इसे आरक्षण से जोड़ दिया है। हालांकि विपक्ष की इस मंशा को भांपकर भाजपा और संघ सतर्क हो गया है। यही वजह है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि जब तक जरूरत होगी आरक्षण जारी रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने भी रविवार को अपनी चुनावी सभाओं के दौरान साफ कर दिया कि आरक्षण खत्म नहीं होने जा रहा है। सियासत में आरक्षण, ध्रुवीकरण और जातिवाद बेहद संवेदनशील मुद्दा है। चुनाव के दौरान राजनीतिक दल इसे जमकर भुनाते हैं।

संविधान निर्माताओं ने दलितों-पिछड़ों को समाज में बराबरी का दर्जा देने की मंशा से आरक्षण लागू किया था। मगर संविधान की भावना पर सियासत भारी पड़ी। आरक्षण को लेकर देश में शुरू से ही दुविधा की स्थिति हो रही है। कोई सर्व मान्य हल नहीं निकलने के कारण आरक्षण को लेकर देश भ्रमजाल से नहीं निकल पा रहा है। संविधान की भावना कभी भी जाति आधारित आरक्षण की नहीं थी बल्कि सामाजिक व शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों को बराबरी पर लाने की थी। जब संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी ने स्वयं से पिछड़ा वर्ग शब्द जोड़ा था तो सवाल उठे थे। उस समय डॉ. आंबेडकर ने सदस्यों को यह कह कर संतुष्ट कर दिया था कि ये भविष्य में सरकार के विवेकाधिकार पर छोड़ दिया जाना चाहिए।

सामाजिक-आर्थिक बराबरी का लक्ष्य हासिल करने के लिए संविधान में जिस आरक्षण की व्यवस्था की गई थी, वह लक्ष्य पूरा हुआ या नहीं, यह आज भी बहस का मुद्दा है। यह सही है आरक्षण ने कमजोर वर्ग में एक मलाईदार तबका भी पैदा किया है, जिसके कारण इसका पूरा लाभ जरूरतमंदों को नहीं मिल पाता, पर इसका मतलब यह नहीं कि आरक्षण की व्यवस्था ही खत्म कर दी जाए। दरअसल आरक्षण में व्याप्त विसंगतियां राजनीतिक पार्टियों की सोच का नतीजा हैं, जिनके लिए आरक्षण अपनी सत्ता बचाए रखने का औजार है। हमारे देश में आरक्षण पर राजनीति और दुष्प्रचार कब तक होता रहेगा। यह एक ज्वलन्त विषय है, जो अभी तक भी आम जनता की समझ से परे नजर आ रहा है। हाल ही में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने जो फैसला दिया है। उसे लेकर भी राजनीतिक दल भ्रम फैला रहे हैं। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने पहले भी यह फैसला दिया था कि सरकारी नौकरी में प्रमोशन के अवसर पर आरक्षण देने के लिए बाध्यता नहीं है। मगर इस फैसले की आड़ में यह दुष्प्रचार किया जा रहा है कि सर्वोच्च न्यायालय आरक्षण को ही खत्म करने जा रहा है। न्यायालय के फैसले के साथ साथ यह भी प्रचारित किया जा रहा है कि केंद्र सरकार भी इसके लिए जिम्मेदार है। अनेक प्रमुख राजनेता व राजनैतिक दल न्यायालय के इस फैसले को तीन तलाक, धारा 370 तथा नागरिकता संशोधन कानून से जोड़ रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान निर्माताओं की उस व्यवस्था व भावना को उल्लेखित किया है, जिसके अंतर्गत आरक्षण को मूलभूत अधिकार नहीं माना गया है। यह भी सच है कि सामाजिक न्याय के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत के संविधान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण की व्यवस्था दी हुई है। साथ ही सच्चाई यह भी है कि स्वयं संविधान निर्माता इस व्यवस्था को लंबे काल तक चलाने के लिए पक्ष में नहीं थे। लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक न्याय बराबरी की बेसिक चीजें हैं। आरक्षण उस तक पहुंचने का एक तरीका भर है, मगर कोई मौलिक अधिकार नहीं है। आरक्षण को तब तक ही लागू रखा जाना आवश्यक प्रतीत होता है, जब तक जरूरत लगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# मन की कड़वाहट मिटाने से संबंधों में समरसता आएगी



संकलित
दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

# महिला के शुभ कदम



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी ने दुकानदार से पूछाः केले और सेवफल क्या भाव लगाए हैं? दुकानदारः केले 20 रु. दर्जन और सेव 100 रु. किलो। उसी समय एक गरीब सी औरत दुकान में आई और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया दुकानदारः केले 5 रु दर्जन और सेब 25 रु किलो। औरत ने कहाः जल्दी से दे दीजिए। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा। औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे। औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ देखते हुए कहाः ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है। तब मुझे यही तरकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीज़े देदूँ। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है। इस तरह भगवान के बंदों की पूजा कर लेता हूँ। थोड़ा रूक कर दुकानदार बोलाः यह औरत हफ्ते में एक बार आती है। भगवान गवाह है, जिस दिन यह आ जाती है उस दिन मेरी बिक्री बढ़ जाती है।

## सटाका




## आज की पाती

### मसाला कंपनियों की साख पर आंच न आए

हमारे देश की मसालों की दो मुख्य कंपनियों की इनके उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर जो हांगकांग और सिंगापुर ने सवाल खड़े किए हैं, वो गले नहीं उतर रहे, क्योंकि ये दोनों कंपनियां अपने उत्पादों की उचित जांच खुद करके और संबंधित सरकारी विभाग से भी जांच करवाने के बाद ही अपने उत्पादों को बेचने के लिए बाजार में उतारती हैं और विदेशों को भेजती हैं। दूसरी चीज, ये कंपनियां पिछले लंबे अरसे से अपने उत्पादों को बेच रही हैं। एमडीएच को तो मसालों का कारोबार करते हुए 75 वर्ष से ऊपर का समय हो चुका है। ऐसे में भारत सरकार को, इन कंपनियों पर हांगकांग और सिंगापुर ने जो आरोप लगाए हैं, उनकी उचित और निष्पक्ष जांच करवानी चाहिए। *–दिलीप तिवारी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### इसमें कोई सवाल नहीं



राहुल गांधी और कांग्रेस आरक्षण को लेकर देशवासियों को गुमराह कर रही है। कांग्रेस ने तुष्टिकरण के लिए कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में अल्पसंख्यकों को आरक्षण देकर एवं जामिया और एएमयू जैसी संस्थाओं में एसी, एसटी और ओबीसी को वंचित रखकर आरक्षण खत्म करने का प्रयास किया है।
-अमित शाह, केंद्रीय मंत्री

### कांग्रेस चट्टान की तरह



भाजपा नेताओं का उद्देश्य है, संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने में उनकी भागीदारी खत्म करना। लेकिन कांग्रेस चट्टान की तरह भाजपा की राह में खड़ी है।
-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### पेपर लीक हो गया



मात्र 17 महीनों में हमने 5 लाख नौकरियां दी। सभी विभागों की रिक्तियों को भरने के आदेशानुसार 3 लाख से अधिक नौकरियां प्रक्रियाधीन करवाई और तीसरे चरण के लिए विज्ञापित एक लाख सशिक्षकों की भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया।
-तेजस्वी यादव, राजद नेता

### अच्छा लगेगा



मेरे दोस्त सतीश कौशिक के घर जाकर शशि और उनकी बेटी (मेरी भी) वंशिका से मिलना हम तीनों को अच्छा लगता है।बातों और चाय पानी के अलावा वंशिका के साथ एक रील भी बनाना हम दोनों का पर्सनल रूटीन है। आप भी देखिए।आपको भी अच्छा लगेगा। -अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर

### पर्यावरण कार्यकर्ता टेरेसा को ग्रीन नोबल पुरस्कार

यूरोप के सबसे बड़े लगून के सरंक्षण के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने वालीं पर्यावरण कार्यकर्ता टेरेसा विसेंट ने गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार जीता है, जिसे 'ग्रीन नोबेल' के नाम से जाना जाता है। अपने पुराने दिनों को याद करते हुए विसेंट कहती हैं कि उस समय वह स्पेन के मार मेनोर में बिल्कुल स्वच्छ पानी में तैरती थीं और समुद्री जीव उसमें साफ नजर आते थे लेकिन खनन और विकास कार्यों की वजह से होने वाले दीर्घकालिक प्रदूषण ने यूरोप के सबसे बड़े, खारे पानी के लगून को लगभग बर्बाद कर दिया। समुद्री तटों पर ज्वार की वजह से जब पानी की लहरें उठती हैं तो पानी तट पार कर आगे सूखे हिस्से में आ जाता है। लेकिन बाद में यह पानी भाटा के समय वापिस समुद्र में नहीं जाता। इस पानी के अवशोषण के कारण जमीन का यह भाग सतह से थोड़ा नीचे चला जाता है और झील बन जाती है जिसे लगून कहते हैं। वर्ष 2019 में बड़े पैमाने पर मछलियों की मौत ने दर्शनशास्त्र की प्रोफेसर विसेंट को लगून के सरंक्षण के लिए कार्य करने को प्रेरित किया। अगले कुछ वर्षों में 61 वर्षीय विसेंट ने क्षेत्र की पारिस्थितिकी की दृष्टि से अहम जलक्षेत्र लगून को खत्म होने से बचाने के लिए जमीनी स्तर के एक अभियान का नेतृत्व किया।



## ऑफ बीट

### क्या स्मार्टफोन ने 'चिंतित पीढ़ी' पैदा कर दी है?

सामाजिक मनोवैज्ञानिक जोनाथन हैडट की नई किताब द एनक्सियस जेनरेशन तत्काल कार्रवाई का आह्वान करती है। हैडट का तर्क है कि इस बात के पर्याप्त सबूत मौजूद हैं कि किशोरों द्वारा स्मार्टफोन का व्यापक उपयोग मानसिक स्वास्थ्य संकट का कारण बन रहा है। उनकी स्मार्टफोन पहुंच को सीमित करने के लिए व्यक्तिगत, सामूहिक और विधायी कार्रवाई की आवश्यकता है। हैडट ने अपनी पुस्तक की शुरुआत एक रूपक से की है। कल्पना कीजिए कि किसी ने आपको अपने दस वर्षीय बच्चे को मंगल ग्रह पर बड़ा होने का अवसर दिया है, इसमें दो राय नहीं हैं कि विकिरण और कम गुरुत्वाकर्षण स्वस्थ किशोरों के विकास को बाधित कर सकता है, जिससे दीर्घकालिक पीड़ा हो सकती है। निश्चित रूप से, जोखिमों को देखते हुए, आप प्रस्ताव को अस्वीकार कर देंगे। एक दशक पहले, माता–पिता अपने उत्साहित किशोरों को दिए जाने वाले चमकदार नए स्मार्टफ़ोन के भीतर छिपे खतरों को नहीं जान सकते थे। लेकिन इस बात के सबूत बढ़ रहे हैं कि जो बच्चे स्मार्टफोन के साथ बड़े हुए हैं वे परेशानी में हैं। हैडट 2010 से 2015 की अवधि को 'महान रीवायरिंग' कहते हैं।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## चिंतन

# स्मार्टफोन की 'लत' से युवाओं को बचाना जरूरी

तो क्या स्मार्टफोन ने दुनिया भर में चिंतित पीढ़ी पैदा कर दी है? सामाजिक मनोवैज्ञानिक जोनाथन हैडट ने अपनी नई शोधपरक किताब 'द एनक्सियस जेनरेशन' में कहा है कि इस बात के पर्याप्त सुबूत हैं कि स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग मानसिक स्वास्थ्य संकट पैदा कर रहा है। स्मार्टफोन के खतरे एक किताब का विषय जरूर है, लेकिन इसके दुष्प्रभाव व्यापक व विश्वव्यापी हैं। अब यह साबित हो चुका है कि स्मार्टफोन सभी उम्र के लोगों को बीमार बना रहा है। स्मार्टफोन का अत्यधिक इस्तेमाल आंखों की रोशनी छिन रहा है, शारीरिक गतिविधि कम कर रहा है, मानसिक विकार पैदा कर रहा है और अब करीब दो दशक में ही इसने एक चिंतित पीढ़ी पैदा कर दी है। स्मार्टफोन के सबसे अधिक शिकार किशोर हो रहे हैं। बच्चों व किशोरों तक स्मार्टफोन पहुंच को सीमित करने के लिए आज व्यक्तिगत, सामूहिक और विधायी कार्रवाई की आवश्यकता आन पड़ी है। दुनिया के साथ साथ भारत को भी जागने की जरूरत है। टेक सेवी होना प्रगतिशीलता की निशानी है, लेकिन टेक एडिक्ट होना मानसिक बीमारी है। स्मार्टफोन की लत के चलते मानसिक विकार के मामले बढ़ रहे हैं, हालांकि किसी भी स्मार्टफोन एडिक्ट को कभी नहीं आभास होता है कि उसको इसकी लत है, वे खुद को सामान्य मानकर चल रहे होते हैं। जो बच्चे स्मार्टफोन के साथ बड़े हुए हैं वे परेशानी में हैं। नए शोध के मुताबिक 2010 से 2015 की अवधि 'रीवायरिंग' की है, यह वह समय था जब किशोरों का तंत्रिका तंत्र स्मार्टफोन के व्यापक दैनिक उपयोग के कारण चिंता और अवसाद से ग्रस्त हो गया था। जेन ज़ेड (जेड पीढ़ी) स्मार्टफोन के अत्यधिक उपयोग के चलते बड़ी मानसिक महामारी से पीड़ित हैं। खुद को नुकसान पहुंचाना, आत्महत्या दर, मानसिक विकारों और मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल में भर्ती होने पर उपलब्ध आंकड़े खतरे के संकेत देते हैं। स्मार्टफोन की लत एक समाजव्यापी महामारी का रूप ले रही है। आज दुनिया पहले से ही अनियंत्रित ग्लोबल वार्मिंग, प्रणालीगत अन्याय, असुरक्षित कार्य भविष्य, भूराजनीतिक तनाव, अखाद्य खाद्यान्न के उत्पन्न विकार, युद्धगत भय, डर का व्यापार आदि का सामना कर रही है, ऐसे में स्मार्टफोन की लत से पैदा हो रही चिंतित पीढ़ी दुनिया को और कंप्लिकेटेड बना रही है। विश्व की सरकारों को नई पीढ़ी को बचाने के लिए इस दिशा में काम करना चाहिए। चूंकि स्मार्टफोन की दुनिया नित नए आविष्कारों से बदल रही है। एआई के बाद मेटावर्स के रूप में वर्चुअल तकनीक आ रही है, इससे स्मार्टफोन का एडिक्शन और बढ़ेगा। स्मार्टफ़ोन ने समस्याएं 2010 के आसपास शुरू कीं, जब वे सोशल मीडिया, हाई-स्पीड इंटरनेट, एक बैकवर्ड-फेसिंग कैमरा (सेल्फी को प्रोत्साहित करने वाला), नशे की लत वाले गेम, अश्लील साहित्य और मुफ्त ऐप्स के साथ जुड़ गईं। इस जहरीले तकनीकी मिश्रण ने स्मार्टफोन को बच्चों के जीवन पर कब्ज़ा करने की अनुमति दी। स्मार्टफोन के चलते किशोरों व युवाओं में नींद की कमी, ध्यान विखंडन, एडिक्शन, भावनात्मक अस्थिरता, इग्नोरेंस, एकाकीपन, क्रोध, चिड़चिड़ापन, मानसिक प्रदूषण, शारीरिक विकार, अंगूठे और कलाई की कमजोरी आदि पैदा हो रहे हैं। आज 51 फीसदी से अधिक लोग नोमोफोबिया (सेल फोन अलगाव चिंता) से पीड़ित हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) स्मार्टफोन की लत के खतरे के प्रति चेता चुका है। अब जागने की जरूरत है।

## सियासत

बाल मुकुन्द ओझा



# फिर बोतल से बाहर आया आरक्षण का 'जिन्न'

आरक्षण के पक्ष और विपक्ष में सियासी बयानबाजी से देश एक बार फिर सुलगने लगा है। जैसे ही चुनाव आते हैं आरक्षण को लेकर नेताओं के स्वर तेज हो जाते हैं। देश भर में चल रहे चुनावी माहौल के बीच भाजपा और कांग्रेस में आरक्षण को लेकर बयानबाजियां चल रही हैं। वोटों की फसल काटने का यह दुधारू और भोथरा हथियार बन गया है। आरक्षण की गंगा में नहाने के लिए सभी लोग प्रयासरत है। लोकसभा चुनाव के दो चरण बीत चुके हैं, लेकिन इसी बीच आरक्षण का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आ गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा आरक्षण खत्म करना चाहती है तो भाजपा ने उन पर झूठ बोलने का आरोप लगाते कहा कि कांग्रेस ने दलितों और ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे दिया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने भी संविधान प्रदत आरक्षण का समर्थन किया है। संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि संगठन भेदभाव व्याप्त रहने तक आरक्षण लागू रखने की वकालत करता है। मोदी के 400 पार के नारे के जवाब में विपक्ष ने इसे आरक्षण से जोड़ दिया है। हालांकि विपक्ष की इस मंशा को भांपकर भाजपा और संघ सतर्क हो गया है। यही वजह है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि जब तक जरूरत होगी आरक्षण जारी रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने भी रविवार को अपनी चुनावी सभाओं के दौरान साफ कर दिया कि आरक्षण खत्म नहीं होने जा रहा है। सियासत में आरक्षण, ध्रुवीकरण और जातिवाद बेहद संवेदनशील मुद्दा है। चुनाव के दौरान राजनीतिक दल इसे जमकर भुनाते हैं।

संविधान निर्माताओं ने दलितों-पिछड़ों को समाज में बराबरी का दर्जा देने की मंशा से आरक्षण लागू किया था। मगर संविधान की भावना पर सियासत भारी पड़ी। आरक्षण को लेकर देश में शुरू से ही दुविधा की स्थिति हो रही है। कोई सर्व मान्य हल नहीं निकलने के कारण आरक्षण को लेकर देश भ्रमजाल से नहीं निकल पा रहा है। संविधान की भावना कभी भी जाति आधारित आरक्षण की नहीं थी बल्कि सामाजिक व शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों को बराबरी पर लाने की थी। जब संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी ने स्वयं से पिछड़ा वर्ग शब्द जोड़ा था तो सवाल उठे थे। उस समय डॉ. आंबेडकर ने सदस्यों को यह कह कर संतुष्ट कर दिया था कि ये भविष्य में सरकार के विवेकाधिकार पर छोड़ दिया जाना चाहिए।

सामाजिक-आर्थिक बराबरी का लक्ष्य हासिल करने के लिए संविधान में जिस आरक्षण की व्यवस्था की गई थी, वह लक्ष्य पूरा हुआ या नहीं, यह आज भी बहस का मुद्दा है। यह सही है आरक्षण ने कमजोर वर्ग में एक मलाईदार तबका भी पैदा किया है, जिसके कारण इसका पूरा लाभ जरूरतमंदों को नहीं मिल पाता, पर इसका मतलब यह नहीं कि आरक्षण की व्यवस्था ही खत्म कर दी जाए। दरअसल आरक्षण में व्याप्त विसंगतियां राजनीतिक पार्टियों की सोच का नतीजा हैं, जिनके लिए आरक्षण अपनी सत्ता बचाए रखने का औजार है। हमारे देश में आरक्षण पर राजनीति और दुष्प्रचार कब तक होता रहेगा। यह एक ज्वलन्त विषय है, जो अभी तक भी आम जनता की समझ से परे नजर आ रहा है। हाल ही में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने जो फैसला दिया है। उसे लेकर भी राजनीतिक दल भ्रम फैला रहे हैं। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने पहले भी यह फैसला दिया था कि सरकारी नौकरी में प्रमोशन के अवसर पर आरक्षण देने के लिए बाध्यता नहीं है। मगर इस फैसले की आड़ में यह दुष्प्रचार किया जा रहा है कि सर्वोच्च न्यायालय आरक्षण को ही खत्म करने जा रहा है। न्यायालय के फैसले के साथ साथ यह भी प्रचारित किया जा रहा है कि केंद्र सरकार भी इसके लिए जिम्मेदार है। अनेक प्रमुख राजनेता व राजनैतिक दल न्यायालय के इस फैसले को तीन तलाक, धारा 370 तथा नागरिकता संशोधन कानून से जोड़ रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान निर्माताओं की उस व्यवस्था व भावना को उल्लेखित किया है, जिसके अंतर्गत आरक्षण को मूलभूत अधिकार नहीं माना गया है। यह भी सच है कि सामाजिक न्याय के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत के संविधान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण की व्यवस्था दी हुई है। साथ ही सच्चाई यह भी है कि स्वयं संविधान निर्माता इस व्यवस्था को लंबे काल तक चलाने के लिए पक्ष में नहीं थे। लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक न्याय बराबरी की बेसिक चीजें हैं। आरक्षण उस तक पहुंचने का एक तरीका भर है, मगर कोई मौलिक अधिकार नहीं है। आरक्षण को तब तक ही लागू रखा जाना आवश्यक प्रतीत होता है, जब तक जरूरत लगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# अब विकास मॉडल में सुधार जरूरी

**निश्चित रूप से भारत को विकसित देश बनाने के लिए वर्तमान विकास मॉडल में सुधार करना होगा। विकास मॉडल में समृद्ध भारत के साथ समावेशी भारत की तस्वीर को हरदम सामने रखना होगा। जहाँ देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ाते रहना होगा, वहीं ही रोजगार वृद्धि व आम आदमी के सशक्तिकरण के अधिक प्रयास करने होंगे। यद्यपि पिछले 10 वर्षों में बहुआयामी गरीबों में बड़ी कमी आई है। अब बकाया 15 करोड़ से अधिक गरीबों को नई मुस्कुराहट देने का जोरदार अभियान आगे बढ़ाना होगा। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि देश के आम आदमी के कमजोर जीवन स्तर को अच्छे जीवन स्तर में बदला जाए।**

इन दिनों पूरे देश में ही नहीं, पूरी दुनिया में अर्थ विशेषज्ञ एकमत से टिप्पणी कर रहे हैं कि यदि भारत अपने विकास मॉडल में तेज विकास के साथ समावेशी विकास तथा रोजगार एवं साझी समृद्धि की रणनीति पर तेजी से आगे बढ़ेगा तो भारत वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने के सपने को साकार कर सकेगा। इस समय दुनिया में कोई 40 ही देश विकसित हैं, जिनमें प्रमुख रूप से विकसित यूरोपीय देश हैं। भारत इस समय विकासशील देश है। अब भारत के विकसित राष्ट्र बनने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होने की संभावनाओं के कई आधार हैं। भारत दुनिया में वैश्विक सुस्ती की चुनौतियों के बीच आर्थिक विकास की डगर पर लगातार तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 26 अप्रैल को प्रकाशित वैश्विक परामर्श एजेंसी डेलॉयट इंडिया की नई रिपोर्ट के तहत वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.6 से 7.8 प्रतिशत कर दिया है। कहा गया है कि भारत में मध्यम आय वर्ग के लोगों की संख्या में तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 2 साल से वृद्धि के मजबूत आंकड़ों ने अर्थव्यवस्था को कोविड के पहले के स्तर में आने में मदद की है। बुनियादी ढांचे पर सरकार के व्यय में तेजी से निवेश को समर्थन मिला है। इससे भारत को वृद्धि की रफ्तार तेज रखने में मदद मिली है। निसंदेह यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब कुछ दिन पहले ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मजबूत घरेलू मांग और कामकाज करने वाली आबादी को देखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। विश्व बैंक ने भी वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान 6.4% से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है।

निश्चित रूप से विकसित भारत बनने के लिए भारत की मुट्ठियों में कई महत्वपूर्ण संभावनाएँ हैं। भारत में पिछले वर्ष 2023 में आयोजित जी-20 के शानदार सफल आयोजन से भारत के पास विकास के नए सूत्र आए हैं। भारत के पास पिछले 10 वर्षों की शानदार विरासत है। यह भारत का ऐसा समय है जब हमारी आर्थिक वृद्धि लगातार बढ़ रही है। भारत में स्थिति मैन्युफैक्चरिंग, निवेश और निर्यात के मद्देनजर उपयुक्त हैं। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान से देश तेजी से आगे बढ़ा है। वैश्विक स्तर पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट के रुझान के बीच भारत दुनिया के सर्वाधिक एफडीआई प्राप्त करने वाले प्रमुख देशों में शामिल है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेजी से बढ़ा है। वैश्विक सुस्ती के बीच भारत का शेयर बाजार नई ऊँचाइयों पर है। पिछले एक दशक में हुए रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म देश के विकास के लिए गेमचेंजर रहे हैं। भारत में अहम आर्थिक सुधार हुए और इन सुधारों में जन धन, आधार और मोबाइल आधारित सब्सिडी सुधार (जेएएम), वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता (आईबीसी) प्रमुख हैं।



निसंदेह इस समय भारत के पास टिकाऊ विकास के अभूतपूर्व अवसर हैं। वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत दी जा रही है। भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ का स्थाई सदस्य देश बनाने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस का समर्थन रेखांकित हो रहा है और भारत वैश्विक मंच पर बड़ी भूमिका के लिए तैयार है। भारत के तेजी से बढ़े कृषि क्षेत्र से दुनिया की उम्मीदें बढ़ गई हैं। तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार के कारण भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) बढ़ रहे हैं। प्रवासी भारतीयों के द्वारा लगातार भारत की ओर अधिक रेमिटेंस भेजा जा रहा है।

इस समय वैज्ञानिकों के द्वारा अंतरिक्ष, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, ऊर्जा तथा नए तकनीकी विकास के कारण आर्थिक विकास को गति मिल रही है चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के मद्देनजर भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में उभरकर सामने आया है। अब भारत में लॉजिस्टिक लागत में कमी आने लगी है। इतना ही नहीं भारत दुनिया के 85 देशों को हथियार व सैन्य सामग्रियों का निर्यात भी कर रहा है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि सरकार के द्वारा विगत 10 वर्षों में किए गए आर्थिक और वित्तीय सुधारों के साथ-साथ कठोर प्रशासनिक निर्णयों से देश में आर्थिक विकास की रफ्तार बढ़ी है। इसके साथ-साथ दुनिया में मजबूत लोकतंत्र और स्थिर सरकार के रूप में भारत की पहचान, स्टार्टअप का दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ना, भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के लिए बढ़ते हुए नए दौर के कौशल निर्माण कार्यक्रम, बड़े पैमाने पर पूंजीगत खर्च, गैरजरूरी आयात में कटौती, खेलों के क्षेत्र में भारत की लंबी छलांगों से लाभांवित होती भारतीय अर्थव्यवस्था और बाहरी झटकों से उबरने की क्षमता देश के टिकाऊ विकास की बुनियाद बन गई हैं।

निश्चित रूप से भारत को विकसित देश बनाने के लिए वर्तमान विकास मॉडल में सुधार करना होगा। विकास मॉडल में समृद्ध भारत के साथ समावेशी भारत की तस्वीर को हरदम सामने रखना होगा। जहाँ देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ाते रहना होगा, वहीं ही रोजगार वृद्धि व आम आदमी के सशक्तिकरण के अधिक प्रयास करने होंगे। यद्यपि पिछले 10 वर्षों में बहुआयामी गरीबों में बड़ी कमी आई है। अब बकाया 15 करोड़ से अधिक गरीबों को नई मुस्कुराहट देने का जोरदार अभियान आगे बढ़ाना होगा। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि देश के आम आदमी के कमजोर जीवन स्तर को अच्छे जीवन स्तर में बदला जाए। देश में 19 करोड़ से अधिक महिलाओं को पेड वर्कफोर्स में शामिल करने की रणनीति को अमलीजामा पहनाना होगा। हमें विकास के लिए चीन की कम कौशल वाले विनिर्माण की नीति को अपनाने की बजाय हमारे शक्तिशाली सर्विस सेक्टर के जरिए विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए आगे बढ़ना होगा। कई अहम सुधारों को वैधानिक बनाते हुए उनका तेजी से क्रियान्वयन करना होगा। कृषि, श्रमिक, भूमि भ्रष्टाचार के उन्मूलन और अन्य सुधारों की डगर पर तेजी से बढना होगा। यद्यपि केंद्र सरकार 29 श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में तब्दील करने की महत्वाकांक्षी योजना को आकार देने में सफल रही है, लेकिन ये अब तक लागू नहीं हुई है। अब एक ऐसे समय में जब कई देशों की कंपनियाँ चीन से बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार स्थानांतरित करते हुए दिखाई दे रही हैं तब हम अच्छे श्रम कानूनों से इसका लाभ उठा सकते हैं। देश के तेज विकास के लिए उभरते क्षेत्रों में शोध एवं विकास क्षेत्र में जरूरी निवेश पर्याप्त नहीं है। शोध एवं विकास के क्षेत्र में भारत का प्रति व्यक्ति व्यय दुनिया में विभिन्न तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कम है।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मन की कड़वाहट मिटाने से संबंधों में समरसता आएगी




संकलित

दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

## महिला के शुभ कदम



संकलित

प्रेरणा

एक आदमी ने दुकानदार से पूछाः केले और सेवफल क्या भाव लगाए हैं? दुकानदारः केले 20 रु. दर्जन और सेव 100 रु. किलो। उसी समय एक गरीब सी औरत दुकान में आई और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया दुकानदारः केले 5 रु दर्जन और सेब 25 रु किलो। औरत ने कहाः जल्दी से दे दीजिए। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा। औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे। औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ देखते हुए कहाः ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है। तब मुझे यही तरकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीज़े देदूँ। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है। इस तरह भगवान के बंदों की पूजा कर लेता हूँ। थोड़ा रूक कर दुकानदार बोलाः यह औरत हफ्ते में एक बार आती है। भगवान गवाह है, जिस दिन यह आ जाती है उस दिन मेरी बिक्री बढ़ जाती है।

## सटाका




## आज की पाती

### मसाला कंपनियों की साख पर आंच न आए

हमारे देश की मसालों की दो मुख्य कंपनियों की इनके उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर जो हांगकांग और सिंगापुर ने सवाल खड़े किए हैं, वो गले नहीं उतर रहे, क्योंकि ये दोनों कंपनियां अपने उत्पादों की उचित जांच खुद करके और संबंधित सरकारी विभाग से भी जांच करवाने के बाद ही अपने उत्पादों को बेचने के लिए बाजार में उतारती हैं और विदेशों को भेजती हैं। दूसरी चीज, ये कंपनियां पिछले लंबे अरसे से अपने उत्पादों को बेच रही हैं। एमडीएच को तो मसालों का कारोबार करते हुए 75 वर्ष से ऊपर का समय हो चुका है। ऐसे में भारत सरकार को, इन कंपनियों पर हांगकांग और सिंगापुर ने जो आरोप लगाए हैं, उनकी उचित और निष्पक्ष जांच करवानी चाहिए। *–दिलीप तिवारी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### इसमें कोई सवाल नहीं



राहुल गांधी और कांग्रेस आरक्षण को लेकर देशवासियों को गुमराह कर रही है। कांग्रेस ने तुष्टिकरण के लिए कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में अल्पसंख्यकों को आरक्षण देकर एवं जामिया और एएमयू जैसी संस्थाओं में एसी, एसटी और ओबीसी को वंचित रखकर आरक्षण खत्म करने का प्रयास किया है।
-अमित शाह, केंद्रीय मंत्री

### कांग्रेस चट्टान की तरह



भाजपा नेताओं का उद्देश्य है, संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने में उनकी भागीदारी खत्म करना। लेकिन कांग्रेस चट्टान की तरह भाजपा की राह में खड़ी है।
-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### पेपर लीक हो गया



मात्र 17 महीनों में हमने 5 लाख नौकरियां दी। सभी विभागों की रिक्तियों को भरने के आदेशानुसार 3 लाख से अधिक नौकरियां प्रक्रियाधीन करवाई और तीसरे चरण के लिए विज्ञापित एक लाख सशिक्षकों की भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया।
-तेजस्वी यादव, राजद नेता

### अच्छा लगेगा




मेरे दोस्त सतीश कौशिक के घर जाकर शशि और उनकी बेटी (मेरी भी) वंशिका से मिलना हम तीनों को अच्छा लगता है।बातों और चाय पानी के अलावा वंशिका के साथ एक रील भी बनाना हम दोनों का पर्सनल रूटीन है। आप भी देखिए।आपको भी अच्छा लगेगा। -अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर

# पर्यावरण कार्यकर्ता टेरेसा को ग्रीन नोबल पुरस्कार

यूरोप के सबसे बड़े लगून के सरंक्षण के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने वालीं पर्यावरण कार्यकर्ता टेरेसा विसेंट ने गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार जीता है, जिसे 'ग्रीन नोबेल' के नाम से जाना जाता है। अपने पुराने दिनों को याद करते हुए विसेंट कहती हैं कि उस समय वह स्पेन के मार मेनोर में बिल्कुल स्वच्छ पानी में तैरती थीं और समुद्री जीव उसमें साफ नजर आते थे लेकिन खनन और विकास कार्यों की वजह से होने वाले दीर्घकालिक प्रदूषण ने यूरोप के सबसे बड़े, खारे पानी के लगून को लगभग बर्बाद कर दिया। समुद्री तटों पर ज्वार की वजह से जब पानी की लहरें उठती हैं तो पानी तट पार कर आगे सूखे हिस्से में आ जाता है। लेकिन बाद में यह पानी भाटा के समय वापिस समुद्र में नहीं जाता। इस पानी के अवशोषण के कारण जमीन का यह भाग सतह से थोड़ा नीचे चला जाता है और झील बन जाती है जिसे लगून कहते हैं। वर्ष 2019 में बड़े पैमाने पर मछलियों की मौत ने दर्शनशास्त्र की प्रोफेसर विसेंट को लगून के सरंक्षण के लिए कार्य करने को प्रेरित किया। अगले कुछ वर्षों में 61 वर्षीय विसेंट ने क्षेत्र की पारिस्थितिकी की दृष्टि से अहम जलक्षेत्र लगून को खत्म होने से बचाने के लिए जमीनी स्तर के एक अभियान का नेतृत्व किया।



## ऑफ बीट

# क्या स्मार्टफोन ने 'चिंतित पीढ़ी' पैदा कर दी है?



सामाजिक मनोवैज्ञानिक जोनाथन हैडट की नई किताब द एनक्सियस जेनरेशन तत्काल कार्रवाई का आह्वान करती है। हैडट का तर्क है कि इस बात के पर्याप्त सबूत मौजूद हैं कि किशोरों द्वारा स्मार्टफोन का व्यापक उपयोग मानसिक स्वास्थ्य संकट का कारण बन रहा है। उनकी स्मार्टफोन पहुंच को सीमित करने के लिए व्यक्तिगत, सामूहिक और विधायी कार्रवाई की आवश्यकता है। हैडट ने अपनी पुस्तक की शुरुआत एक रूपक से की है। कल्पना कीजिए कि किसी ने आपको अपने दस वर्षीय बच्चे को मंगल ग्रह पर बड़ा होने का अवसर दिया है, इसमें दो राय नहीं हैं कि विकिरण और कम गुरुत्वाकर्षण स्वस्थ किशोरों के विकास को बाधित कर सकता है, जिससे दीर्घकालिक पीड़ा हो सकती है। निश्चित रूप से, जोखिमों को देखते हुए, आप प्रस्ताव को अस्वीकार कर देंगे। एक दशक पहले, माता-पिता अपने उत्साहित किशोरों को दिए जाने वाले चमकदार नए स्मार्टफ़ोन के भीतर छिपे खतरों को नहीं जान सकते थे। लेकिन इस बात के सबूत बढ़ रहे हैं कि जो बच्चे स्मार्टफोन के साथ बड़े हुए हैं वे परेशानी में हैं। हैडट 2010 से 2015 की अवधि को 'महान रीवायरिंग' कहते हैं।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसकी पत्नी से चल रही थी अनबन इसीलिए उठाया यह कदम

# बर्खास्त एसआई के बेटे ने भदभदा पुलिया पर खाया जहर, पत्नी और भाई को किया कॉल, अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भदभदा पुलिया पर रविवार देर रात बर्खाशत एसआई के बेटे ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जहरीला पदार्थ खाने के बाद उसने अपने भाई और पत्नी को कॉल किया था। परिजन उसे हजेला अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां प्राथमिक इलाज के बाद चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल में शिफ्ट कराया था। सोमवार सुबह इलाज के दौरान निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गई। रातीबड़ पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसकी पत्नी से अनबन चल रही थी।

### रिश्तेदारो को बताया कि जहरीला पदार्थ खा लिया



पुलिस के अनुसार अजय शर्मा पिता रामगोपाल शर्मा (40) सुख सागर कॉलोनी, नीलबड़ थाना क्षेत्र में रहता था और ठेकेदारी करता था। रविवार रात करीब 12 बजे के आसपास उसने अपने भाई और पत्नी को कॉल कर बताया कि उसकी तबीयत ठीक नहीं है और वह भदभदा पुल पर बैठा है। अजय का भाई और रिश्तेदार मौके पर पहुंचे तो वह उल्टियां कर रहा था। उसने बताया कि जहरीला पदार्थ खा लिया है। भाई उसे लेकर हजेला अस्पताल पहुंचा। वहां इलाज शुरू कर दिया गया। तड़के उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और परिजन उसे लेकर चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल पहुंचे, वहां अजय का इलाज चल रहा था। रविवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### पत्नी से चल रही थी अनबन

मामले की जांच कर रहे एसआई श्रीकांत द्विवेदी ने बताया कि मरने से पूर्व अजय शर्मा के बयान नहीं हो सके थे। परिजन से पूछताछ में पता चला कि उसकी ठेकदारी ठीक-ठाक चल रही थी। कुछ दिन से पत्नी से कहासुनी हो रही थी। अनुमान है कि पत्नी से कहासुनी के कारण उसने यह कदम उठाया है, लेकिन पुलिस अन्य पहलुओं पर भी जांच कर रही है।

## शादी से एक दिन पहले लैब संचालक ने खाया जहर, अस्पताल में मौत

### बयान में बताया कि बारह से पंद्रह लाख रुपए की डूब रही थी उधारी

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित शिवलोक फेस-2 में रहने वाले लैब संचालक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां इलाज के दौरान रविवार रात करीब 11 बजे के उसकी मौत हो गई। मृत्युपूर्व बयान में संचालक ने बताया था कि उन्हें लोगों से करीब बारह से पंद्रह लाख रुपए लेना है, लेकिन लेनदार रुपए नहीं लौटा रहे थे। इसके अलावा रविवार को होने वाली शादी से नाखुश था। पुलिस के अनुसार मनोज मकोरिया पिता जय सिंह मकौरिया (34) मंडीदीप में केयर एंड केयर अस्पताल में मेडिकल लैब का संचालन करता था। उसके पिता जय सिंह मकौरिया कलेक्टोरेट में फोर्थ ग्रेड में नौकरी करते हैं। मनोज के जीजा संजय मकौरिया ने बताया कि मनोज ने शनिवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे के आसपास घर में कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, वहां इलाज के दौरान रविवार रात उसकी मौत हो गई।

### तीन साल पूर्व हो चुका था तलाक

मनोज की शादी हो चुकी थी। उसकी छह साल की बेटी भी है। करीब तीन साल पूर्व उसका तलाक हो गया था। छोटी उम्र में तलाक होने के कारण परिजन ने रिश्तेदारी में बात की और मनोज की दूसरी शादी के लिए एक युवती भी देख ली थी। मनोज की रविवार को मंदिर से शादी होनी थी। इससे पहले ही मनोज शनिवार सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया।

### बयान में लेनदेन की बात आई सामने

पुलिस को मनोज के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन मजिस्ट्रेड के समक्ष उसके बयान हुए थे। बयान में उसने बताया कि उसकी करीब बारह से पंद्रह लाख रुपए की उधारी थी। लोगों को वह उधारी देने की बात बार-बार कह रहा था, लेकिन उधारी की वसूली नहीं हो रही थी। इसके अलावा उसने पुलिस को बताया कि रविवार को उसकी शादी होनी थी, लेकिन वह शादी नहीं करना चाहता था।

## खबर संक्षेप



### घर-घर जाकर मतदान के लिए दे रहे आमंत्रण

**औबेदुल्लागंज।** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए कार्यकर्ता लोगों को घर-घर जाकर पीले चावल दे रहे हैं। सोमवार का वार्ड 12 के अर्जुन नगर में बीएलओ तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बैनर-पोस्टर एवं आमंत्रण-पत्र और पीले चावल देकर मतदाताओं को 7 मई को बूथों पर जाकर मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान बीएल प्रमोद कुमार पांडेय, आगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता बामनिया उपस्थित रहीं।

### लोस चुनाव में मतदान करने की अपील



**औबेदुल्लागंज।** सेन समाज के प्रमुख अर्जुन नगर के नेता माखन सेन ने सभी नगर वासियों से अपील की है कि हर व्यक्ति परिवार के सदस्यों के साथ 7 मई को मतदान जरूर करें। मतदान के दिन अपना अमूल्य मत जरूर डालें, आपका मत बहुत कीमती है। माखन सेन ने कहा कि सूरज कि पहली किरण के साथ सारे काम छोड़ दें सबसे पहले वोट डालें। मतदान करने से आपके मोहल्ले नगर क्षेत्र के लिए प्रगति विकास के कार्य होंगे। प्रत्येक व्यक्ति मतदान करेगा तो प्रदेश का विकास मैं हिस्सेदारी बनेगा।

### मतदान का सही प्रयोग करें: तिवारी



**औबेदुल्लागंज।** संघ के सदस्य सुदामा तिवारी ने कहा मतदान का सही प्रयोग करें। मतदान प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए। मतदान लोकतंत्र का एक मूलभूत पहलू और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव है। मतदान सामाजिक परिवर्तन का एक शक्तिशाली माध्यम है। मतदान का सही प्रयोग करके देश को विकसित राष्ट्र बनाने में मदद मिल सकती है इसलिए मतदान जरूर करें।

### नूतन वित्तीय वर्ष 2024-25 के कैलेंडर का लोकर्पण



**संतनगर।** पूज्य सिंधी पंचायत संत हिरदाराम नगर द्वारा सुख सागर उदासीन आश्रम के वर्तमान गदीशीन महंत स्वामी बाबा रामदास उदासीन के नेतृत्व में नूतन वित्तीय वर्ष 2024-25 का सुंदर, आकर्षित, ज्ञान से भरपूर कैलेंडर का विमोचन कर धर्मप्रेमियों को उपलब्ध कराया है। बाबा साहिब के अनुयायी एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं ने कैलेंडर में धार्मिक, ज्ञानवर्धक, तृतीयवार, जानकारी देकर हर परिवार में रखने योग्य बनाया है। इससे बच्चों एवं युवा वर्ग के धार्मिक गुण तथा संस्कार बनाने का प्रयास किया है, जो सराहनीय है। इस सुंदर कैलेण्डर में तमाम देवी देवता, संतों महापुरुषों एवं शहीदों की जयंती आदि का भी उल्लेख किया गया है।

महिला को राजस्थान में डेढ़ लाख रुपए में बेचा था

# पुलिस ने महिला को बरामद किया तो लुटेरी दुल्हन का हुआ खुलासा

» झालावाड़ राजस्थान के युवक ने दर्ज कराया था प्रकरण, पुलिस तीन आरोपियों को लेकर पहुंची राजस्थान

» शादी करने के बाद बहाना बनाकर भोपाल लौट आती थी लुटेरी दुल्हन, तीन बार कर चुकी है वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जहांगीराबाद पुलिस ने राजस्थान के झालावाड़ से गुमशुदा महिला को बरामद किया है। महिला से पूछताछ में लुटेरी दुल्हन का पर्दाफाश हो गया। दरअसल, लुटेरी दुल्हन गिरोह की महिला सगरना ने गिरोह की महिला को डेढ़ लाख रुपए में राजस्थान में बेच दिया था। साजिश के तहत दुल्हन को कुछ दिनों बाद बहाना बनाकर लौट आना था, लेकिन राजस्थान से लौटने का उसे मौका नहीं मिला। दुल्हन की मां ने जहांगीराबाद थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी का डेढ़ लाख रुपए में सौदा किया गया है। इसके बाद जहांगीराबाद पुलिस हरकत में आई और राजस्थान पहुंचकर महिला को सकुशल बरामद किया। इस दौरान लुटेरी दुल्हन का खुलासा हुआ। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए राजस्थान के झालावाड़ की बकानी थाना पुलिस लुटेरी दुल्हन और गैंग लीडर समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए ले गई है।

### अब तक तीन बार शादी कर चुकी है सरिता



पुलिस के अनुसार बैंक कॉलोनी अशोका गार्डन निवासी ललिता मानेकर पत्नी यशवंत मानेकर (45) ने गत 13 अप्रैल को सूचना दी कि उसकी बेटी सरिता महाजन पत्नी सुभाष महाजन (28) मोहिनी भवन यादव मोहल्ला बरखेड़ी लापता हो गई है। सरिता ने अपनी दो बेटियों गायत्री (7) व पूजा (5) को ललिता मानेकर के पास छोड़ दिया था। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करने के बाद जांच की। इस बीच ललिता ने पुलिस को बताया कि बेटी सरिता को राजस्थान में डेढ़ लाख रुपए में बेचा गया है। पुलिस ने उक्त मामले में एक संदेही महिला को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने बताया कि ललिता मानेकर ने खुद अपनी बेटी की शादी सोहेल नामक व्यक्ति के माध्यम से थाना बकानी, जिला झालावाड़ में सोनू शर्मा से कराई है। गुमशुदा महिला सरिता की अब तक तीन शादियां भोपाल, हरदा व झालावाड़ में हो चुकी हैं। इसमें शामिल लोग नोटरी कराकर शादी करवा देते हैं। उसके बाद मौका मिलते ही गुमशुदा महिला अपने घर लौट आती है। पुलिस ने एक टीम को गुमशुदा महिला की तलाश के लिए बकानी, जिला झालावाड़ भेजा। वहां से सरिता को बरामद किया गया।

### गिरोह की सदस्य बनी सरिता की मौसी

पूछताछ में खुलासा हुआ कि गुमशुदा सरिता महाजन ने अपना असली नाम बदलकर गुंजन नाम के आधार कार्ड के दस्तावेज पेश कर नोटरी कराकर सोनू शर्मा से शादी की थी। गिरोह की अन्य सदस्य सुनीता लड़के वालों के सामने लड़की की मौसी बनी थी। उसने अपना नाम सुनीता की जगह अनीता बताया था। संदेही सोहेल ने अपना नाम बदलकर राकेश रख लिया था। वह लड़के वालों के सामने लड़की का भाई बनकर बन गया था। पुलिस को अनुमान है कि आरोपियों ने इस तरह की और भी वारदात को अंजाम दिया होगा।

### दुल्हन बनाने लगती थी बहाने

गिरोह के सदस्य सोहेल, ललिता व संदेही सुनीता लड़कों की तलाश कर सौदा तय करते थे। बाद में नोटरी से शादी करवा देते थे। दुल्हन शादी करके जिस घर में जाती थी। वहां कुछ दिन ठीक से रहती थी फिर बहाने बनाकर निकल जाती थी। इतने में काम नहीं हुआ तो पेट दर्द या अन्य कोई बहाना बनाकर अस्पताल में भर्ती हो जाती थी इसके बाद अस्पताल से फरार हो जाती थी।

### राजस्थान पुलिस कर रही पूछताछ

थाना बकानी जिला झालावाड़ पुलिस ने फरियादी सोनू शर्मा की रिपोर्ट पर घटना में लिप्त इंदर सिंह गुर्जर निवासी बकानी जिला झालावाड़, सरिता महाजन व सुनीता ठाकुर के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत व धमकी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है। राजस्थान पुलिस गैंग लीडर सुनीता ठाकुर उर्फ अनीता (39) निवासी शीतल सिटी कॉलोनी मंडीदीप रायसेन, दुल्हन सरिता महाजन (28) निवासी यादव मोहल्ला बरखेड़ी व संदेही सोहेल खान उर्फ जुगनू (23) निवासी तुलसी नगर हिनोतिया को अपने साथ राजस्थान ले गई है। वहां उनसे पूछताछ की जा रही है।

दस नंबर मार्केट के पास लुटेरों ने की वारदात

# कॉर्डियोलॉजिस्ट का मोबाइल छीनकर भागे बाइक सवार

» पुलिस ने मोबाइल गुम होने का आवेदन लिखवाकर चलता कर दिया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित 10 नंबर मार्केट में फूल वाले मार्केट के पास सड़क पार कर रहे कार्डियोलॉजिस्ट से बाइक सवार लुटेरों ने मोबाइल झपट लिया। घटना गत 18 अप्रैल की रात करीब पौने दस बजे के आसपास की है। कॉर्डियोलॉजिस्ट ने घटना की शिकायत हबीबगंज थाने पहुंचकर की थी। हबीबगंज पुलिस ने लूट की एफआईआर दर्ज करने की बजाय मोबाइल गुम होने का आवेदन लिखवाकर उन्हें चलता कर दिया। कॉर्डियोलॉजिस्ट ने घटना की शिकायत ऑनलाइन की। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को भी घटना की जानकारी दी। इसके बाद दस दिन बाद 28 अप्रैल को पुलिस ने लूट की शिकायत दर्ज कर ली। पुलिस लुटेरों की तलाश कर रही है। लूटे गए मोबाइल की कीमत 70 हजार रुपए है।

### सड़क पार करते समय मोबाइल छीना



पुलिस के अनुसार 49 साल के डॉ. बृजेश श्रीवास्तव, कटारा हिल्स में रहते हैं। उनका कोलार में भी एक मकान है। गत 18 अप्रैल की रात करीब पौने दस बजे वह दस नंबर मार्केट आए थे। फूल वाले मार्केट में कॉफी हाउस में उन्होंने कॉफी पी और अपनी शर्ट की जेब में मोबाइल रखकर सड़क पार करने लगे। इसी दौरान बाइक सवार लुटेरे उनके पास पहुंचे और उनकी शर्ट की ऊपर वाली जेब में रखा मोबाइल छीनकर भाग निकले। डॉ. श्रीवास्तव ने तत्काल थाने पहुंचकर घटना की शिकायत की। पुलिस ने उनसे मोबाइल गुम होने का आवेदन लिखवाया और आवेदन पर थाने की सील साइन कर उन्हें थाने से चलता कर दिया।

### ऑनलाइन एप पर की शिकायत

डॉ. श्रीवास्तव ने घटना की शिकायत ऑनलाइन एप पर की और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को भी बताया। इसके बाद पुलिस ने डॉ. श्रीवास्तव को बुलाया और लूट की शिकायत दर्ज की। डॉ. श्रीवास्तव का कहना है कि उनके मोबाइल की कांटेक्ट लिस्ट में महत्वपूर्ण नंबर हैं और उन नंबरों का गलत इस्तेमाल किया जा सकता था। लुटेरों ने मोबाइल लूटने के बाद एक बार मोबाइल ऑन किया था। उस दौरान लोकेशन पुराने शहर की मिली थी। इसके बाद उन्होंने मोबाइल ऑन नहीं किया।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित अमरावत कला में एक युवक ने रविवार शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि प्रॉपर्टी के विवाद में मृतक ने फांसी लगाई है। पुलिस के अनुसार भगवान दास लोधी (45) ग्राम अमरावत कला, कोलार रोड पर रहते थे। वे खेती किसानी करते थे। उनके गावं में दो मकान थे। रविवार शाम अपने दूसरे मकान में उन्होंने फांसी लगा ली। बच्चों और पड़ोसियों की नजर पड़ने पर उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि भगवान दास लोधी का अपने भाइयों और साले से जमीन व पैसों को लेकर विवाद चल रहा था। इसके अलावा साले से भी पैसों का लेन-देन था। वह कर्ज से परेशान था। यह भी बताया जाता है कि वह शराब पीने के आदी थे।

# पटवा ने किया भोजपुर क्षेत्र में चुनावी दौरा ज्यादा से ज्यादा मदान करने को कहा

### घर-घर जाकर लोगों से की चर्चा, रहवासियों ने किया स्वागत व सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



विधायक सुरेंद्र पटवा ने सोमवार को भोजपुर क्षेत्र में चुनावी दौरा किया। इसमें समनापुर में बूथ अध्यक्ष पन्ना प्रमुख एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने पर जोर दिया। नन्दोर में जनसंपर्क किया, बरखेड़ा सेतु में घर-घर जाकर चर्चा की। ग्राम हीरापुर में ग्रामवासियों ने कहा कि भोजपुर की जनता आप के साथ है। इस दौरान सुरेंद्र भैया और मामा शिवराज के नारे भी लगाए। गांव वासियों ने पटवा से कहा भैया-मामा हमारे हैं। ग्राम कुमड़ी में नारायण सिंह गुर्जर के बेटे की शादी में शामिल हुए। ग्राम गुड़रिया मैं पटवा का अभूतपूर्व स्वागत शॉल और श्रीफल से किया।



### तामोट के कई क्षेत्रों में किया दौरा

पूर्व भोपाल नगर निगम अध्यक्ष सुरजीत सिंह चौहान, रोहित सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा, कन्हैया नंदवंशी, नरेंद्र शर्मा, सोनू चौकसे, जनपद जिला अध्यक्ष सुलेखा चौहान, माधव यादव, गुड्डू यादव, संजीव चौहान, रामकिशोर चौहान आदि ने तामोट क्षेत्र का दौरा किया। इस अवसर पर सुरजीत सिंह चौहान और विधायक सुरेंद्र पटवा सहित सुलेखा चौहान ने कहा कि हमारे मामा शिवराज सिंह चौहान का जीवन जनता की सेवा के लिए समर्पित है। वहीं मामा प्राणों से भी प्यारी जनता भांजे-भांजियों, माताओं-बहनों, किसानों, गरीबों आमजन की सेवा में रात दिन जुटू रहते हैं।

## 'कौन बनेगा वोटर नंबर वन' मल्टी मीडिया क्विज में आयुषी व सौम्या सहित आधा दर्जन छात्राओं ने बाजी मारी



**संतनगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में स्वीप के अंतर्गत मतदाता जारुकता अभियान के तहत कौन बनेगा वोटर नंबर वन मल्टीमीडिया क्विज का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य युवा मतदाताओं को जागरूक कर मतदान के प्रति उनका रूझान बढाना था। महाविद्यालय में आयोजित कौन बनेगा वोटर नंबर वन मल्टीमीडिया क्विज में कु. आयुषी चतुर्वेदी, कु. सौम्या सक्सेना, कु. मुस्कान ठाकुर, कु. वशिंका श्रीवास्तव, कु. याशिका परयानी, कु. प्रिंसी पहलवानी, कु. नेहा इंगले, कु. भूमिका पवार, कु. दीपिका मेवाड़ा और कु. साश्री इसरानी विजेता रही। कार्यक्रम में प्लान के समन्वयक डॉ. रविकांत ठाकुर, स्वीप टीम के सदस्य मोहन मालवीय, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी आदि मौजूद थे।

# सीएम डॉ. यादव का रोड आज, नगर आगमन पर जगह-जगह होगा स्वागत

### कई समितियां और संगठनों ने तैयार किए स्वागत मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैरसिया



भाजपा भोपाल से लोकसभा प्रत्याशी आलोक शर्मा के समर्थन में मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बैरसिया में रोड शो करेंगे। सीएम के प्रथम नगर आगमन पर क्षेत्र के कई सामाजिक संगठन एवं स्वंयसेवी संस्थाएं मंच बना कर स्वागत करेंगी। बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रोड शो की तैयारियों को लेकर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक ली। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव मंगलवार को करीब शाम 5 बजे बैरसिया बस स्टैंड से चोपड़ बजार तक रोड शो करेंगे। उन्होंने कहा कि अबकी बार 400 पार का लक्ष्य है। उसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमारे कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव रोड के माध्यम से मतदाताओं से वोट देने की अपील करेंगे।

भोपाल एवं कोटा स्थित रेल कारखानों में किया जाता है कार्य

# 6700 से अधिक वैगनों और 1400 से अधिक कोच की मरम्मत, इस वर्ष उपलब्धियों से भरे रहे रेल कारखाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पश्चिम मध्य रेल के भोपाल एवं कोटा स्थित रेल कारखानों में पीरीयोडिक ओवर हालिंग का कार्य किया जाता है। महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के निरंतर मॉनिटरिंग एवं मुख्य कारखाना प्रबंधक के नेतृत्व में अनुरक्षण डिपो में बीते वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक कोचों-वैगनों का अनुरक्षण कार्य किया है। पश्चिम मध्य रेल ने वर्ष 2023-24 साल भर में कुल 8181 कोचों-वैगनों का पिरियोडीक ओवर हॉलिंग (आउटटर्न) किया, जबकि वर्ष 2022-23 कुल 7597 कोचों-वैगनों का पिरियोडीक ओवर हॉलिंग किया गया था, जो कि लगभग 8 प्रतिशत अधिक है।

### भोपाल सवारी डिब्बा कारखाना ने की 1420 कोचों की मरम्मत



वर्ष 2023-24 में सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना भोपाल ने 1420 कोचों का अनुरक्षण किया तथा कोटा वर्कशॉप ने 6761 वैगनों की मरम्मत की है। अकेले मार्च 2024 की बात करें तो सीआरडब्लूएस-भोपाल एवं डब्लूआरएस-कोटा दोनों कारखानों में कुल 668 कोचों-वैगनों का पीरियोडिक ओवर हॉलिंग किया गया, जिसमें सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना भोपाल ने 117 कोचों का अनुरक्षण किया तथा कोटा वैगन रिपेयर वर्कशॉप ने 551 वैगनों का अनुरक्षण कार्य किया। गौरतलब है कि सीआरडब्लूएस भोपाल में कोचों का तथा डब्ल्यूआरएस कोटा में वैगनों का पीओएच किया जाता है।

- पिरियोडिक ओवर हॉलिंग के दौरान किए जाने वाले काम
- कोच और वैगन के बॉडी और अंडर गियर की मरम्मत की जाती है, जिससे परिचालन में सरंक्षा सुनिश्चित की जा सके।
- कोचों और वैगनों के नीचे ट्रॉली, बोगी के सभी पाट्र्स की मरम्मत की जाती है, जो सरंक्षा की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है।
- एयर ब्रेक सिस्टम के सभी पार्ट एवं वैगनों और कोचों के दोनों ओर के बफर की मरम्मत की जाती है, जिससे सरंक्षा में बढ़ोत्तरी एवं जर्क फ्री राइडिंग का अनुभव होता है।
- व्हील और एक्सल की मरम्मत एवं रखरखाव किया जाता है, जिससे सुरक्षा में इजाफा होता है।

# दवाइयों से ही बीमारी ठीक नहीं होती स्थिर होती है : डॉ. टेवानी

### रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर श्रृंखला

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

आरोग्य केन्द्र द्वारा आयोजित 'रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर श्रृंखला' के अन्तर्गत दस दिवसीय शिविर का शुभारंभ सीजीएचएस (सेवानिवृत्त केन्द्रीय कर्मचारियों) कार्ड होल्डर्स के लिए आयोजित किया गया।

इस शिविर में विभिन्न स्थानों से कई साधकगण अपक्वाहार एवं प्राकृतिक उपचार के साथ-साथ योग, आयुर्वेदिक उपचार, फिजियोथैरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा, पोटली मसाज आदि से भी लाभान्वित होने की उम्मीद से आए हैं। इस शिविर में



शिविरार्थियों को प्राकृतिक उपचार, योग, उपवास एवं अपक्व आहार, रसाहार, फलाहार के माध्यम से स्वस्थ रहने की कला सिखाई जाएगी। शिविर का शुभारंभ व्याख्यान में डॉ. गुलाब राय टेवानी ने बताया कि इस शिविर का अपने शरीर का शुद्धिकरण कैसे करें वो सीखते है। शरीर का शुद्धिकरण होना बहुत ही आवश्यक हैं।

## पीएम मोदी ने कर्नाटक और महाराष्ट्र में कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर साधा निशाना

# कर्नाटक में कांग्रेस 'सरकार' नहीं, वसूली गैंग चला रही, देश को लूटने वाले इन भ्रष्टाचारियों को जेल की सलाखों में होना चाहिए



एजेंसी ▶▶ बागलकोट/ सोलापुर

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के चुनाव के लिए चुनाव प्रचार तेज हो गया है। पीएम नरेंद्र मोदी कर्नाटक के बागलकोट पहुंचे। उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कर्नाटक में वसूली गैंग चला रही है। पानी के लिए टैंकर माफिया वसूली कर रहे हैं और इसका भी कमीशन कांग्रेस के लोगों तक पहुंच रहा है।कांग्रेस इतने से संतुष्ट नहीं है। कांग्रेस 2जी स्कैम जैसे लाखों करोड़ का घोटाला करने का सपना देख रही है। 7 मई को कर्नाटक वाले को लूटने वाले को सजा मिलनी चाहिए। यह चुनाव भारत का भविष्य तय करेगा।

इन चुनावों का लक्ष्य एक विकसित भारत, एक आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना और देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में बदलना है। पीएम ने कहा कि आज ये लोग एक झटके में गरीबी हटाने का दावा करते हैं, लेकिन इनकी 60 साल की सरकार, इनकी कई पीढ़ियों का काम गवाह है कि वंचित वर्ग के लिए इनकी मानसिकता क्या रही है? करोड़ों परिवार इस देश में जीवन की मूलभूत जरूरतों से वंचित थे।

**7 मई को कर्नाटक को लूटने वालों को सजा मिलनी चाहिए, यह चुनाव भारत का भविष्य तय करेगा**

### कांग्रेस ने कर्नाटक को भी लूट का एटीएम बनाया

इस दौरान उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। कांग्रेस ने कर्नाटक को भी अपनी लूट का एटीएम बना लिया है। इतने कम समय में ही इन लोगों ने कर्नाटक का सरकारी खजाना खाली कर दिया है। कांग्रेस का काम सिर्फ देश लूटना है। कांग्रेस कर्नाटक में सरकार नहीं, वसूली गैंग चला रही है।



**सोलापुर में कसा तंज**

### ईडी का 5 पीएम का फॉर्मूला फेल

महाराष्ट्र के सोलापुर में रैली में पीएमने शिवसेना और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस के पास तो 5 साल के लिए 5 प्रधानमंत्री हैं। वहीं, शिवसेना के बड़बोले नेताओं ने कहा है कि उनकी पार्टी में तो पीएम पद के कई चेहरे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे धन दौलत नहीं चाहिए मुझे ये कीर्ति नहीं चाहिए, मुझे आपका आशीर्वाद चाहिए।

### फल विक्रेता मोहिनी के काम को सराहा

**बेंगलुरु।** पीएम उन वंचित लोगों से मिलना नहीं भूलते जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया हो। कन्नडा जिले के सिसरी इलाके में रैली करने पहुंचे पीएम मोदी ने तो हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर से उतरते ही सबसे पहले वहां की स्थानीय बुजुर्ग महिला मोहिनी गौड़ा से मुलाकात की। वे अकोला में बस स्टैंड पर फल बेचती हैं। इनकी खासियत ये है कि वो अकोला बस स्टैंड पर फलों को पत्तों में लपेट कर बेचती हैं।

### मोदी की मां का स्केच लेकर पहुंची युवती, तस्वीर ली



पीएम बागलकोट में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। तभी एक युवती ने पीएम और उनकी मां का स्केच ऊपर की ओर उठाया। पीएम ने भीड़ में उसे देखा और तस्वीरउन्होंने अपने पास मंगवा ली। पीएम ने कहा, एसपीजी वाले, ये बच्ची एक तस्वीर लेकर आई है। उसकी तस्वीर ले लीजिए।

**राजस्थान के सीएम शर्मा ने बंगाल में किया रोड शो**



### बंगाल की स्थिति खराब, तुष्टिकरण का बोलबाला

**हुबली।** राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के उत्तरपाड़ा में एक रोड शो किया। रोड शो के दौरान सड़कों के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग खड़े थे। श्रीरामपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कबीर शंकर बोस के समर्थन में यह नामांकन रोड शो आयोजित किया गया। शर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार चरम पर है। मैं देख रहा हूं कि जिस तरह से युवाओं, महिलाओं में उत्साह है, हम कह सकते हैं कि बंगाल में इस बार पीएम मोदी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में हमें बहुत बड़ी जीत मिलने वाली है।उन्होंने कहा कि बंगाल की स्थिति पहले से ही खराब है यहां तुष्टिकरण के आधार पर चलने वाली सरकार है।

**शाह ने मधुबनी में की जनसभा**

### मोदी को फिर पीएम बनाना... देश, बिहार से भ्रष्टाचार मिटाना

बिहार में मधुबनी जिले के झंझारपुर सीट से राजग गठबंधन के जदयू उम्मीदवार रामप्रीत मंडल के पक्ष में भाजपा नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चुनावी जनसभा की। उन्होंने कहा कि मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का मतलब है बिहार और देश से भ्रष्टाचार को पूरी तरह से खत्म करना। कांग्रेस ने कभी पिछड़ों का हित नहीं किया। राहुल गांधी आरक्षण के मामले में लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। गठबंधन के पास नेतृत्व ही नहीं है। शाह ने कहा कि बिहार के विकास के लिए मोदी सरकार ने अनेकों काम किए हैं। यही वजह है कि आज देश और बिहार प्रदेश के लोगों को पीएम मोदी पर भरोसा है।



**'जातिवाद' खत्म होगा**

शाह ने कहा कि पीएम मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का मतलब है बिहार में 'जातिवाद' को खत्म करना और योग्यता के आधार पर राजनीति की शुरुआत करना। अगर ये 'घमंडिया गठबंधन' की जीत हुई, तो पीएम कौन बनेगा? क्या वे लालू यादव को प्रधानमंत्री बना सकते हैं, क्या स्टालिन या ममता बनर्जी इस देश को संभाल सकते हैं, क्या आप 'राहुल बाबा' के बारे में भी सोच सकते हैं? शाह ने कहा कि इस देश ने तीन दशक तक अस्थिरता की कीमत चुकाई है। तीन दशक तक अस्थिर सरकार चली, निर्बल प्रधानमंत्री चले।

**विपक्ष पर नड्डा का हमला**


### इंडी गठबंधन के सभी लोग भ्रष्ट, ये जमानत पर हैं या जेल में



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आरोप लगाया कि इंडी गठबंधन भ्रष्टाचार और परिवारवाद का गठबंधन है। ये परिवारों के बच्चों को बचाने में लगी हुई हैं। खम्मम लोकसभा क्षेत्र के कोठागुडेम में चुनावी रैली में कहा कि कांग्रेस, राजद, आम आदमी पार्टी और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता या तो जमानत पर हैं या जेल में हैं। राहुल गांधी जमानत पर हैं या नहीं?

**गुजरात में बोले राहुल**

### सरकार बनी तो आर्थिक सर्वे कराएगी कांग्रेस



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यदि केंद्र में उनकी सरकार बनती है तो वह प्राथमिकता के आधार पर पूरे देश में जाति और आर्थिक सर्वेक्षण कराएगी।पाटण शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। राहुल ने कहा कि देश की 90 फीसदी आबादी एससी, एसटी और ओबीसी की है लेकिन उनको कॉरपोरेट, मीडिया, निजी अस्पताल, निजी विश्वविद्यालयों या सरकारी नौकरशाही में उन्हें उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है। राहुल ने भाजपा और आरएसएस पर संविधान बदलने की साजिश रचने का आरोप लगाया। हम सत्ता में आने के बाद सबसे पहले जाति और आर्थिक सर्वेक्षण कराएंगे।

**ईरानी ने रोड शो के बाद किया नामांकन**

### अमेठी से ऐसा बिगुल बजे की इसकी गुंजन पूरे विश्व में हो



**लखनऊ।** यूपी की अमेठी सीट से भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया। ईरानी सुबह दस बजे अमेठी के गौरीगंज में स्थित भाजपा जिला कार्यालय पहुंची और यहां से उन्होंने रोड शो करते हुए कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल किया है। ईरानी के साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित कई लोग मौजूद रहे। ईरानी ने कहा कि आपने हम सबकी शोभा बढ़ाई है और अब आप अपना आशावार्द अमेठी से ऐसा बिगुल बजे की इसकी गुंजन पूरे विश्व में हो।

### रक्षामंत्री राजनाथ ने रोड शो किया, फिर परचा भरा






**लखनऊ।** केंद्रीय रक्षा मंत्री और लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह ने रोड शो किया। इस दौरान यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और अन्य भाजपा के बड़े नेताओं ने रोड शो में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी और मजबूत रक्षा क्षेत्र की सराहना की।

**ममता बेनर्जी बोलीं**

### यूसीसी से हिंदुओं को कुछ फायदा नहीं होगा



**जंगीपुर।** बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने यूसीसी को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। सीएम ममता ने कहा कि चुनाव से पहले (यूसीसी) को एक राजनीतिक चाल के रूप में इस्तेमाल करने के लिए भाजपा ने इसे मुद्दा बनाया है। ममता ने कहा कि इससे हिंदुओं को कोई फायदा नहीं होने वाला है, ये बस भाजपा की भड़काने की राजनीति है।

**विक्रमादित्य ने दी चुनौती**



### बेकार शब्दों का प्रयोग कर रहीं कंगना

**मंडी।** क्षेत्र मंडी से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने एक बार भाजपा प्रत्याशी और एक्ट्रेस कंगना रनौत को उनकी शब्दावली को लेकर तंज कसा है। उन्होंने उनकी भाषा को टपोरी वाली बताया। उन्होंने कहा कि कंगना रनौत टपोरी शब्दावली का प्रयोग कर रही हैं।

---

## खबर संक्षेप

### आप एमएलए रहमान को हाईकोर्ट का नोटिस



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के एक और विधायक की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने 2009 में एक सरकारी स्कूल की महिला प्रिंसिपल से मारपीट के मामले में आप विधायक अब्दुल रहमान एवं अन्य को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने अब्दुल रहमान एवं अन्य को नोटिस जारी किया। अब 17 सितंबर की तारीख दी है।

### 14 साल की बच्ची के गर्भपात का आदेश पलटा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 14 साल की रेप विक्टिम को 30 सप्ताह की प्रेग्नेंसी में अबॉर्शन की इजाजत देने वाला फैसला पलट दिया है। कोर्ट ने 22 अप्रैल को अबॉर्शन की इजाजत दी थी। ये फैसला लड़की के माता-पिता के अनुरोध पर पलटा है। बलात्कार पीड़िता के माता-पिता द्वारा अपनी बेटी के स्वास्थ्य की सुरक्षा के संबंध में चिंताएं जताई थी।

### अन्नामलाई की हेट स्पीच केस में रोक रहेगी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई को राहत मिली है। अदालत ने हेट स्पीच मामले में मुकदमे की कार्यवाही पर रोक जारी रहने का आदेश दिया है। अन्नामलाई पर आरोप है कि अक्टूबर 2022 में उन्होंने एक यूट्यूब चैनल को दिए साक्षात्कार में ईसाइयों के खिलाफ घृणास्पद भाषण दिया था।

---

**एमसीडी स्कूल किताब मामले में हाईकोर्ट की केजरीवाल सरकार को फटकार**

# यह केजरीवाल का निजी फैसला सरकार और एमसीडी दोनों ही नाकाम

### एमसीडी आयुक्त 14 मई तक नई स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करें

**मामले में 15 को अगली सुनवाई होगी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने नगर निगम (एमसीडी) के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को किताबों नहीं मिलने के मुद्दे पर सुनवाई के दौरान एमसीडी आयुक्त को 14 मई तक नई स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। अगली सुनवाई 15 मई को होगी।



हाईकोर्ट ने कहा कि स्कूल जल्द ही गर्मियों की छुट्टियों के लिए बंद होने वाले हैं, हाईकोर्ट ये आदेश देता है कि आयुक्त, एमसीडी को रुपए की सीमा से बाधित हुए बिना दायित्वों को पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाए। शुक्रवार को आप सरकार को लताड़ लगाई और कहा कि गिरफ्तारी के बाद भी केजरीवाल सीएम बने हुए हैं, जो दर्शाता है कि उन्होंने राजनीतिक हित को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखा है। दिल्ली सरकार की सत्ता के समायोजन में रुचि है। दिल्ली सरकार के वकील ने हाईकोर्ट को बताया था केजरीवाल से मंजूरी जरूरी है।

**खास बातें**

- अदालत ने एमसीडी आयुक्त को दिया आदेश
- एमसीडी व्यय से बाधित हुए बिना जरूरी कदम उठाएं



### क्या आपका नाम सीबीआई मामले में है ?

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली आप नेता की याचिका पर सुनवाई कर रही है। पीठ ने केजरीवाल के वकील अभिषेक सिंघवी से पूछा कि जमानत के लिए कोई अर्जी अधीनस्थ अदालत में दायर नहीं की थी? सिंघवी ने कहा 'नहीं'। आपने जमानत के लिए कोई अर्जी क्यों नहीं दायर की? सिंघवी ने कहा कि इसके कई कारण हैं जिनमें सीएम की 'गैरकानूनी' गिरफ्तारी भी शामिल है। जिन दस्तावेजों की बात ईडी कर रही थी, उनसे केजरीवाल का कोई लेना देना नहीं है। सिंघवी ने गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए कहा कि जब सीबीआई ने ईसीआईआर दाखिल की थी।

### यह चूहे बिल्ली का खेल है

सिंघवी ने कहा कि सेक्शन 50 के तहत कई बयान दर्ज किए गए जिनमें उनका नाम नहीं था। केजरीवाल की ओर से कहा गया कि बीएसआर रेड्डी ने 17 बयान दिए और अप्रैल में नाम लिया। रेड्डी ने 9 बयान दिए जिनमें मेरे खिलाफ कोई आरोप नहीं था। सिंघवी ने कहा, आप चुन-चुनकर कार्रवाई करते हैं। यह चूहे बिल्ली का खेल है।

### पहले मेरा नाम नहीं था

सिंघवी ने कहा कि दिसंबर 2023 तक 10 दस्तावेजों (सीबीआई चार्जशीट और ईडी की शिकायत) में मेरा नाम नहीं था। सिंघवी ने कहा कि गिरफ्तारी की कोई आवश्यकता नहीं थी। सिंघवी ने एक बार फिर केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनाव से जोड़ा और कहा कि आचार संहिता लागू होने के बाद ऐसा किया गया। केजरीवाल ने कहा कि मार्च 24 तक न तो उन्हें आरोपी बनाया गया और न ही संदिग्ध।

**26 हजार शिक्षकों की 'अवैध' भर्ती पर फैसला 6 को**

# बंगाल शिक्षक भर्ती में सीबीआई जांच के आदेश पर 'सुप्रीम' रोक



**नई दिल्ली।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सर्वोच्च अदालत ने उच्च न्यायालय के शिक्षक भर्ती घोटाले में बंगाल सरकार के अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे।

बंगाल सरकार ने हाईकोर्ट के उस फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी, जिसमें उच्च न्यायालय ने राज्य संचालित और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया था।

### ब्याज सहित वेतन वापसी का दिया था आदेश

पीठ ने कहा कि हम कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगाते हैं, जिसमें सीबीआई को राज्य सरकार के अधिकारियों के खिलाफ जांच करने के आदेश दिए गए थे। हाईकोर्ट ने नियुक्तियां अमान्य करते हुए कहा था कि जिन लोगों को एसएससी पैनल की समाप्ति के बाद नौकरी मिली, उन्हें जनता के पैसे से भुगतान किया गया। सभी को 4 सप्ताह के अंदर 12 फीसदी ब्याज सहित वेतन लौटाना होगा। हाई कोर्ट ने 15 दिन के अंदर अंदर प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया था।

### ममता ने हाईकोर्ट के फैसले को बताया था अवैध

ममता बेनर्जी ने हाईकोर्ट के फैसले को अवैध बताया था। उन्होंने कहा कि हम उन लोगों के साथ खड़े हैं, जिनकी नौकरियां चली गई हैं। भाजपा पर आरोप लगाया कि न्यायपालिका के निर्णयों को प्रभावित करने का काम किया जा रहा है।

**भाजपा नेता देवराज गौड़ा ने किया दावा**

# पेनड्राइव में मिले 2976 अश्लील वीडियो, की जाती थी 'ब्लैकमेलिंग'

**प्रज्वल रेवन्ना मामले में महिला आयोग भी सख्त**

एजेंसी ▶▶ हासन

कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में भाजपा नेता ने एक बड़ा खुलासा किया है। भाजपा नेता ने दावा किया है कि उन्हें अश्लील वीडियो में भरी एक पेनड्राइव पहले मिली थी।

पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा के पोते और सांसद प्रज्वल रेवन्ना का नाम सामने आ रहा है। भाजपा के उम्मीदवार रहे देवराज गौड़ा ने प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र को पत्र लिखा था। देवराज का कहना था कि पेनड्राइव में कुल 2976 वीडियो हैं और इनमें से कुछ महिलाएं सरकारी अधिकारी हैं। इन वीडियोज का इस्तेमाल यौन गतिविधियों को जारी रखने और ब्लैकमेलिंग के लिए किया जाता है।



प्रज्वल रेवन्ना

**चारधाम मार्ग पर वाहनों के लिए लोगों को मिलेंगी खास सुविधाएं**

# हर 30 किमी पर बन रहे 42 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**यात्रा देश-दुनिया को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ स्वच्छता की भी अलख जगाएगी**

उत्तराखंड में शुरू हो रहे चारधाम यात्रा के लिए राज्य सरकार ने श्री केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के धाम जाने में श्रद्धालुओं की मुश्किलों को कम करने के लिए खास प्रबंध किया जा रहा है। इस बार चारधाम यात्रा बेहद सुगम और आसान होगी।

यात्रा देश-दुनिया को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ स्वच्छता की भी अलख जगाएगी। उत्तराखंड राज्य को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए यात्रा मार्ग पर इलेक्ट्रिक वाहन फर्राटा भरेंगे। आरटीओ सुनील शर्मा ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहन चाहे वह कॉमर्शियल हों या निजी, उन्हें चारधाम आने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए चारधाम यात्रा मार्ग पर चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था की जा रही है। चार्जिंग स्टेशन की संपूर्ण जानकारी लोग एप के माध्यम से ले सकेंगे।



### 10 मई से होगी यात्रा की शुरुआत

चार धाम यात्रा की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं। 10 मई को गंगोत्री-यमुनोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा की विधिवत शुरुआत हो जाएगी। चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों को पहले से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए स्वास्थ्य महकमे ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

### यात्रा की शुरुआत के पहले चालू हो जाएंगे प्वॉइंट

चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले राज्य सरकार ने यात्रा मार्ग पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर रही है। उत्तराखंड सरकार इन धामों के मार्ग में हर 30 किलोमीटर पर एक चार्जिंग स्टेशन बनाने की योजना है। मार्गों पर बैटरियों की क्षमता तय है।

### यात्रा की लंबाई करीब 900 किलोमीटर

विश्व प्रसिद्ध चारधाम रूट की लंबाई लगभग 900 किमी से ज्यादा है। इससे पहले चार्जिंग प्वाइंट न होने से इलेक्ट्रिक वाहन स्वामी और वाहन चालक लंबा सफर करने से हिचकते थे, अब चार्जिंग स्टेशन बनने से चारधाम की यात्रा सुगम और सरल होगी। मार्गों पर 42 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। इन स्टेशन की स्थापना के लिए गढ़वाल मंडल विकास निगम को कार्यदायी संस्था बनाया गया है।



400 टर्मिनल गेट और 5 रनवे की होंगी सुविधाएं

नाम है 'अल मकतूम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा'

एयरपोर्ट की 26 करोड़ यात्रियों तक की क्षमता


यह दुबई हवाई अड्डे के आकार से 5 गुना बड़ा

एयरपोर्ट बनाने का काम 2013 में हुआ था शुरू

# दुबई में बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

एजेंसी ▶▶ काहिरा

बड़ी-बड़ी शानदार इमारतें बनाने वाला संयुक्त अरब अमीरात अब दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनाने जा रहा है। इसका नाम अल मकतूम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा होगा। रविवार को दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल-मकतूम ने 128 बिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत से एक नए यात्री टर्मिनल बनाने को मंजूरी दे दी है। इसमें पांच समानांतर रनवे और 400 विमान द्वार होंगे। दुबई का नया एयरपोर्ट विकास के नए द्वार खोलेगा और व्यापार और टूरिज्म के क्षेत्र में ये नया ग्लोबल सेंटर बनकर उभरेगा। बता दें कि इस एयरपोर्ट को बनाने का काम 2013 से ही शुरू कर दिया गया था।





## दुबई की स्थिति और होगी मजबूत

*दुबई की सरकारी स्वामित्व वाली एयरलाइन एमिरेट्स के अध्यक्ष शेख अहमद बिन सईद अल-मकतूम ने कहा कि यह हवाई अड्डा प्रमुख वाहक एमिरेट्स और उसकी कम लागत वाली एयरलाइन फ्लाईदुबई के साथ-साथ दुनिया को दुबई से जोड़ने वाले सभी एयरलाइन भागीदारों का नया घर साबित होगा। दुबई मीडिया कार्यालय ने दुबई एयरपोर्ट्स के सीईओ पॉल ग्रिफिथ्स के हवाले से कहा कि यह कदम विश्व मंच पर अग्रणी विमानन केंद्र के रूप में दुबई की स्थिति को और मजबूत करेगा।*

## डिजाइन में बदलाव से बढ़ी यात्रियों की संख्या

*बता दें कि इस एयरपोर्ट को बनाने का काम संयुक्त अरब अमीरात ने 2013 में शुरू किया था। रिपोर्ट के मुताबिक इस एयरपोर्ट की क्षमता बढ़ाने के लिए नई तकनीक की मदद से इसे दोबारा डिजाइन किया जा रहा है। पुराने डिजाइन के मुताबिक इस एयरपोर्ट की क्षमता करीब 10 करोड़ यात्रियों की बताई गई थी, जबकि अब इसे 26 करोड़ तक बढ़ाया गया है।*

## इसी वर्ष 8.82 करोड़ यात्री आने की उम्मीद

*दुबई एयरपोर्ट के सीईओ पॉल ग्रिफिथ्स के मुताबिक, वह ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस एयरपोर्ट में निवेश बढ़ाने के बारे में सोच रहे हैं। एक पूर्वानुमान के मुताबिक, 2024 में इस हवाई अड्डे से 8.82 करोड़ और 2025 में 9.38 करोड़ यात्रियों के यात्रा करने की उम्मीद है।*

---

## खबर संक्षेप

### केन्या में टूट गया बांध मची तबाही, 40 की मौत



**नैरोबी।** अफ्रीकी देश केन्या के पश्चिमी इलाके में एक बांध के टूटने से कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई है। बांध के टूटने के बाद बाढ़ का पानी घरों में आ घुसा और एक प्रमुख सड़क से संपर्क कट गया। हालात बेकाबू हैं और लोगों तक मदद पहुंचाने की कोशिशें जारी हैं। यह घटना सोमवार की सुबह ग्रेट रिफ्ट घाटी क्षेत्र के माई माहिउ इलाके में स्थित पुराने किजाबे बांध के ढहने के बाद हुई। यहां हमेशा खतरा बना रहता है।

### बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट!



**तेल अवीव।** गाजा में इजराइली ऑपरेशन के दौरान बेगुनाह नागरिकों के कत्लेआम के आरोप में इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट में इजराइल के खिलाफ चल रहे मुकदमे में पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है, जिससे वहां हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने कहा है कि हम चिंतित है कि क्रिमिनल कोर्ट नेतन्याहू के साथ देश के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने की तैयारी कर रहा है।

### कनाडा में भारत विरोधी नारे, डिप्टी कमिश्नर तलब



**ओटावा।** कनाडा में बैसाखी के मौके पर खालसा दिवस कार्यक्रम में पीएम ट्रूडो और विपक्षी नेता के सामने खालिस्तान समर्थकों ने नारे लगाए। खालसा के समर्थन में भाषण भी दिए। रैलियों में खालिस्तान प्रचार और भारत विरोधी पोस्टर दिखाए गए। इस पर भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने कनाडा के डिप्टी हाई कमिश्नर को नई दिल्ली में तलब कर उन्हें कड़ी फटकार लगाई। इस आयोजन से फिर कनाडा में अलगाववाद बढ़ेगा।

### तिब्बत सरकार को चीन ने दिया बड़ा झटका



**नई दिल्ली।** तिब्बत की निर्वासित सरकार और चीन के बीच पर्दे के पीछे बातचीत शुरू होने की खबरें आने के एक दिन बाद ही चीन ने केंद्रीय तिब्बती प्रशासन को झटका दे दिया है। चीन ने कहा है कि वह केवल दलाई लामा के प्रतिनिधियों से ही बातचीत करेगा, भारत में निर्वासित तिब्बती सरकार के अधिकारियों से नहीं। बीजिंग ने तिब्बत के सर्वोच्च बौद्ध नेता दलाई लामा से जारी मांग पर बातचीत से इनकार कर दिया।

---

ई-मेल मिलने से मचा हड़कंप

# जयपुर, गोवा समेत कई हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में लोकसभा चुनाव का महापर्व चल रहा है, ऐसे में सोमवार को देश के दो बड़े हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एक ई-मेल के जरिए ये दावा किया गया कि जयपुर और गोवा हवाई अड्डे पर बम रखे गए हैं। ये खबर मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। सभी हवाई अड्डों की गहन जांच की जा रही है। जयपुर एयरपोर्ट पर अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### सुबह मिला ई-मेल

दक्षिण गोवा के डाबोलिम हवाई अड्डे पर बम पर बम होने की सूचना मिली। हवाई अड्डे के निदेशक एस वी टी धनंजय राव ने कहा कि उनके कार्यालय को सुबह हवाई अड्डे पर बम होने के बारे में एक ईमेल मिला। हम अब अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। हवाईअड्डे पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बम निरोधक दस्ता भी एयरपोर्ट पर मौजूद है। हम निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार काम कर रहे हैं। हम ईमेल के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं, जो देश के अन्य हवाई अड्डों को भी मिला है।

### एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन को अज्ञात व्यक्ति ने भेजा ई-मेल

जयपुर एयरपोर्ट पर बम की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने सोमवार को संयुक्त रूप से गहन जांच की। एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन के एसएचओ मोती लाल ने कहा कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एयरपोर्ट अधिकारियों को बम विस्फोट की धमकी वाला एक ईमेल भेजा गया था। हवाईअड्डे की पूरी जांच की गई लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उन्होंने कहा कि इसी तरह की धमकी 26 अप्रैल को भी दी गई थी।

---

सीडीएस जनरल चौहान एक सप्ताह की फ्रांस यात्रा कर लौटे भारत

# सशस्त्र बलों की क्षमताओं के निर्माण पर फ्रांसीसी रक्षा कंपनियों से... 'बड़ी डील'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान

भारत के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने भारतीय सशस्त्र बलों की भविष्य की क्षमताओं के निर्माण के उद्देश्य से दासॉल्ट एविएशन, सफरान और नेवल ग्रुप सहित कई फ्रांसीसी रक्षा कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बातचीत की। जनरल चौहान ने लगभग एक सप्ताह लंबी फ्रांस यात्रा के दौरान कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और उनकी यह यात्रा शनिवार को संपन्न हुई। बता दें कि भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी ने समय के साथ महत्वपूर्ण गति पकड़ी है, अब यह और भी करीबी और बहुआयामी रिश्ते में विकसित हो गई है जो सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों तक फैली हुई है।

> *जनरल चौहान ने लगभग एक सप्ताह लंबी फ्रांस यात्रा के दौरान कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और उनकी यह यात्रा शनिवार को संपन्न हुई।*

**दासॉल्ट एविएशन, सफरान और नेवल ग्रुप सहित कई फ्रांसीसी रक्षा कंपनियों से मिले**

**भारत और फ्रांस साझेदारी ने समय के साथ गति पकड़ी**

**उच्च-स्तरीय दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियों के आदान-प्रदान को बढ़ाने पर दिया गया जोर**

**यात्रा ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत किया**

### सुरक्षा से जुड़े मुद्दे पर चर्चा

सीडीएस जनरल चौहान की फ्रांसीसी सशस्त्र बल मंत्रालय में सिविल एवं मिलिट्री कैबिनेट के निदेशक पैट्रिक पैलौक्स और सशस्त्र बल मंत्रालय में सैन्य कैबिनेट के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल विंसेंट जिराउड के साथ शीर्ष स्तर पर बातचीत हुई। सीडीएस जनरल चौहान ने अपने समकक्ष जनरल थिएरी बर्कहार्ड के साथ भी बातचीत की। दोनों ने सामान्य हितों और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों के क्षेत्रों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

### यात्रा से रणनीतिक साझेदारी को मिलेगा बल

सीडीएस ने इस क्षेत्र में शांति बढ़ाने की दिशा में प्रथम विश्व युद्ध के दौरान पश्चिमी मोर्चे पर लड़ने वाले भारतीय अभियान बल के सैनिकों की असाधारण बहादुरी के लिए न्यूवे-चैपल और विलर्स-गुइस्लैन के युद्ध स्मारकों पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने फ्रांस की विस्तृत यात्रा पूरी की। इस यात्रा ने भारत और फ्रांस के बीच लंबे समय से चली आ रही रणनीतिक साझेदारी की पुष्टि की है।

#### द्विपक्षीय प्रशिक्षण को मिलेगा बढ़ावा

ज्ञात हो, फ्रेंच लैंड फोर्सेज कमांड, फ्रेंच स्पेस कमांड और स्कूल ऑफ मिलिट्री स्टडीज में आदान-प्रदान ने सुरक्षा चुनौतियों पर भारत का दृष्टिकोण प्रदान करते हुए अंतरिक्ष में रक्षा सहयोग बढ़ाने, आधुनिकीकरण की पहल और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के अवसर भी प्रदान किए हैं।

### खनिज शिखर सम्मेलन का लक्ष्य उत्पादन बढ़ाना

शक्ति सस्टेनेबल एनर्जी फाउंडेशन, ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद और भारतीय सतत विकास संस्थान के सहयोग से खान मंत्रालय 29 से 30 अप्रैल तक नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में महत्वपूर्ण खनिज शिखर सम्मेलन: लाभकारी और प्रसंस्करण क्षमताओं को बढ़ाना" विषय पर शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। उल्लेखनीय है कि सम्मेलन का लक्ष्य उद्योग जगत से उत्पादन बढ़ाना।

---

फुल स्पीड में 180 डिग्री घूमने की ताकत...

# यूक्रेन ने बना ली दुनिया की पहली स्टेल्थ सबमरीन, रूस के लिए टेंशन

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस और यूक्रेन जंग में समीकरण बदलने वाला है। यूक्रेन ने दुनिया का पहला स्टेल्थ सबमरीन बना लिया है। इसका नाम है क्रोनोस। इसे बनाने वाली कंपनी हाईलैंड सिस्टम्स का मुख्यालय संयुक्त अरब अमीरात में है। क्रोनोस सबमरीन किसी एलियन शिप की तरह दिखती है। हाईलैंड सिस्टम्स के फाउंडर और इस सबमरीन के चीफ डिजाइन एलेक्जेंडर कुज्नेत्सोव ने कहा कि यह दो काम के लिए बनाई गई थी। पहला पानी के अंदर रिपेयरिंग और दूसरा सुपर रिच लग्जरी ट्रैवल।

### पनडुब्बी का हल स्टील का बना



*रूस के घुसपैठ के बाद कंपनी ने इसे स्टेल्थ सबमरीन में बदल दिया ताकि यूक्रेन की सेना इसका इस्तेमाल रूस के खिलाफ कर सके। इस पनडुब्बी का हल स्टील का है। जिसके चारों ओर कंपोजिट मटेरियल लगा।*

### 54 घंटे तक पानी के अंदर चलने में सक्षम

इसमें लगा जेनरेटर 36 घंटे ऊर्जा देता है। डीजल जेनरेटर और बैटरी की ऊर्जा से यह 54 घंटे तक पानी के अंदर रह सकती है। इसकी अधिकतम रेंज 1000 किमी है। यह अपनी फुल स्पीड में 180 डिग्री घुमने की ताकत रखती है। ये क्षमता किसी और पनडुब्बी में नहीं है। क्रोनोस का आकार मांटा रे मछली की तरह है। इसमें लगा इलेक्ट्रिक इंजन और सोनार-सोखने वाली कोटिंग इसे छिपकर वार करने या जासूसी करने की ताकत देते हैं।

---


## देश में दाल-रोटी चलाने के लिए पाक पीएम ने फैलाया हाथ



**इस्लामाबाद।** पड़ोसी देश पाकिस्तान अपने हालात से उबर नहीं पा रहा। महंगाई और गरीबी से जूझ रहे देश के प्रधानमंत्री एक बार फिर पैसा मांगने पहुंचे हैं। इससे पहले भी पाकिस्तान 23 बार कर्जा मांग चुका है। पीएम शहबाज शरीफ ने आईएमएफ की प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा से मुलाकात की और नए ऋण कार्यक्रम पर चर्चा की। यूएई के रियाद में विश्व आर्थिक मंच की एक बैठक से इतर शरीफ ने 3 अरब अमेरिकी डॉलर (24 हजार करोड़ रुपए) की अतिरिक्त व्यवस्था हासिल करने में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक जॉर्जीवा का शुक्रिया अदा किया।

---

## मंगल पर मकड़ियां... तस्वीर से दुनिया हैरान



*लंदन। मंगल ग्रह के दक्षिणी ध्रुव पर हजारों मकड़ियां देखी गई हैं। इन मकड़ियों की तस्वीर यूरोपियन स्पेस एजेंसी के एक्सोमार्स ट्रेस गैस ऑर्बिटर में लगे कलर एंड स्टीरियो सरफेस इमेजिंग सिस्टम ने ली है। इस तस्वीर ने दुनिया भर के वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। दरअसल, वसंत के मौसम में जब सूरज की किरणें मंगल ग्रह के दक्षिणी ध्रुव पर पड़ती हैं, तब वहां सर्दियों में जमा हुई कार्बन डाईऑक्साइड (सीओ2) इस तरह की मकड़ियों जैसा आकार ले लेती हैं। सूरज की रोशनी कार्बन डाईऑक्साइड की निचली परत को पिघलाती है, तो ऊपर की परतें इस तरह से आकृतियां बनाती हैं, जैसे मकड़ी हो।*

---

साइंटिस्टों ने लॉचिंग में की थी 4 सेकंड की देरी, दिखाई सतर्कता

# दुर्घटना से देर भली... लॉन्च के बाद ही खत्म हो जाता चंद्रयान-3, बचा लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चंद्रयान-3 चंद्रमा पर पहुंचने से पहले ही खत्म हो गया होता अगर इसरो के साइंटिस्ट उसकी दिशा और गति नहीं बदलते। भारत का सबसे सफल मून मिशन 14 जुलाई 2023 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था। यह मिशन चंद्रमा पर पहुंचने से पहले ही खत्म हो जाता, अगर इसरो इसकी लॉन्चिंग को चार सेकेंड लेट नहीं करता तो। किसी भी सैटेलाइट या स्पेसक्राफ्ट को लॉन्च करने से पहले इसरो वैज्ञानिक कोलिज़न एवॉयडेंस एनालिसिस (कोला) करते हैं, ताकि लॉन्चिंग के बाद अपने तय स्थान तक पहुंचने से पहले स्पेसक्राफ्ट या सैटेलाइट किसी अन्य उपग्रह या अंतरिक्ष के कचरे से न टकराए। इसलिए चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग चार सेकेंड की देरी की गई थी।



### किए गए सैकड़ों ऑर्बिट मैन्यूवर

बात सिर्फ कैम की नहीं है। कई बार बिना कैम प्रक्रिया के ही ऑर्बिट मैन्यूवर करने पड़ते हैं। पिछली साल इसरो ने धरती की निचली कक्षा में अपने सैटेलाइट्स के ऑर्बिट्स को 450 बार बदला। जबकि जीईओ में अपने सैटेलाइट्स की ऑर्बिट को 456 बार बदला। अकेले चंद्रयान-2 को ऑर्बिटर के ऑर्बिट को 17 बार बदला गया. ताकि इनकी टक्कर किसी भी चीज से न हो।

### लॉन्चिंग के समय दिखा था कचरा

लॉन्चिंग से पहले इसरो वैज्ञानिकों को चंद्रयान-3 के मार्ग में अंतरिक्ष का कचरा दिखाई दिया। अगर चंद्रयान-3 तय समय पर लॉन्च होता तो इससे स्पेसक्राफ्ट के कचरे से टकराने का खतरा था। यह अंतरिक्ष का कचरा किसी अन्य सैटेलाइट मिशन का टुकड़ा था।

### 23 बार बदली दिशा और गति

कोला के अलावा अंतरिक्ष में जब सैटेलाइट सफर करता है, तब भी कचरे से टकराने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में इसरो वैज्ञानिक कोलिज़न एवॉयडेंस मैन्यूवर (केम) की प्रक्रिया अपनाते हैं। साल 2023 में इसरो ने अलग-अलग सैटेलाइट्स और स्पेसक्राफ्ट्स के लिए यह काम 23 बार किया। इसमें से 18 कैम लोअर अर्थ ऑर्बिट यानी धरती की निचली कक्षा में किए गए। पांच कैम जियोसिंक्रोनस अर्थ ऑर्बिट में किया गया।

### टेलोएस-2 लॉन्चिंग में एक मिनट की देरी

*सिर्फ चंद्रयान-3 ही नहीं, बल्कि पीएसएलवी-सी55/टेलोएस-2 की लॉन्चिंग भी 22 अप्रैल 2023 को एक मिनट की देरी से की गई थी। इसके अलावा 30 जुलाई 2023 को पीएसएलवी-सी56/डीएस-एसएआर की लॉन्चिंग में भी एक मिनट की देरी की गई थी। ताकि इन दोनों रॉकेट्स और सैटेलाइट के सामने आने वाले अंतरिक्ष के कचरे और अन्य उपग्रहों की टक्कर से बचा जा सके।*

---

भूस्खलन से जम्मू-श्रीनगर लेह हाईवे बंद

# बारिश के बाद कुपवाड़ा में हाहाकार कई जगहों पर बाढ़ ने मचाई तबाही



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा सहित उत्तर कश्मीर के कई इलाकों में बाढ़ से हालात गंभीर हो गए हैं। कई जगहों पर भारी बर्फबारी भी हुई है। कई हिस्सों में रात को बारिश के बाद भूस्खलन की अनेक घटनाओं के मद्देनजर जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद कर दिया गया। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश की आशंका जताई।

### आज भी बारिश की संभावना

जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश देखने को मिल रही है। बाढ़ जैसे हालात बनने की आशंका जाहिर की जा रही है। बारिश की वजह से नदियों और नालों का जल स्तर बढ़ गया। वहीं, ऊपरी इलाकों में आज ताजा बर्फबारी हुई है। सोनमर्ग में 3 इंच से अधिक ताजा बर्फबारी हुई है, जिसके कारण श्रीनगर-लेह हाईवे यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। इसके अलावा जोजिला, साधना टॉप, राजदान दर्रा, दावर गुरेज, तुलैल गुरेज, माछिल, कोंगडोरी, मुख्य गुलमर्ग, सिंथन टॉप और मुगल रोड पर भी बर्फबारी हुई है।

# सहेली







स्पेशल
वर्ल्ड लाफ्टर-डे, 5 मई

हंसी हमारे भीतर बैठे तनाव को खत्म ही नहीं करती, हमें कई तरह की बीमारियों से बचाकर स्वस्थ भी रखती है। अच्छी बात यह है कि हंसने के मामले में महिलाएं कुदरती तौर पर पुरुषों से कहीं आगे होती हैं, खुलकर हंसना उनके स्वभाव में होता है। इस बात की पुष्टि कई शोधों से मिलती है। महिलाओं पर हुए ये शोध किन बातों को आधार बनाकर हुए, यह जानते हुए हम भी यह मानें कि हंसी हजार नियामत है।

# पुरुषों से कहीं ज्यादा हंसती हैं महिलाएं

कवर स्टोरी / विमला रस्तोगी

किसी विद्वान ने कहा है, 'अगर तुम्हारे होंठों पर मुस्कान है और हृदय में एक कोई अच्छा गीत तो निश्चित रूप से तुम ऊंची आवाज में गाओ।' देखा जाए तो आज यही मुस्कान-हंसी बहुत दुर्लभ हो गई है। जिंदगी की आपा-धापी और तमाम तरह के तनावों के बीच आदमी हंसना भूलता जा रहा है।

### हंसी-खुशी के बदल गए हैं मायने

आज इंसान के लिए हंसी-खुशी के मायने बदल चुके हैं। धनी और अधिक पैसा कमाने की, मध्य वर्ग सीमित आमदनी में ढंग से रहने की और गरीब निर्धनता से मुक्ति पाने, जीने की कशमकश में लगा रहता है। धनी वर्ग क्लबों, पार्टियों और होटलों में हंसी खोजने जाता है। गरीब के लिए अपने बच्चों के पेट भरने पर ली जाने वाली चैन की सांस ही उसके होंठों की मुस्कान बन जाती है। आजकल चिंताएं बिना किसी रुकावट के बिन मांगे ही मिल जाती हैं, लेकिन हंसी दुर्लभ है।

### हंसी पर क्या कहते हैं शोध

व्यक्ति कब हंसता है? कितना हंसता है? आदमी ज्यादा हंसते हैं या महिलाएं? विदेशों में शोधकर्ता हंसी से संबंधित इन्हीं सब बातों पर शोध करने में लगे हैं। हंसने पर शोध करने वाले वर्जीनिया विश्वविद्यालय के वेड.सी. मैकी का कहना है कि अनेक स्थितियों में महिलाएं पुरुषों से जल्दी और अधिक हंसती हैं। लुइसियाना स्टेट विश्वविद्यालय के शोधकर्ता भी हंसी पर अनुसंधान कर रहे हैं। अपने शोध के दौरान इन शोधकर्ताओं ने ढाई मिनट तक दो पुरुषों की मनोरंजक बातचीत टेप की और उसे कुछ अकेले बैठे पुरुषों को सुनाया। इसी टेप को शोधकर्ताओं ने बाद में महिलाओं को सुनाया, जो अकेली बैठी थीं तो उन्होंने पाया कि अकेली बैठी महिलाएं उस टेप को सुनकर अकेले बैठे पुरुषों की अपेक्षा अधिक खुल कर हंसीं। शोध से यह भी निष्कर्ष सामने आया है कि महिलाएं अन्य महिलाओं के साथ मिलकर ज्यादा हंसती हैं, जबकि पुरुष अपने वर्ग में बैठ कर सामान्य स्तर तक ही हंसते हैं। अब आप ही बताएं, कहीं चार महिलाएं बैठी ठहाके लगा रही हों तो लोग क्यों जलते हैं? महिलाओं पर 'खाली बैठे ठट्ठे मारने' का इल्जाम क्यों लगाया जाता है? ऐसा इल्जाम या हंसी के मामले में महिलाओं से जलन गलत है। क्या खुशमिजाज होना गलत है?



### एक हंसी दूसरी हंसी को जन्म देती है

अमेरिका में लुइसियाना के ग्रामीण क्षेत्रों में और वर्जीनिया के शहरी क्षेत्रों में किए गए एक अध्ययन के अनुसार एक हंसी दूसरी हंसी को जन्म देती है। वैसे हंसने में महिलाएं ज्यादा सक्रिय देखी जाती हैं। शोधकर्ताओं ने एक सड़क पर कुछ नियत शब्दों में वयस्कों का स्वागत किया। कभी हंस कर, कभी बिना हंसे। आमतौर पर हंसी का उत्तर हंसी में मिला, लेकिन महिलाएं पुरुषों से ज्यादा हंसीं। शोध में एक और निष्कर्ष निकला कि पुरुष यदि पुरुष को देखकर मुस्कराता है तो अच्छा रेस्पांस मिलता है। लेकिन पुरुष महिला को देखकर मुस्कराए तो प्रत्येक महिला हंसकर रेस्पांस नहीं देती, इसका कारण हमारे बनाए सामाजिक दायरे हैं। महिलाओं को देखना होता है कि वह कहां और किसके साथ हैं? कहीं कोई उन पर अंगुली ना उठा दे। लेकिन यह तय है कि हंसना महिलाओं के स्वभाव में है। इसलिए उन्हें टोकना नहीं चाहिए।

### सर्वत्र लागू होती है ज्यादा हंसने वाली बात

कोई कुछ भी कहे, महिलाएं कई मामलों में पुरुषों से बाजी मार ही लेती हैं। मसलन, पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं बोलती ज्यादा हैं, लड़ती ज्यादा हैं, सहती ज्यादा हैं, रोती ज्यादा हैं, इसी तरह हंसती भी ज्यादा हैं। यह बात पूर्व-पश्चिम, उत्तर-दक्षिण सर्वत्र समान रूप से लागू होती है। अधिक हंसने की आदत के कारण कुछ महिलाओं के 'हंसमुखी' या 'फुलझड़ी' जैसे नाम पड़ जाते हैं।

### हंसी हजार नियामत

हंसने पर शोध की बात पर याद आती है अपनी एक परिचिता, जो हर बात पर हंसती है। हंसने वाली बात पर हंसे तो मुनासिब है, लेकिन वह दुख की बात पर भी हंस पड़ती है। उसका मानना है, दुख भी हंस कर सहो। अरे भई, हंस कर दुख सहने का यह मतलब तो नहीं कि हर समय बत्तीसी दिखाते रहो। क्या कहें उसे जो किसी को गिरता देख ले तो उसे हंसी आ जाए। गिरने वाला चाहे उसका भाई हो या पड़ोसी, जवान हो या बच्चा, किसी को बुरा लगे या भला, उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। उसका कहना होता है, 'मैं क्या करूं, किसी को गिरता देख सबसे पहले मेरी हंसी ही छूटती है।' है न इस महिला की हंसी गजब की। काश! शोधकर्ता इस महिला पर शोध करते तो उन्हें खासे आंकड़े बदलने पड़ते। लेकिन जो भी कहा जाए, हंसी हजार नियामत है, हम खुद तो हंसें ही, दूसरों को भी हंसाकर उसे खुशी के पल दें।

# जब करें मजाक रखें इन बातों का ध्यान



अपनों के साथ हम मजाक करते ही हैं, यह हंसने-हंसाने का एक प्यारा-सा जरिया है। लेकिन मजाक कभी ऐसा न करें कि सामने वाला हंसने के बजाए आहत हो। ऐसे मजाक बिल्कुल न करें, जिसे आप स्वयं भी न सह पाएं। मजाक एक सीमा में रहकर करें।

बिहेवियर / विवेक कुमार

बड़े-बुजुर्ग सही कहते हैं कि हंसी-मजाक एक सीमा तक ही अच्छे लगते हैं। अगर आपने इसकी हद पार कर दी तो यह हंसी-मजाक संबंधों के लिए घातक भी हो सकता है। आपने भी कई बार महसूस किया होगा कि किसी-किसी का मजाक आपके दिल में चुभकर रह गया। ऐसे तमाम किस्से भी सुने होंगे कि किसी ने, किसी दूसरे का इतना मजाक उड़ाया कि मजाक से पीड़ित व्यक्ति ने गुस्से में मजाक बनाने वाले से मारपीट तक कर ली। इसलिए जब भी किसी से मजाक करें, कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें।

**सीमा पार न करें :** मजाक हमेशा एक सीमा तक ही अच्छा लगता है। जैसे ही आपने किसी का मजाक बनाते हुए सीमाएं, मर्यादाएं पार कीं तो मजाक बनाए जाने वाला व्यक्ति बहुत अपमानित महसूस करता है। इसलिए जब भी किसी से मजाक करें, उसका सम्मान करते हुए महज मनोरंजन की सीमा तक ही यह करें। खास करके ऐसे व्यक्ति का तो मजाक कभी नहीं उड़ाना चाहिए, जो मजबूर हो और पलटकर आपको जवाब न दे सके। इसी तरह किसी शख्स में अगर कोई जन्मजात कमी है, मसलन वह अंधा है, लंगड़ा है या वह बोल नहीं पाता, मोटा है, काला है, कद बहुत छोटा है, ऐसी शारीरिक स्थितियों का तो कभी भी मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। क्योंकि ऐसे व्यक्तियों का जब कोई मजाक उड़ाता है तो वह मजाक उन्हें गुदगुदाता नहीं है, अपमानित महसूस कराता है।

**वही मजाक करें, जो आप भी सहन कर सकें :** किसी भी व्यक्ति का उन्हीं बातों और संदर्भों को लेकर मजाक उड़ाना चाहिए, जिन बातों और संदर्भों को लेकर किए गए मजाक को आप खुद भी सहन कर सकें। किसी का ऐसी किसी बात के लिए मजाक न उड़ाएं जैसी बात के लिए आप खुद मजाक सहन नहीं कर सकतीं। हम यह न भूलें, जब हम किसी का मजाक उड़ाते हैं तो इसका हमारे संबंधों पर असर पड़ता है। मजाक से विश्वास और दोस्ती दोनों के टूटने का खतरा रहता है। जब कोई व्यक्ति पहली बार आपका मजाक उड़ाने की कोशिश करे और आपको लगे कि आप उससे आहत हो रही हैं तो तुरंत उसे टोक दें। अगर पहली बार में ही टोक देंगी तो वो भविष्य में न सिर्फ आगे बढ़ने से रुक जाएगा बल्कि यहां से भी पीछे लौट जाएगा। किसी से दबकर तो अपना मजाक कभी भी नहीं उड़वाना चाहिए। क्योंकि अगर सामने वाले को लग गया कि आप उससे दबे हुए हैं, इसलिए उसकी मजाक को सहन कर रहे हैं तो वह फिर और दबाता जाएगा।

### क्या कहता है मनोविज्ञान

**मनोविज्ञान** के मुताबिक कोई स्वस्थ व्यक्ति किसी का मजाक नहीं उड़ा सकता। हां, अगर कोई ऐसा व्यक्ति जो वाकई मनोरंजन के लिए या माहौल को हल्का-फुल्का करने के लिए मजाक का सहारा लेता है, तो वह दूसरों की बजाय सबसे ज्यादा खुद का ही मजाक उड़ाता है। मनोविज्ञान यह भी स्पष्ट करता है कि दूसरो का मजाक उड़ाकर हम अपने आपको महत्वपूर्ण बनाने की कोशिश करते हैं। लेकिन ऐसी कोई कोशिश कभी सफल नहीं होती।




# मेनोपॉज के बाद ऐसे करें सेल्फ केयर

हर महिला के जीवन में मेनोपॉज स्टेज के दौरान और उसके बाद कई फिजिकल-मेंटल चेंज होते हैं। इससे कई प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इसके लिए यहां दिए जा रहे सजेशंस आपके लिए यूजफुल हो सकते हैं।

हेल्थ एडवाइस / अंजू जैन

आमतौर पर मेनोपॉज को हड्डियों की कमजोरी और ब्रेस्ट कैंसर की बड़ी वजह माना जाता रहा है, लेकिन सच यह है कि अगर ध्यान न दिया जाए तो मेनोपॉज महिलाओं के लिए कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सबब भी बन सकती है।

**गम्स प्रॉब्लम:** नॉर्थ अमेरिकन मेनोपॉज सोसायटी की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर जोएन वी. पिंकर्टन कहती हैं, 'मेनोपॉज की स्थिति में जब महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है तो उनमें दांत ढीले होने और गम्स प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। कुछ महिलाएं ड्राइ माउथ, मसूढ़ों में जलन और दर्द भी महसूस करती हैं। ऐसे में उन्हें ओरल हाइजीन पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।'



**स्लीप एप्निया:** विस्कोंसिन स्लीप कोहर्ट स्टडी के आधार पर पिंकर्टन बताती हैं कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं में प्रोजेस्ट्रॉन हार्मोन का लेवल भी कम हो जाता है, जिससे ब्रीदिंग डिस्टर्ब होती है और स्लीप एप्निया की समस्या हो जाती है। कई महिलाओं में दिन में नींद ज्यादा आने, सिरदर्द और एंग्जायटी की समस्या होने लगती है।

**डायबिटीज:** अमेरिका की नेशनल हेल्थ स्टडी में वूमेंस हेल्थ इनीशिएटिव के मुताबिक जिन महिलाओं में 46 साल की उम्र से पहले या 55 साल के बाद मेनोपॉज होता है, उनमें टाइप 2 डायबिटीज का रिस्क बढ़ जाता है। गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. किरण कोएलो कहती हैं, 'एस्ट्रोजन हार्मोन ग्लूकोज लेवल को स्थिर रखता है। इस हार्मोन का स्तर कम होने पर शरीर में ग्लूकोज का संतुलन बिगड़ जाता है। साथ ही फैट भी ज्यादा जमा होने लगती है। इसके अलावा इससे पोलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम, हाई बीपी और जेस्टेशनल डायबिटीज का रिस्क भी बढ़ जाता है। इसलिए रेग्युलर चेक-अप करवाना चाहिए और ओवरवेट होने से भी बचें।'



**हार्ट डिजीज:** मेनोपॉज से पहले, एस्ट्रोजन हार्मोन से शरीर में अच्छे कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ती है, खराब कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम होता है और हाई बीपी कंट्रोल होता है। लेकिन जब मेनोपॉज के कारण एस्ट्रोजन का लेवल कम होने लगता है तो हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में नियमित 30 मिनट की एक्सरसाइज, प्लांट बेस्ड डाइट लेना और स्मोकिंग से बचना जरूरी है।

**ईटिंग डिसऑर्डर:** इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ईटिंग डिसऑर्डर्स में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, मेनोपॉज के बाद महिलाओं में जो शारीरिक परिवर्तन आते हैं, उनसे ईटिंग डिसऑर्डर और नेगेटिव बॉडी इमेज की समस्या भी होती है। दरअसल, यह स्थिति सिर्फ शारीरिक न होकर मानसिक और सामाजिक भी हो जाती है। महिलाओं के दिमाग में बेचैनी और उथल-पुथल होने लगती है। खुद को फिट और खूबसूरत दिखाने के लिए महिलाएं हेल्दी ईटिंग नहीं करतीं और डाइटिंग करने लगती हैं।

**यूरीनरी प्रॉब्लम्स:** स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर स्मिता गुटगुटिया के अनुसार, 'मेनोपॉज के बाद यूरीनेशन पर कंट्रोल कम होने की समस्या कई महिलाओं को होती है। ऐसा एस्ट्रोजन का लेवल कम होने से यूरेथ्रा के पतले होने के कारण होता है। साथ ही एजिंग, नॉर्मल डिलीवरी आदि के कारण पेल्विक फ्लोर मसल्स कमजोर होने से भी ऐसा होता है। साथ ही इस उम्र में बार-बार यूरीनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन भी होता है। इस समस्या से राहत के लिए कीगल एक्सरसाइज, पर्याप्त पानी पीना और गायनेकोलॉजिस्ट की सलाह से सावधानियां बरतना हेल्पफुल हो सकता है।'

# अपने आप से क्यों रखें शिकायत

एडवाइस / विनीता

हर इंसान से जीवन में कोई ना कोई गलती हो जाती है। यह गलती जानबूझ कर नहीं, अनजाने में हो जाती है फिर भी हम अपने आपको दोषी मानते हैं। इससे जल्द से जल्द उबरना जरूरी है। लेकिन कैसे, जानिए-



**हमेशा खुद को दोषी न समझें:** कुछ लोग किसी भी काम में कोई गलती होने पर खुद को दोषी मान लेते हैं, इन्हें अपने आपसे शिकायत हो जाती है। ऐसे लोग अपने आपको कोसने लगते हैं। ऐसी स्थिति में उनके व्यवहार में चिड़चिड़ापन आ जाता है। इसलिए अगर आपसे कभी कोई गलती हो भी जाए तो उसके बारे में सोचकर उदास होने के बजाय उसे सुधार कर आगे बढ़ जाएं।

**हीनभावना से बचें :** किसी गलती के लिए खुद को लंबे समय तक दोषी समझने या अपराधबोध से ग्रस्त होने के कारण मन में हीनभावना जन्म ले लेती है। अपने बारे में ऐसी बातें ना सोचें। यह तभी संभव होगा, जब आप अपनी सोच सकारात्मक रखेंगी।

**स्वयं रखें अपना ध्यान:** आज की इस भागम-भाग वाली जिंदगी में आपको अपना ध्यान खुद ही रखना होगा, तभी आप खुश रहेंगी, जीवन में कामयाब होंगी।

**(मनोवैज्ञानिक विचित्रा दर्गन आनंद से हुई बातचीत पर आधारित)**

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित








## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 |
| बेंगलोर | 10 | 3 | 7 | 6 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
500 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप




जसप्रीत बुमराह
14 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर

1465 चौके

864 छक्के

## खबर संक्षेप



### हमेशा से बल्लेबाजों का खेल रहा है टी20

**चेन्नई।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि टी20 प्रारूप हमेशा से बल्लेबाजों के अनुकूल रहा है और इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में तो यह एक कदम और आगे चला गया है। सनराइजर्स को चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को 78 रन से हराया। आईपीएल के इस सत्र में छह बार 250 से अधिक का स्कोर बन चुका है और 200 रन बनाकर भी जीत की गारंटी नहीं है। इससे पहले आईपीएल के इतिहास में दो ही बार 250 से अधिक का स्कोर बना था।

### लाहौर, कराची, रावलपिंडी में होंगे चैंपियंस ट्रॉफी के मैच



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कराची, लाहौर और रावलपिंडी को चुना है। भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 'हाइब्रिड मॉडल' की अटकलों के बीच पीसीबी ने कहा है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही होगा। पिछली बार इंग्लैंड में 2017 में हुई चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी मार्च में हो सकती है। भारत ने अभी तक अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है और ऐसी अटकलें हैं कि आईसीसी हाइब्रिड मॉडल का उपयोग करके भारत के मैच तटस्थ स्थान पर करा सकता है, अगर भारतीय टीम को सरकार से यात्रा की मंजूरी नहीं मिलती है तो। आईसीसी ने साफ तौर पर कहा है कि वह किसी सदस्य देश को उसकी सरकारी नीति का उल्लंघन करने को नहीं कहेगा। पिछले साल एशिया कप का आयोजन भी हाइब्रिड मॉडल पर किया गया था।

### ओलंपिक क्वालीफायर टीम में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ ने नए ट्रायल के लिए समय की कमी के कारण अगले महीने इस्तांबुल में अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए लगभग उसी टीम का चयन किया है जिसने बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर में भाग लिया था। इस्तांबुल में नौ से 13 मई तक होने वाले विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर में एशियाई क्वालीफायर की टीम में शामिल तीन पहलवानों 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा) और अंडर 23 विश्व चैंपियन रितिका (76 किग्रा) को शामिल नहीं किया गया है।

# सिंधू-लक्ष्य और प्रणय समेत सात बैडमिंटन खिलाड़ी ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

### साई मीडिया ने एक्स पर पोस्ट कर दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत के सात बैडमिंटन खिलाड़ियों ने आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। ये सात खिलाड़ी चार अलग-अलग श्रेणी के हैं। साई मीडिया ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की है। इन सभी खिलाड़ियों ने रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

ओलंपिक इस साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक खेला जाएगा। इन सात खिलाड़ियों में से हाल में क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन हैं। इन दोनों ने पुरुष एकल वर्ग में बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। वहीं, दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने महिला एकल वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। वह इस वर्ग में भारत की अकेली प्रतिद्वंद्वी हैं। सिंधू ने 2016 रियो ओलंपिक में रजत पदक और 2021 टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था।

इससे पहले सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पहले ही पुरुष युगल वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। दोनों की मौजूदा वर्ल्ड रैंकिंग तीन है। वहीं, महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और तनीशा क्रास्तो की जोड़ी ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। इन सातों खिलाड़ियों के हाथों में बैडमिंटन में भारत को पदक दिलाने की जिम्मेदारी होगी।

## थॉमस कप : भारत ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह, इंग्लैंड को 5-0 से रौंदा



*चेंगडू। गत चैंपियन भारत ने इंग्लैंड को 5-0 से हराकर थॉमस कप बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत ने पहले मैच में थाईलैंड को 4-1 से हराया था। एच एच प्रणय ने हैरी हुआंग को 21-15, 21-15 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बेन लेन और सीन वेंडी को युगल मुकाबले में 21-17, 19-21, 21-15 से हराया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने नदीम दलवी को 21-16, 21-11 से हराकर भारत को 3-0 से बढ़त दिला दी। दूसरी युगल टीम एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन को 21-17, 21-19 से हराया। आखिरी मैच में किरण जॉर्ज ने चोलान कायान को 21-18, 21-12 से मात दी। भारत का सामना आखिरी ग्रुप मैच में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया से होगा।*

### आईपीएल : नाइट राइडर्स के नौ मैच में छह जीत से 12 अंक

# कोलकाता जीत से दूसरे स्थान पर मजबूत सॉल्ट की फिफ्टी, कैपिटल्स को मिली हार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट हराकर दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की। दिल्ली के 154 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, नाइट राइडर्स ने सॉल्ट की 33 गेंद में पांच छक्कों और सात चौकों से 68 रन की पारी की बदौलत 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 157 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने नौ विकेट पर 153 रन बनाए थे। इस जीत से नाइट राइडर्स के नौ मैच में छह जीत से 12 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर है। दिल्ली की टीम 11 मैच में 10 अंक के साथ छठे स्थान पर है।

सॉल्ट ने सुनील नारायण (15) के साथ पहले विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी भी की। कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 33) और वेंकटेश अय्यर (नाबाद 26) ने चौथे विकेट के लिए 57 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। दिल्ली ने इससे पहले चक्रवर्ती (तीन विकेट), हर्षित राणा (28 रन पर दो विकेट) और वैभव अरोड़ा (दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम नौ विकेट पर 153 रन ही बना सकी। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कुलदीप यादव (नाबाद 35) दिल्ली की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे जबकि उनके अलावा कप्तान ऋषभ पंत (27 रन) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए।



### कोलकाता के गेंदबाजों ने बरपाया कहर

*इस मैच में अक्षर पटेल ने 35, कुमार कुशाग्र ने एक, रसिख सलाम ने आठ, कुलदीप यादव ने 35 और लिजाड ने एक रन बनाया। कुलदीप और लिजाड नाबाद रहे। केकेआर के लिए वरुण चक्रवर्ती ने तीन विकेट चटकाए जबकि वैभव और हर्षित को दो-दो सफलताएं मिलीं। वहीं, मिचेल स्टार्क और सुनील नरेन को एक-एक विकेट मिला।*

### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पृथ्वी साव का सॉल्ट बो अरोड़ा | 13 | 07 | 3 | 0 |
| मैकगर्क का वेंकटेश बो स्टार्क | 12 | 07 | 1 | 1 |
| अभिषेक पोरेल बो राणा | 18 | 15 | 2 | 1 |
| शाई होप बो अरोड़ा | 06 | 03 | 0 | 1 |
| पंत का श्रेयस बो चक्रवर्ती | 27 | 20 | 2 | 1 |
| अक्षर पटेल बो नारायण | 15 | 21 | 2 | 0 |
| स्टब्स का सॉल्ट को चक्रवर्ती | 04 | 07 | 0 | 0 |
| कुशाग्र का सॉल्ट बो चक्रवर्ती | 01 | 03 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 35 | 26 | 5 | 1 |
| सलाम का श्रेयस बो राणा | 08 | 10 | 1 | 0 |
| लिजाड विलियम्स नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 20 ओवर में 153/9
गेंदबाजी : स्टार्क 3-0-43-1, अरोड़ा 4-0-29-2, राणा 4-0-28-2, नारायण 4-0-24-1, चक्रवर्ती 4-0-16-3, रसेल 1-0-10-0.

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट बो अक्षर | 68 | 33 | 7 | 5 |
| नारायण का मैकगर्क बो अक्षर | 15 | 10 | 3 | 0 |
| रिंकू का कुलदीप बो विलियम्स | 11 | 11 | 1 | 0 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 33 | 23 | 3 | 1 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 26 | 23 | 2 | 1 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 16.3 ओवर में 157/3
गेंदबाजी : विलियम्स 3-0-38-1, खलील 3-0-28-0, रसिक 2.3-0-30-0, अक्षर 4-0-25-2, कुलदीप 4-0-34-0.

## भारतीय टीम के चयन से पहले लखनऊ और मुंबई के मुकाबले में नजरें राहुल पर

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन से पहले केएल राहुल के लिए दूसरे विकेटकीपर के रूप में चयन का दावा पुख्ता करने का एक और मौका होगा जब उनकी कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी।

टी20 क्रिकेट में राहुल का स्ट्राइक रेट चिंता का सबब रहा है। पावरप्ले में फील्डिंग पाबंदियों के बावजूद राहुल आईपीएल में धीमी शुरुआत करते आए हैं। उन्होंने हालांकि इस सत्र में इसमें बदलाव किया। अभी तक वह 2024 सत्र में 144.27 की औसत से 378 रन बना चुके हैं। वैसे ऋषभ पंत का स्ट्राइक रेट 160.60 और संजू सैमसन का 161.08 रहा है।



### आक्रामक खेलना होगा

पंत की जगह टी20 विश्व कप टीम में लगभग पक्की है चूंकि विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स के लिए आक्रामक पारियां खेलकर संजू ने भी अपना दावा मजबूती से रखा है। ऐसे में राहुल को अधिक आक्रामक खेलना होगा ताकि उनकी टीम बड़ा स्कोर बना सके और वह भी अपना दावा मजबूत कर सकें। लखनऊ को पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स ने सात विकेट से हराया था।

स्व. अरविंद चतुर्वेदी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा दिन

## एनडीआईपीएल ने 8 विकेट से हमीदिया स्पोर्ट्स को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के ओल्ड कैंपियन मैदान पर चल रही स्व. अरविंद चतुर्वेदी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को कॉर्पोरेट वर्ग का मुकाबला हमीदिया स्पोर्ट्स और एनडीआईपीएल के मध्य खेला गया। इसमें हमीदिया स्पोर्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 19 ओवर में 126 रन बनाए। इनमें विशाल सोनी ने 59, लोकेश मालवीय 23 और ओसामा खान ने 17 रन बनाए। गेंदबाजी करते एनडी आईपीएल की ओर से यासिर खान ने तीन, अंकित शर्मा ने तीन, और दीपक मालवीय ने तीन विकेट लिए। जवाबी पारी में एनडीआईपीएल ने 13.5 ओवर में दो विकेट खोकर 131 रन बनाए और यह मैच आठ विकेट से जीता। इसमें यासिर खान ने 53, अमान मोहम्मद ने 59, अभिषेक ने 13 रन बनाए। हमीदिया की ओर से महफूज अली और हदयेश ने एक-एक विकेट लिया। यासिर खान को उनके दोहरे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## टी20 विश्व कप : न्यूजीलैंड टीम का ऐलान, विलियमसन को कमान

एजेंसी ▶▶ आकलैंड

केन विलियमसन चौथी बार टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड की कमान संभालेंगे। अंगूठे की चोट से उबर रहे सलामी बल्लेबाज डेवोन कोंवे को भी जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

कोंवे अंगूठे की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर हैं। टीम में गेंदबाज मैट हेनरी और बल्लेबाजी हरफनमौला रचिन रविंद्र ही दो खिलाड़ी हैं जो पहले टी20 विश्व कप नहीं खेले हैं। विलियमसन छठी बार टी20 विश्व कप खेलेंगे। वहीं टिम साउदी का यह सातवां टी20 विश्व कप होगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रहने वाले ट्रेंट बोल्ट को पांचवीं बार टी20 विश्व कप टीम में जगह मिली है।



**न्यूजीलैंड टीम :** केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलेन, ट्रेंट बोल्ट, मिशेल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कोंवे, लॉकी फर्ग्युसन , मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, जिम्मी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनेर, ईश सोढी, टिम साउदी। बेन सीयर्स (रिजर्व)।

### बृजेश, सागर और सुमित के पदक पक्के



*अस्ताना। भारत के बृजेश तामता, सागर जाखड़ और सुमित ने एशियाई अंडर 22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश करके पदक पक्के कर लिए। बृजेश (48 किलो) ने उजबेकिस्तान के साबिरोव सैफिद्दीन को हराया। दोनों मुक्केबाजों ने एक एक दौर जीता लेकिन तीसरे दौर में भारतीय मुक्केबाज ने 4-3 से जीत दर्ज की। सागर (60 किलो) और सुमित (67 किलो) ने क्रमशः थाईलैंड के कलासीरम टी और कोरिया के होंग सियो जिन को 5-0 से हराया। जितेश को 54 किलोवर्ग में कजाखस्तान के टी नूरासिल ने 5-0 से मात दी।*

### पुलिस लाइन के ग्राउंड में कार्पोरेट एवं विभागीय वर्गों में होंगे मुकाबले

## सैफरॉन कप 2024: स्व. केसर देवी स्मृति टी-20 डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस लाइन नेहरू नगर में 30 अप्रैल से सैफरॉन कप 2024 स्व. केसर देवी की स्मृति में रात्रिकालीन टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता आईसीसी के नियमों के अनुसार खेली जाएगी।

20-20 ओवरों के मैच खेले जाएंगे। पहला मैच शाम 5 बजे से शुरू होगा, जबकि दूसरा मैच 8.30 बजे से खेला जाएगा। प्रतियोगिता में लाइव स्ट्रीमिंग होगी। यूट्यूब लाइव मैच कराए जाएंगे। इस प्रतियोगिता में शहर की प्रतिष्ठित 28 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जबकि 28 टीमों के 450 खिलाड़ी अपनी-अपनी प्रतिभा को निखारेंगे। प्रतियोगिता में जेपी यादव, ईश्वर पांडे सहित भोपाल और प्रदेश के अलावा राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं।

- विभागीय और कार्पोरेट वर्गों के विजेता और उपविजेताओं को अलग-अलग मिलेगी 50 और 25 हजार की इनामी राशि

कार्पोरेट ग्रुप की टीमों के लिए ईनामी राशि विजेता को 50,000/- रुपए और उपविजेता टीम को 25,000/- रुपए रखी गई है। वहीं विभागीय टीमों के लिए अलग से क्रमशः विजेता को 50,000/- रुपए और उपविजेता 25,000/- रुपए की राशि से नवाजा जाएगा। टूर्नामेंट का शुभारंभ माननीय शैलेश सिंह स्पेशल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस एवं डॉ. गुरसागर सिंगल साहोटा लिवर ट्रांसप्लांट एवं एचपीबी सर्जन बंसल हॉस्पिटल भोपाल करेंगे।

इसके साथ ही आईपीएस रियाज इकबाल डीसीपी जोन-3 एवं नागेंद्र सिंह आईपीएस एसपी हेडक्वार्टर उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन मैच मंगलवार शाम 6 बजे से मीडिया-11 विरुद्ध आईपीएस-11 के बीच मैच खेला जाएगा।

### भोपाल जिला इंटर स्कूल ताइक्वांडो टूर्नामेंट-2024 का महाराणा प्रताप स्कूल में शुभारंभ

# सीबीएसई स्कूलों के 200 खिलाड़ियों ने आजमाए दांव-पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश ताइक्वांडो संघ एवं भोपाल जिला ताइक्वांडो डेवलपमेंट संघ के तत्वावधान में शासकीय महाराणा प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जहांगीराबाद में सोमवार को सुबह 11 बजे जिला इंटर स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचनालय आलोक खरे एवं जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी त्रिपाठी एवं स्कूल की प्राचार्य रश्मि खरया ने किया। इस अवसर पर सेक्रेटरी ताइक्वांडो संघ राजेश यादव, जिला खेल अधिकारी एस धुर्वे, विद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अजीत पाल गिल, विक्रम अवार्डी बबीता तोमर एवं अमर सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता में भोपाल जिले शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई विद्यालय के करीब 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सोमवार को 22 से 29 किलोग्राम वर्ग के बालक एवं बालिका वर्ग के मुकाबले हुए, शेष प्रतियोगिता मंगलवार सुबह 9 बजे से होंगे।



### कोई भी खिलाड़ी निशुल्क ले सकता है प्रशिक्षण

विद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अजीत पाल गिल ने बताया कि प्रतियोगिता कराने का उद्देश्य शिक्षा विभाग की एक अनूठी पहल के तहत हुआ। वह यह कि शासकीय महाराणा प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जहांगीराबाद जो एक नोडल सेंटर के रूप में स्थापित है, यहां भोपाल जिले का कोई भी ताइक्वांडो खिलाड़ी आकर निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए यहां दो कोच नितिन जायसवाल एवं जितेंद्र जायसवाल तैनात हैं, जो ताइक्वांडो में नेशनल मैडल जीत चुके हैं।

### प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे

**22 से 24 किलो वजन समूह**
कॉर्मल कान्वेंट की अंशिका कुमारी स्वर्ण, बाल भारती की अनुष्का गोस्वामी ने सिल्वर, फादर एंजल स्कूल की अनिक वर्मा एवं मानसी दांगी ने कांस्य पदक पदक प्राप्त किया।

**24 से 26 किलोग्राम वजन समूह बालिका वर्ग**
कमला देवी पब्लिक स्कूल की मनीषा गौर ने स्वर्ण, महाराणा प्रताप नोडल की निशा अली ने सिल्वर,फादर आग्नील एवं कॉर्मल कॉन्वेंट की इतिशा खान एवं जानव आनंद ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक प्राप्त किया।

**26 से 29 किलोग्राम वजन समूह**
कार्मेल कान्वेंट के अर्पण वर्मा ने स्वर्ण, बाल भारती की दिव्यांशी चौहान ने सिल्वर, आईईएस की दिव्यांशी एवं द संस्कार वैली की वैदेही ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

**बालकों के 18 से 20 किलोग्राम वजन समूह**
कल्याणी पब्लिक स्कूल के ने स्वर्ण, समर वीर सक्सेना ने सिल्वर, सेंट फ्रांसिस के वरुण चौधरी एवं गौरव आर्य सिल्वर बेल ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

**20 से 22 किलोग्राम वजन समूह**
आईईएस के यथार्थ ने स्वर्ण, एसपीए के हार्दिक कुमार ने सिल्वर,सेंट पॉल के समर्थ खरे एवं फादर आग्नील स्कूल के समन्वय ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

**24 से 26 किलोग्राम वजन समूह**
सेंट मैरी स्कूल के शील शर्मा ने स्वर्ण, एमजीएम के हर्ष ने सिल्वर, बाल भारती के नमन एवं कमला देवी पब्लिक स्कूल के पंकज डांगी ने कांस्य पदक प्राप्त किया।




स्पिक मैके भोपाल चैप्टर ने किया शास्त्रीय नृत्य गुरुओं की परिचर्चा का आयोजन

# नृत्य एक साधना, पूरा जीवन करना पड़ता है समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर विभिन्न शास्त्रीय नृत्य गुरुओं ने एक परिचर्चा में अपने विचार रखते हुए कहा कि नृत्य हमारे संस्कारों की परंपरा है, हम सौभाग्यशाली हैं कि बच्चे नृत्य सीख रहे हैं और कलाओं से जुड़ रहे हैं। स्पिकमैके भोपाल चैप्टर द्वारा आयोजित नृत्य अनुबोध के अन्तर्गत नृत्य भविष्यः परंपराओं का विकास और सीमाओं का विस्तार विषय पर नृत्य गुरुओं का विमर्श हुआ।





## नृत्य में लगातार चल रहे नवाचार

सभी नृत्य गुरुओं ने अपनी नृत्य यात्रा बताते हुई उन चुनौतियों का उल्लेख किया जिनका उन्हें सामना करना पड़ा। उनका ये भी मत था कि नृत्य में लगातार नवाचार चल रहे हैं और चलना भी चाहिए

## नृत्य को मंदिरों ने बहुत प्रोत्साहित किया और संरक्षण दिया

उनका ये भी मत था कि नृत्य का भौगोलिक विभाजन भी महत्त्वपूर्ण है जिसे मंदिरों ने बहुत प्रोत्साहित किया और संरक्षण दिया। नृत्य और वाद्य की हमे वैसे ही सेवा करना होगी जैसी हम ईश्वर की करते हैं। सभी ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि शास्त्रीय नृत्यों को स्कूलों में एक प्रोजेक्ट की तरह लिया जा रहा है और पूरे 100 नंबर देने का दबाव रहता है।

## ये रहे मौजूद

आयोजन सचिव रश्मि सारस्वत ने कहा कि ऐसे विमर्श को आगे बढ़ाने और निरंतरता के लिए डांस टीचर्स फ़ोरम भी बनाया जाएगा, जिसके तहत नवोदित कलाकारों को भी प्रोत्साहन हेतु मंच प्रदान किया जाएगा। नृत्य अनुबोध में कथक, भरतनाट्यम, मोहिनीअट्टम और कुचिपुड़ी के नृत्य गुरु मौजूद थे जिनके नाम हैं डॉ लता मुंशी, अल्पना वाजपेयी, मंजुमणि हतवलने, शाजी एम, प्रदीप कृष्णन कलांजलि, श्वेता देवेंद्र, कविता शाजी और क्षमा मालवीय।

बना रखा है दर्शकों के दिलों में खास स्थान

# सोनी मैक्स-2 ने यादगार सफर के साथ पूरा किया एक दशक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोनी मैक्स 2 ऐसा चैनल है, जो हमें भारतीय सिनेमा के उस सुनहरे युग में ले जाता है, जिसमें एक से बढ़कर एक प्रतिष्ठित फिल्में शामिल हैं। वो फिल्में, जिन्होंने अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र, हेमा मालिनी जैसे कई अन्य सितारों को वास्तव में सितारा बनाया। ये सदाबहार फिल्में समय की कसौटी पर खरी उतरी हैं, जिन्हें विभिन्न पीढ़ियों द्वारा पसंद किया जाता रहा है। इनमें से प्रत्येक सदाबहार फिल्म को चैनल सिनेमा प्रेमियों के जुनून को पूरा करने के उद्देश्य से सावधानीपूर्वक चयनित और क्यूरेट करता है।

## सदाबहार फिल्में और संगीत याद आता रहेगा

ये फिल्में अपनी सदाबहार धुनों और रोमांटिक कहानियों के साथ हमारे दिलों में विशेष स्थान रखती हैं। चाहे वह सूर्यवंशम का सदाबहार आकर्षण हो या फिर शान, सत्ते पे सत्ता, सड़क, और मिस्टर नटवरलाल जैसी प्रतिष्ठित क्लासिक्स। सोनी मैक्स 2 को प्रत्येक फिल्म प्रेमी के लिए सिनेमाई रत्नों के खजाने की पेशकश करने के लिए जाना जाता है। जैसा कि सोनी मैक्स 2 दर्शकों के मनोरंजन के एक दशक के सफर का जश्न मना रहा है, ऐसे में प्रमुख बॉलीवुड और टेलीविजन अभिनेताओं ने इस उपलब्धि और हिंदी सिनेमा के प्रति उनके स्थायी प्रेम के बारे में अपने विचार व्यक्त किए हैं। अंजलि तत्रारी ने कहा, विश्वास नहीं हो रहा कि इसे 10 वर्ष पूरे हो गए। सोनी सब के वंशज में युविका का किरदार निभा रही हैं। अंजलि ने कहा कि सोनी मेरे पास इस चैनल पर फिल्में देखने की बहुत सारी सुनहरी एवं खट्टी-मीठी यादें हैं,।

पारंपरिक कला को आधुनिकता से जोड़ने के लिए तैयार किए डिजाइनर शूज, अब रैंप पर लाने की योजना

# फैशन डिजाइनर मुमताज ने जरी-जरदोजी से डिजाइन किए पार्टी वियर स्पोर्ट्स शूज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल अपनी पारंपरिक कला के लिए विश्वप्रसिद्ध है, भोपाल के ताल, हरियाली के साथ साथ यहां के बने जरी जरदोजी के बटुए भी विश्व प्रसिद्ध हैं। ऐसी ही भोपाल की पहचान जरी जरदोजी का अपग्रेडेट फार्म के रूप में इसे स्पोर्ट्स शूज में उतारा है जाने माने फैशन डिजाइनर मुमताज खान ने। मुमताज ने स्पोर्ट्स शूज को भोपाल के पारंपरिक शिल्प जरी-जरदोजी कढ़ाई से सजाकर उन्हें शादी की पोशाक और महिलाओं के लिए पार्टी वियर का हिस्सा बना दिया है।

## कार्यक्रमों में स्पोर्ट्स शूज पहनना लगता है अटपटा

मुमताज का कहना है कि मेरा उद्देश्य इस पारंपरिक कला को आधुनिकता के साथ जोड़कर संरक्षित करने में मदद करना है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर जरी-जरदोजी कढ़ाई का काम कपड़ों, बैगों और बटुआ (महिलाओं के पर्स) पर किया जाता है। पुराने समय में यह पेशावरी (शाही) सैंडल या जूतियों पर भी किया जाता था, जिनका उपयोग राजघरानों द्वारा किया जाता था। नये रूप के साथ यह फिर से प्रचलन में आ सकते हैं। लेकिन अब ट्रेंड बदल चुका है और अब वूमंस स्पोर्ट्स शूज में काफी रिलेक्सड फील करती हैं लेकिन शादी समारोह में स्पोर्टस शूज पहनना अपने आप में अटपटा है। इसलिए कारीगरी से इन डिजाइनर शूज को तैयार किया।



## क्यों न स्पोर्ट्स शूज को ग्लैमरस और स्टाइलिश फुटवियर में बदल जाए....

मुमताज खान ने बताया कि मेरी एक महिला ग्राहक शीबा परवेज केवल स्पोर्ट्स शूज में ही सहज महसूस करती हैं। उनके बेटे की शादी होने वाली थी और मैंने उनके बेटे और



घरवालों की पोशाक डिजाइन की थी, लेकिन शादी के लिए डिजाइनर पोशक के साथ स्पोटर्स शूज पहनना थोड़ा अटपटा सा था, तभी मेरे मन में विचार आया कि क्यों ना स्पोर्ट्स शूज को ग्लैमरस और स्टाइलिश फुटवियर में बदल दिया जाए। मैंने स्पोर्ट्स शूज की एक जोड़ी पर जरी-जरदोजी का काम करने का फैसला किया। मैंने यह कर लिया और महिला को मेरा यह नवाचार काफी पसंद आया। वहीं शीबा परवेज ने बताया कि डिजाइनर जूते आरामदायक होने के साथ आउटफिट के साथ बहुत जंच रहे थे। बाद में अपनी बहू और बेटी के लिए भी ऐसे ही जूते बनवाए, जिन्हें वे पार्टियों और सामाजिक कार्यक्रमों में पहनते हैं।

## फैशन शो में इन शूज में रैंप वॉक की बना रहे हैं योजना

इसकी निर्माण प्रक्रिया के बारे में खान कहते हैं कि जरी-जरदोजी स्पोर्ट्स शूज की एक जोड़ी तैयार करने में लगभग एक सप्ताह का समय लगता है। हम सबसे पहले शूज का ऊपरी आवरण ओपन करते हैं और उस पर जरी जरदोजी कढ़ाई का काम करते हैं। फिर सुनहरी जरी का उपयोग करके कवर को वापस सिला जाता है। इसके बाद लेस पर हैंगिंग्स लगाकर और उसे सजाकर शूज को फिर से पेस्टिंग की जाती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार जरी जरदोजी का काम करने वाले कारीगरों को अधिक काम दे सकते हैं। इस अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए वह माडल्स को फैशन शो में ये जूते पहनाकर रैंपवाक की योजना बना रहे हैं। खान कहते हैं कि भविष्य में स्पोर्ट्स शूज पर जरी-जरदोजी का काम करने के लिए बाग प्रिंट को आधार के रूप में प्रयोग करूंगा। उल्लेखनीय है कि जरी-जरदोजी भोपाल का पारंपरिक कला शिल्प है। राज्य सरकार ने इसे एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) घोषित किया है।

# कच्छ का बीड वर्क करो और सीखो का पंजीयन कल से



**भोपाल** । मानव संग्रहालय की बच्चों, गृहणियों और विद्यार्थी वर्ग के मध्य लोकप्रिय संग्रहालय शैक्षिणक कार्यक्रम श्रृंखला करो और सीखो 1 मई से प्रारंभ हो रही है।

8 मई तक आयोजित इस वर्कशाप में कच्छ गुजरात का बीड वर्क सिखाया जाएगा, कच्छ में रबारी समुदाय की महिलाओं द्वारा लाल, पीले, हरे और नीले रंगीन कांच के मोतियों का उपयोग करके हार, झुमके और हेड कवर से लेकर पर्स, कोस्टर, वॉल हैंगिंग और बैलेंस बनाते हैं। कच्छ में मनके आभूषण महिलाओं के पहनावे का हिस्सा हैं। इस कार्यक्रम में स्थान सीमित है, और प्रशिक्षार्थियों का चयन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। कार्यक्रम का पंजीयन शुल्क रू. 500/- (प्रति व्यक्ति) प्रति कार्यक्रम है। आयु सीमा 12 वर्ष से अधिक होना चाहिए।

सार्थक वूमेन पावर वेलफेयर सोसाइटी का आयोजन

# कुष्ठ रोग आश्रम में राशन सामग्री वितरित



**भोपाल।** सार्थक वूमेंस पावर वेलफेयर सोसाइटी द्वारा गांधीनगर स्थित महात्मा गांधी कुष्ठ आश्रम में सार्थक टीम के सहयोग से कुष्ठ रोगियों को राशन सामग्री जिसमें दाल, चावल, आटा, तेल, नमक, मिर्च एवं अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस आश्रम में लगभग 50 कुष्ठ रोगी निवासरत हैं और यह स्वयं अपना भोजन बनाते हैं। इसको देखते हुए उनको सार्थक टीम द्वारा सेवा समर्पण एवं सद्भभाव दारिद नारायण सेवा को ध्यान में रखते हुए कुष्ठ रोगों की सेवा का संकल्प लिया गया। सार्थक टीम लगातार 5 वर्षों से गरीब बस्तियों में स्वास्थ परिक्षण शिविर भोजन सामग्री, पढ़ाई सामाग्री एवं राशन का वितरण करती आ रही है। इस अवसर पर सोसायटी की अध्यक्ष दीपाली तिवारी समेत श्रद्धा दुबे, शालिनी अग्निहोत्री, स्वपलनिल दुबे, बंदना पांडे, सपना पवार, श्वेता चेनिया, वरिष्ठ समाज सेवी दीपक दुबे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



प्रतिभालय आर्ट्स अकादमी में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# मानव शरीर की सुंदरता, गति की ऊर्जा और विषय के जुनून को जोड़ती है नृत्य फोटोग्राफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर प्रतिभालय आर्ट्स अकादमी में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस फोटोग्राफी फॉर डांस की कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों को नृत्य फोटोग्राफी की जानकारी देते हुए विशाल हतवलने ने बताया कि, नृत्य फोटोग्राफी एक बहुत ही विचारोत्तेजक शैली हो सकती है। यह कुछ अद्भुत परिणाम उत्पन्न करने के लिए दो कला रूपों को एक साथ लाती है। यह मानव शरीर की सुंदरता, गति की ऊर्जा और विषय के जुनून को जोड़ती है।

## नृत्य के माध्यम से एक विचार प्रस्तुत करने की कला कोरियोग्राफी

कार्यशाला के दूसरे दिन वरिष्ठ भरतनाट्यम गुरू एवं कोरियोग्राफर डॉ. मंजू मणि हतवलने ने, कोरियोग्राफी इन डांस ड्रामा पर एक परिचर्चा सत्र रखा जिसमें नृत्य नाटिकाओं के लिए कोरियोग्राफी कैसी होनी चाहिए इसकी जानकारी साझा की। मंजू ने बताया कि, कोरियोग्राफी नृत्य के माध्यम से एक विचार प्रस्तुत करने की कला है। कोरियोग्राफी का मतलब विचारों को प्रस्तुत करने के लिए संगीत के साथ समन्वित शारीरिक गतिविधियों की एक श्रृंखला बनाना है। भागवत मेलम, अंकीयानाट, कूडीआट्टम आदि के बारे में जानकारी दी।




# इनर व्हील क्लब ऑफ भोपाल राइज़ ने गरीब बच्चों के लिए आयोजित की एक स्पेशल पार्टी



**भोपाल** । इनर व्हील क्लब ऑफ भोपाल राइज़ ने सोमवार को पंचवटी कॉलोनी, एयरपोर्ट रोड पर एक बच्चों की पार्टी का आयोजन किया और गरीब बच्चों को मुस्कान और आनंद से भरा दिन दिया। इस कार्यक्रम में म्यूज़िकल चेयर्स और लेमन स्पून रेस जैसे खेलों का आयोजन किया गया, जहां बच्चों ने बहुत उत्साह के साथ भाग लिया और विजेताओ को पुरस्कार भी मिला। खेलों के बाद, एक अंतर्क्रियात्मक सेशन आयोजित किया गया जहां क्लब के सदस्यों ने बच्चों से सवाल करते हुए उनके साथ स्वास्थ्य, पर्यावरण, व्यक्तिगत स्वच्छता, और शिक्षा के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किया। जिसके साथ ही केक कटिंग सेरेमनी भी की गई।

# 101 संकट मोचन संगीत समारोह में अनुराधा की कथक प्रस्तुति आज

**भोपाल।** वाराणसी के प्रसिद्ध संकट मोचन संगीत समारोह के 101वां वर्ष में शहर की अन्तर्राष्ट्रीय कथक नृत्यांगना वी. अनुराधा सिंह एकल कथक की 2 घंटे की प्रस्तुति मंगलवार को सायं 7.30 बजे देंगी, जिसका सीधा प्रसारण संकट मोचन संगीत समारोह के फेसबुक से होगा। अनुराधा के सहयोगी कलाकार उ. सलीम अल्लावाले, अमिन मलिक, जाकिर हुसैन आदि होंगे। यह अतिप्रतिष्ठा समारोह 27 अप्रेल से 2 मई तक होगा, जिसमें विश्व विख्यात कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन हनुमत दरबार मंदिर परिसर में कर अपनी हाजिरी लगाएंगे। उल्लेखनीय है कि 2022 में भी वी.अनुराधा सिंह के कथक ने संकट मोचन संगीत समारोह में अति प्रशंसा अर्जित की थी।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930